आश्विन शुक्ल पक्ष अष्टमी 12:07 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 326, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अमेरिका से लेकर ब्रिटेन तक टाटा को श्रद्धांजलि 14

नडाल के साथ विदा होगा एक युग 13














# ॥ भावपूर्ण श्रध्दांजलि ॥



## रतन नवल टाटा

1937 - 2024

Radisson®
BAREILLY
Plot No. 772, Central Pilibhit Road,
Mudia Ahmed Nagar, U.P.
Mehttab Siddhiqui (Managing Director)

ramaa shyama
Eco Kraft Paper
रामा श्यामा पेपर्स प्रा. लि.
रजऊ परसपुर, लखनऊ रोड, फरीदपुर, बरेली
अभिनव अग्रवाल डायरेक्टर

श्री रतन टाटा जी को शत्-शत् नमन !
SGI
सुपीरियर इण्डस्ट्रीज
निदेशक
अमित महर्षि
रामपुर रोड, सी.बी. गंज, बरेली

श्री रतन टाटा जी को शत्-शत् नमन!
GURU PRASAD
गुरु प्रसाद बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन
इंजी. अतिकाय सिंह
डायरेक्टर
उद्यमी एवं बिल्डर
ऑफिस : रामपुर गार्डन कार बाजार चौराहा, बरेली। मो. 8869092549

श्री रतन टाटा जी को शत्-शत् नमन!
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
मो. 9045849322
डॉ. आशीष सक्सेना
एम.बी.बी.एस., एम.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस.
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन

PATEL FOAM
पर्दे ही पर्दे
एवं फर्नीचर ही फर्नीचर
(Specialist for Hotel and Hospitality)
M. 9761544084, 8923053857
100 Futa Road, Bareilly

नाइस चिकित्सालय
डायबिटीज | पित्त की पथरी | गुर्दे की पथरी
मिलने का समय: सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

TATA
TATA MOTORS
भारत के अनमोल रत्न
श्री रतन टाटा जी को शत्-शत् नमन !
-: अधिकृत डीलर :- ग्रोवर मोटर्स
स्वाले नगर, ,रामपुर रोड, बरेली।

Radhika
Saree & Suits
साड़ी | लहंगा | सूट | ड्रेस
ए-27, प्रियदर्शनी नगर, पीलीभीत रोड,
निकट एच.डी.एफ.सी. बैंक रामजानकी मन्दिर रोड, जनकपुरी, बरेली
8126997245 8534997245

प्रो. दिनेश गंगवार श्री लक्ष्मी गणेश मो. 9457572602
महादेव ट्रेडर्स
हमारे यहाँ सभी ब्राण्डेड कम्पनियों
जैसे मुर्गाछाप, डक, स्टैन्डर्ड
इत्यादि ब्राण्डों के पटाखे मिलते है।
एम. बी. इण्टर कॉलेज, बरेली।

SUBHANSH
SEWA HOSPITAL
Dohra Road, Bareilly
डॉ. प्रदीप कुमार
वरिष्ठ एक्यूपंक्चर (MD)
एवं दर्द रोग विशेषज्ञ
एक्यूपंक्चर उपचार हेतु जानकारी के लिए अभी संपर्क करें
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें
05813583389, 9719769961

AdEvent Media
A Complete Event & Media Solution
Vivek Shukla, Founder
Hazrat Ganj, Lucknow (U.P.)

आश्विन शुक्ल पक्ष अष्टमी 12:07 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 326, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पृथ्वी जैसे जीवनयोग्य ग्रहों का पता लगाना होगा आसान 14

70 बरस की हुई रेखा, 1966 में आई थी पहली फिल्म 13

## गठबंधन के तहत ही सपा कांग्रेस लड़ेंगे उपचुनाव



- अखिलेश यादव ने अटकलों पर लगाया विराम कांग्रेस को सीट मिलना तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में 10 सीट के लिए होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस को सीटें न देने की चल रहीं अटकलों पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने विराम लगाया है। उन्होंने गुरुवार को उप चुनाव को लेकर तो कुछ नहीं कहा, लेकिन स्पष्ट किया कि उप्र. में सपा और कांग्रेस का गठबंधन जारी रहेगा। ऐसे में उप चुनाव में कांग्रेस को कुछ सीटें मिलने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

अखिलेश यादव, सैफई में अपने पिता और सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।

मालूम हो कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सपा को एक भी सीट नहीं दी थी। इसके बाद जैसे ही सपा ने उप चुनाव के लिए 6 उम्मीदवारों की घोषणा की तो ऐसी अटकलें तेज हो गयी थीं कि अखिलेश भी यहां कांग्रेस को सीट नहीं देंगे।

## दक्षिण कोरिया की हान कांग को साहित्य का नोबेल



**स्टाकहोम।** इस वर्ष साहित्य के नोबेल पुरस्कार के लिए दक्षिण कोरियाई लेखिका हान कांग (53) को चुना गया है। स्वीडिश अकादमी की नोबेल समिति के स्थायी सचिव मैट्स माल्म ने गुरुवार को इस पुरस्कार की घोषणा की। नोबेल समिति के अनुसार हान कांग के गहन काव्यात्मक गद्य के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। कांग को 2016 में उनकी कृति द वेजिटेरियन के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। द वेजिटेरियन एक उपन्यास है।

# एक युग का अंत : रतन टाटा पंचतत्व में विलीन

- मुंबई में पूरे राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

मुंबई, एजेंसी

प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का अंतिम संस्कार गुरुवार शाम मध्य मुंबई स्थित एक शवदाह गृह में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। मुंबई पुलिस ने उन्हें श्रद्धांजलि और गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

वर्ली स्थित शवदाह गृह में टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा समेत उनके परिवार के सदस्य और टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन समेत शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। शवदाह गृह में मौजूद एक धर्म गुरु ने बताया कि अंतिम संस्कार पारसी परंपरा के अनुसार किया गया। पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा (86) का बुधवार रात शहर के एक अस्पताल में निधन हो गया।



रतन टाटा की अंतिम विदाई के मौके पर मौजूद केंद्रीय गृहमंत्री शाह व अन्य।

### मार्गदर्शन करती रहेगी उनकी विरासत : शाह

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा की विरासत लंबे समय तक देश के औद्योगिक क्षेत्र का नेतृत्व करने वालों का मार्गदर्शन करती रहेगी। शाह ने मुंबई में रतन टाटा को श्रद्धासुमन अर्पित करने तथा उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद सोशल मीडिया पर यह बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से भी रतन टाटा के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। कहा कि रतन टाटा ईमानदारी के प्रतीक के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे।

### श्रद्धांजलि देते समय रो पड़े पीयूष गोयल

मुंबई। केंद्रीय मंत्री एवं उत्तर मुंबई से लोकसभा सांसद पीयूष गोयल गुरुवार को दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते समय रो पड़े। गोयल, टाटा के साथ बिताए अपने समय को याद करते हुए भावुक हो गए और कहा कि उनका आम से लेकर खास लोगों के प्रति प्यार और समर्पण ने उन्हें हजारों लोगों के दिलों का मसीहा बना दिया। उन्होंने कहा कि वह एक बार मुंबई में नाश्ते के लिए हमारे घर आए थे, तो हमने केवल साधारण इडली, सांभर, डोसा परोसा था, लेकिन उन्होंने बहुत सराहना की।




# विश्व में संघर्षों और तनाव के समय भारत-आसियान मित्रता महत्वपूर्ण

## लाओस में आसियान शिखर सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

- कहा-हमारे ऐतिहासिक संबंधों को मिली नई ऊर्जा, दिशा और गति

विएंतियान (लाओस), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि ऐसे समय में जब विश्व के कई हिस्से संघर्ष और तनाव का सामना कर रहे हैं, भारत-आसियान मित्रता बहुत महत्वपूर्ण है। यहां 21वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने 10 साल पहले एक्ट ईस्ट नीति की घोषणा की थी और पिछले दशक में इसने भारत और आसियान देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को नई ऊर्जा, दिशा और गति दी है। भारत-आसियान शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब क्षेत्र में दक्षिण चीन सागर में समुद्री मुद्दों को लेकर फिलीपीन और चीन के बीच तनाव है तथा म्यांमा में संकट है, जहां जातीय समूह सैन्य शासन से संघर्ष कर रहे हैं।

मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि 21वीं सदी, जिसे एशियाई सदी भी कहा जाता है, भारत की और आसियान देशों की सदी है। उन्होंने कहा कि भारत-आसियान मैत्री, समन्वय वार्ता और सहयोग ऐसे समय में बहुत महत्वपूर्ण है जब विश्व के कई हिस्से संघर्ष और तनाव का सामना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और आसियान देश पड़ोसी हैं और वैश्विक दक्षिण में साझेदार हैं। उन्होंने कहा कि हम शांतिप्रेमी देश हैं और एक दूसरे की राष्ट्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करते हैं तथा क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। मोदी ने कहा कि आसियान की केंद्रीयता को ध्यान में रखते हुए भारत ने 2019 में हिंद-प्रशांत महासागर पहल शुरू की थी। उन्होंने कहा कि पिछले साल, क्षेत्रीय सुरक्षा एवं स्थिरता के लिए समुद्री अभ्यास शुरू किए गए।



आसियान शिखर सम्मेलन में ऑस्ट्रेलियाई प्रधान मंत्री अल्बानीज़, बाएं और लाओस के प्रधान मंत्री सिपांडोन के साथ प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

### जल से लेकर अंतरिक्ष तक पहुंचा हमारा सहयोग

मोदी ने कहा कि आज हमारा सहयोग जल से लेकर अंतरिक्ष क्षेत्र तक पहुंच गया है और हमारी साझेदारी पिछले दशक में अधिक व्यापक हो गई है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत-आसियान शिखर सम्मेलन फलदायी रहा। हमने इस बारे में चर्चा की कि भारत और आसियान के बीच समग्र रणनीतिक साझेदारी को और कैसे मजबूत किया जाए। हम व्यापार संबंधों, सांस्कृतिक संबंधों और प्रौद्योगिकी, कनेक्टिविटी तथा ऐसे अन्य क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने की आशा करते हैं।

### जन केंद्रित प्रयास विकास साझेदारी की बुनियाद

प्रधानमंत्री ने कहा कि जन-केंद्रित प्रयास भारत और आसियान के बीच विकास साझेदारी की बुनियाद हैं। मोदी ने कहा कि आसियान क्षेत्र के 300 से अधिक छात्रों को नालंदा विश्वविद्यालय से छात्रवृत्ति मिली है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी लाओस, कंबोडिया, वियतनाम, म्यांमा और इंडोनेशिया की साझा धरोहर के संरक्षण में भी कारगर रही है। मोदी ने कहा कि कोविड महामारी हो या प्राकृतिक आपदाएं हों, हमने हमारी मानवीय जिम्मेदारियों को पूरा करते हुए एक दूसरे की मदद की है। उन्होंने कहा कि भारत और आसियान ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी कोष, डिजिटल कोष और हरित कोष स्थापित किया है तथा नई दिल्ली ने इन पहलों में 30 करोड़ डॉलर से अधिक का योगदान दिया है।

## एक नजर

### महानवमी पर उप्र. में आज सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ।** महानवमी पर शुक्रवार को प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न संगठनों की मांग पर नवमी के अवसर पर 11 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की। आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य विभागों में अब शुक्रवार के साथ दशहरे पर शनिवार को भी सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इसके पहले परिषदीय स्कूलों में अवकाश की सूचना शिक्षा निदेशालय ने जारी की थी।

### सोना तस्करी : राष्ट्रपति को पत्र भेजेंगे राज्यपाल

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने गुरुवार को कहा कि वह राज्य में एक हवाई अड्डे के माध्यम से बड़े पैमाने पर सोने की तस्करी को लेकर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के बयान के संबंध में राष्ट्रपति को पत्र भेजने के लिए जानकारी जुटा रहे हैं।

## दिल्ली से 2,000 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली से 2,000 करोड़ रुपये मूल्य की 200 किलोग्राम कोकीन जब्त की है जो एक सप्ताह में बरामद की गई मादक पदार्थों की दूसरी बड़ी खेप है। एक अधिकारी ने गुरुवार की शाम को बताया कि इससे पहले दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर से 5,000 करोड़ रुपये मूल्य के 562 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए गए थे और हाल में बरामद कोकीन का संबंध भी महिपालपुर से जब्त मादक पदार्थों से होने का संदेह है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी दिल्ली के रमेश नगर इलाके में छापे मारे जा रहे हैं।

## हिज्ब-उत-तहरीर को किया गया प्रतिबंधित

**नई दिल्ली।** सरकार ने इस्लामी समूह हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) को गुरुवार को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया क्योंकि इसका उद्देश्य जिहाद और आतंकवादी गतिविधियों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर इस्लामी देश और खिलाफत स्थापित करना है। वैश्विक इस्लामी समूह एचयूटी 1953 में यरुशलम में बना था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि एचयूटी युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के लिए धन जुटाने में संलिप्त है।

# नई बिजली दरें घोषित नहीं हुई कोई बढ़ोतरी

- सरकार से उप्र पावर कॉरपोरेशन को 17,511 करोड़ की सब्सिडी
- तीन किलोवाट के उपभोक्ता भी ले सकेंगे थ्री फेस का कनेक्शन
- स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर बिजली काटने-जोड़ने का शुल्क खारिज
- नोएडा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को मिलती रहेगी 10 प्रतिशत की छूट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने गुरुवार को नई बिजली दरें घोषित कर दीं। आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व सहायक निगमों की ओर से वर्ष 2024-25 के लिए दरें बढ़ाने पर जोर दिए जाने के बावजूद पांचवें साल भी किसी भी श्रेणी की दरों में बढ़ोतरी नहीं की है।

अब तीन किलोवाट के उपभोक्ता भी थ्री फेस का बिजली कनेक्शन ले सकेंगे। आयोग ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर बिजली काटने व जोड़ने के लिए प्रस्तावित शुल्क खारिज कर दिया है। नोएडा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 10 प्रतिशत की छूट जारी रहेगी। सरकार ने ग्रामीण व नलकूप किसानों को राहत देने के लिए पावर कॉरपोरेशन को 17,511 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने की व्यवस्था दी है। नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह ने नई बिजली दरों की घोषणा करते हुए कहा कि पांचवें साल भी प्रदेश में बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। पावर कॉरपोरेशन ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर कनेक्शन जोड़ने व काटने पर 50 रुपये वसूल करने व उपभोक्ताओं को मोबाइल पर सूचना देने के लिए 10 रुपये एसएमएस शुल्क का प्रस्ताव दिया था, जिसे आयोग ने खारिज कर दिया है।



### दरों में कमी के लिए जल्द दाखिल होगी याचिका

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने बिजली दरें न बढ़ाए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि बिजली उपभोक्ताओं का कंपनियों पर सरप्लस निकल रहे 33,122 करोड़ के एवज में दरों में कमी किए जाने का तर्क दिया गया था, पर इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। दरों में कमी के लिए आयोग में शीघ्र ही पुनर्विचार याचिका दाखिल की जाएगी।

## एक्सईएन एसडीओ और जेई निलंबित

- गलत बिजली बिल आने पर युवक ने कर ली थी आत्महत्या
- ऊर्जा मंत्री ने दिए जेई एसडीओ पर एफआईआर कराने के आदेश

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार :** अचलगंज थाना क्षेत्र के कुशलपुर निवासी युवक के बिजली का बिल अधिक आने से दुखी होकर आत्महत्या किए जाने पर ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने मामले में दोषी अधिशासी अभियंता (एक्सईएन), एसडीओ व जेई को निलंबित करने के साथ एसडीओ और जेई पर रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने इसकी जानकारी एक्स पर दी।

अचलगंज थाना क्षेत्र के गांव वैसाना के मजरा कुशलपुर निवासी शुभम (30) पुत्र महादेव बुधवार सुबह घर से बिना बताए कहीं चला गया था। देर तक न लौटने पर परिजन उसे तलाश करने निकले तो उसका शव घर के बगल में मवेशियों के लिए भूसा भरने वाली कोठरी में दुपट्टे से लटका मिला था। पुलिस जब घर पहुंची तो पता चला कि उसके घर का बिजली बिल बीते माह एक लाख नौ हजार 21 रुपये आया था। इस बिल को ठीक कराने के लिए उसे रिश्वत तक देनी पड़ी। रिश्वत देने के बाद ही बिल संशोधित हुआ और उसने 16 हजार रुपये जमा किए। लेकिन इस माह फिर विभाग ने 8000 का बिल भेज दिया। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी को शुभम के पिता महादेव ने बताया कि शुभम मजदूरी कर परिवार पालता था। घर में दो बल्ब, एक पंखा, एक एलईडी टीवी है। इसके बावजूद इतना बिल आना समझ से परे है। इस बात से शुभम परेशान था। दुखी होकर उसने आत्महत्या कर ली। गुरुवार को ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने मामले का संज्ञान लिया और एक्स अकाउंट पर इस घटना पर दुख जताया और लिखा कि पीड़ित परिवार के प्रति उनकी संवेदना है। इस घटना से वह स्तब्ध हैं और कार्रवाई की जानकारी दी। ऊर्जा मंत्री ने जिलाधिकारी गौरांग राठी व विद्युत विभाग के अधिकारियों से भी बात की। इसके बाद अधिशासी अभियंता-2 गोकुल बाबा सूर्योदय कुमार वर्मा, बंथरा के एसडीओ रवि यादव व अचलगंज उपकेंद्र के जेई आशीष सिंह को निलंबित कर दिया। उन्होंने एसडीओ व जेई पर रिपोर्ट दर्ज कराने के भी आदेश दिए हैं।

## इलाज के लिए मां-बाप ने बच्ची की चढ़ा दी बलि

- दंपती को पुलिस ने किया गिरफ्तार, कुबूला जुर्म

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में पुलिस ने बीमारियों के इलाज के लिए एक तांत्रिक की सलाह पर अपनी ही एक महीने की बच्ची की बलि देने के आरोप में एक दंपती को गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) आदित्य बंसल ने गुरुवार को बताया कि गोपाल कश्यप और उसकी पत्नी ममता को बुधवार रात भोपा थाना क्षेत्र के बेलदा गांव में अपनी ही बच्ची की हत्या के मामले में हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपनी बच्ची की हत्या का जुर्म कुबूल कर लिया। बंसल के मुताबिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि ममता काफी समय से बीमार थी और एक तांत्रिक ने सलाह दी थी कि अगर बीमारियों से छुटकारा पाना है तो अपनी ही एक माह की बच्ची की बलि देनी होगी। इस पर दंपती ने बच्ची की बलि देकर उसका शव जंगल में छुपा दिया था। पुलिस दंपती के बयान के आधार पर बच्ची के शव की तलाश कर रही है। साथ ही हरेंद्र नामक उस तांत्रिक को भी पकड़ने की कोशिश की जा रही है जिसने उन्हें बीमारी के इलाज के लिए बच्ची की हत्या करने की सलाह दी थी।

## गन्ना समिति चुनाव के नामांकन में हंगामा

- बीसलपुर व पूरनपुर में नामांकन नहीं करने देने का आरोप
- मुरादाबाद में भी सपा समर्थकों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत/मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गन्ना समिति में संचालक पद के नामांकन के दौरान बीसलपुर एवं पूरनपुर में जमकर हंगामा हुआ। समिति का गेट बंद कर नामांकन कराने आए लोगों को रोके जाने से कई लोग पर्चे दाखिल नहीं कर सके। गुस्साए सपाइयों ने नामांकन प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाकर धरना-प्रदर्शन किया। नामांकन न होने पर मुरादाबाद में भी सपा समर्थकों ने जमकर हंगामा किया।

सहकारी गन्ना विकास समिति के संचालक पद के लिए गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। सुबह 10 बजे नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही बीसलपुर सहकारी गन्ना विकास समिति में आरोप लगने लगे कि कुछ डेलीगेटों के ही पर्चे लिए गए। समिति का गेट बंद कर अन्य डेलीगेटों को पर्चे लेने से रोक दिया। इस पर डेलीगेटों ने हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी पर सपा के पूर्व विधायक महीपाल सिंह समर्थकों के साथ पहुंचे। नामांकन प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाया। एसडीएम नागेंद्र पांडेय से भी शिकायत की। फिर भी डेलीगेटों को पर्चा दाखिल नहीं करने दिया। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि सत्ता के दबाव में धांधली की जा रही है। पूरनपुर में भी पर्चा दाखिल करने से रोका गया तो प्रत्याशी हंगामा करने लगे। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने समर्थकों के साथ धरना प्रदर्शन किया।

उधर, मुरादाबाद में भी गन्ना समिति के डायरेक्टर के पद के चुनाव में नामांकन स्थल की पुलिस घेराबंदी होने के कारण समाजवादी पार्टी समर्थक उम्मीदवार नामांकन ही नहीं कर सके। सपाई नामांकन स्थल के बाहर दिन भर हंगामा करते रहे। मुरादाबाद जनपद की मुरादाबाद, बिलारी और कांठ गन्ना समितियों के 11-11 डायरेक्टर पदों पर चुनाव होना है। सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के इशारे पर प्रशासन ने नामांकन पत्र लेने ही नहीं दिया।

## सेंट्रल जेल के कृषि फार्म से सुरक्षाघेरा तोड़कर कैदी फरार

- हत्या के जुर्म में काट रहा था उम्रकैद, नहीं लगा सुराग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हत्या के जुर्म में उम्रकैद काट रहा कैदी सेंट्रल जेल से सुरक्षा घेरा तोड़कर फरार हो गया। जेल की टीमों के साथ पुलिस देर रात तक उसकी तलाश में जुटी रही लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया।

जेल प्रशासन के मुताबिक हत्या के जुर्म में उम्रकैद काट रहे फतेहगंज पूर्वी के गांव खनी नवादा निवासी हरपाल (46) को जुलाई 2023 में जिला जेल से सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था। हरपाल ट्रैक्टर चलाना जानता था, इसलिए यहां उसे जेल के कृषि फार्म में काम पर लगा दिया गया था। गुरुवार को शाम 4 बजे वह कृषि फार्म में जुताई कर रहा था। इसी बीच वह भाग निकला। जेल के सिपाहियों ने उसका पीछा किया लेकिन हाथ नहीं आया। कैदी के भागने की सूचना से जेल प्रशासन में खलबली मच गई। जेल कर्मचारियों के साथ पुलिस भी हरपाल की तलाश करती रही लेकिन देर रात तक उसका पता नहीं चल पाया। सेंट्रल जेल के वरिष्ठ अधीक्षक अविनाश गौतम ने बताया कि कैदी की तलाश की जा रही है।

## विधायक को कुर्मी समाज और ओबीसी मोर्चा का समर्थन

### भाजपा के शहर विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ मारे जाने के मामले ने तूल पकड़ा

- आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े आंदोलन की दी चेतावनी
- व्यापारियों ने भी कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन का किया एलान

कार्यालय संवाददाता, खीरी

**अमृत विचार :** भाजपा के शहर विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ मारे जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कुर्मी समाज के लोगों और ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन होगा। व्यापारियों ने भी मोर्चा खोल दिया है। व्यापारी नेता राजू अग्रवाल को पीटने वाले आरोपियों के खिलाफ तीन दिन में कार्रवाई न होने पर बाजार बंद करने की चेतावनी दी है। व्यापारियों ने कोतवाली में तहरीर दी है। वहीं भाजपा प्रदेश महामंत्री ने बार संघ अध्यक्ष, उनकी पत्नी समेत चार नेताओं को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

बुधवार को अर्बन कोआपरेटिव बैंक में नामांकन के दौरान बवाल हो गया था। पुलिस की मौजूदगी में जिला बार संघ के अध्यक्ष भाजपा नेता अवधेश सिंह ने सदर विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ मार दिया। उनके समर्थकों ने भी विधायक से मारपीट की थी। विधायक की पिटाई से उनके समर्थकों में भारी आक्रोश है। गुरुवार को कुर्मी बिरादरी और ओबीसी मोर्चा के तमाम लोगों ने मुख्यमंत्री से मिलकर लौटे विधायक योगेश वर्मा से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए समाज के लोगों से शुक्रवार की सुबह नौ बजे बड़ी संख्या में विलोबी मैदान पहुंचने की अपील की है। उधर नामांकन कराने गए व्यापार मण्डल के प्रांतीय संगठन मंत्री राजू अग्रवाल के साथ मारपीट से व्यापारियों में भी रोष है। गुरुवार को बड़ी संख्या में व्यापारी कलेक्टेट पहुंचे और एडीएम को ज्ञापन देकर पुष्पा सिंह समेत सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके बाद व्यापारी पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल से मिले। व्यापारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि तीन दिनों में कार्रवाई नहीं की तो बड़ा आंदोलन करेंगे।

### दो दिन में मांगा जवाब

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने भाजपा की सक्रिय सदस्य पुष्पा सिंह, उनके पति और बार अध्यक्ष अवधेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव और ज्योति शुक्ला को नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब मांगा है।

## न्यायिक आयोग के सामने पेश हुआ बाबा नारायण हरि



- हाथरस भगदड़ में 121 लोगों की मौत के बाद चर्चा में आया था नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाथरस भगदड़ में तीन माह पहले 121 लोगों की मौत मामले में बाबा नारायण साकार हरि उर्फ सूरजपाल लखनऊ स्थित सचिवालय ( जनपथ) में न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए और अपना बयान दर्ज करवाया। इस दौरान कथित बाबा के सैकड़ों अनुयायी भी सड़कों पर इधर-उधर खड़े नजर आए। जिन्हें संभालने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। लगभग दो घंटे की पेशी के बाद वह निकल गए। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उनके वकील एपी सिंह ने कहा कि हमें राजेश यादव उर्फ फौजी पर षडयंत्र रचने का शक है। हमें राज्य सरकार और न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है।

अपने अनुयायियों के बीच भोले बाबा के नाम से प्रसिद्घ नारायण हरि गुरुवार को भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के साथ उन्हीं की सफेद रंग की फॉर्च्यूनर गाड़ी से न्यायिक आयोग पहुंचे।

शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma M.D., P.D.C.C. Critical Care Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्प्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशुल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208



शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only Course Code- 13 Recognized by Indian Nursing Council Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow College Code - 092
बी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow) College Code - 969
डी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to B.T.E. (Lucknow) College Code - 2065

कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244


# भक्तों ने घर-घर पूजीं माता महागौरी, कन्याभोज कराया

## मां यशवंतरी देवी, महामातेश्वरी देवी, दुर्गा मंदिर, शेरों वाली मठिया में रही भीड़, मैया के छंद गाए, रामनवमी आज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र के आठवें दिन घरों और मंदिरों में कन्याओं का पूजन कर भक्तों ने सुख-समृद्धि की कामना की। पीलीभीत के समस्त देवी मंदिरों में माता के अष्टम स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना हुई। व्रती लोगों ने विधि-विधान के साथ कन्या भोज भी कराया। भजन संध्या में मैया के छंद गाए गए। शुक्रवार को रामनवमी मनाई जाएगी। इस दिन भी कई घरों में कन्याभोज कराया जाएगा।

मां यशवंतरी देवी मंदिर, महामातेश्वरी देवी मंदिर, दुर्गा मंदिर, शेरों वाली मठिया समेत समस्त देवी मंदिरों में गुरुवार को महागौरी की आराधना की गई। भक्तों ने माता को सिंदूर, अक्षत, फूल, फल, मिठाई, धूप, दीप और नारियल चढ़ाया। साथ ही नारियल से बनी मिठाई का भोग लगाया। उन्हें प्रसन्न करने के लिए माता के मंत्रों का उच्चारण कर दीप जलाया। माता का भव्य श्रृंगार किया गया। घरों में भी पूजन किया गया। सुबह चार बजे से ही लोग कन्या पूजन की तैयारियों में जुट गए। मां की पूजा अर्चना की और कन्याओं को जिमाने के लिए हलवा, पूरी, सब्जी तैयार की। व्रती लोग कन्याओं को बुलाने के लिए उनके घरों में पहुंचने लग गए थे। छोटे-छोटे बच्चे गलियों में दिखाई देने लगे। बाल कन्याओं का पूजन कर जिमाया गया। उनके पैर धुलाकर, माथे पर तिलक लगाकर श्रद्धापूर्वक पूर्वक भोजन कराया। देर शाम आरती, हवन-पूजन और चालीसा के स्वर गूंजते रहे। महिला मंडलियों ने भजन कीर्तन कर मैया के भजन गाए तो कहीं भक्तों ने फलाहार बांटा।


दुर्गाष्टमी पर मां यशवंतरी देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


हवन-पूजन करके कन्याओं को जिमाया। ● अमृत विचार


माता रानी के भजन गाती महिलाएं। ● अमृत विचार

## दुर्गाष्टमी व शस्त्र पूजन कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर जोर

**पीलीभीत, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गावाहिनी की ओर से गुरुवार को दुर्गाष्टमी व शस्त्र पूजन कार्यक्रम संघ कार्यालय पर आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत महिषासुर मर्दिनी मां दुर्गा व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की गई। मुख्य अतिथि अनीता तिवारी रही। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर किरन सिंह सिसोदिया, उमा मिश्रा, सोनी पटेल, परमजीत कौर, प्रिंस गौड़, अनुज चौधरी, रक्षिता पटेल, काजल, अंजू गंगवार आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

## बच्चों को बताया पर्व का महत्व

**मझोला, अमृत विचार :** स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार को दुर्गाअष्टमी, श्रीराम नवमी व विजयदशमी का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि पिंकी मिश्रा, प्रधानाचार्य धनपाल सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कराई। संयोजक शालू, प्रीति ने छात्र छात्राओं को पर्व के बारे में जानकारी दी। पौराणिक कथाओं के जरिए छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया। श्री रामचंद्र की भव्य आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर आचार्य सियाराम वर्मा, रामवीर सिंह, अमित मण्डल, अमन पाठक, सुनीता, सुरेखा मौर्य, आरती शर्मा आदि मौजूद रहे।

## 12 को राज्यमंत्री कराएंगे मेले की शुरुआत

**मझोला, अमृत विचार :** कस्बे में विराट दशहरा मेला 12 अक्टूबर लगेगा। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार इसकी शुरुआत कराएंगे। दो दिवसीय मेले का आयोजन श्रीरामलीला मैदान में होगा। अंतिम दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक दुष्यंत सिंह चौहान की मौजूदगी में रावण दहन होगा। कई प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। प्रतियोगिताओं में सहभागिता के लिए पूर्व चेयरमैन अजय गोयल, चरणजीत सिंह से सम्पर्क किया जा सकता है।


Lifelines OF BAREILLY MEDICAL अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ADITYA
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के अपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

चरक हैल्थ केयर
चरक पैथलैब
डॉ. राकेश मिश्रा
(MD, Dip Cardiology)
हृदय, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ
नियर चाट बाजार रोड़, 39-बी, एकता नगर, बरेली।
समय : प्रातः 9:00 am-10 am एवं सायं 3:00 pm-5:30 PM
मो. 9410200042, 9410200047


# सेतुबंधु ढिग चढ़ि रघुराई, चितव कृपाल सिंधु बहुताई


समुद्र पर सेतु बनाने से पूर्व शिव की पूजा अर्चना करते प्रभु श्रीराम। ● अमृत विचार


अंगद का पैर हिलाने की कोशिश करते राक्षस।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** श्रीरामलीला महोत्सव संचालन समिति की ओर से आयोजित किए जा रहे रामलीला महोत्सव में गुरुवार को विभीषण शरणागति, सेतुबंध रामेश्वर स्थापना, अंगद रावण संवाद लीला का मंचन किया गया। जिसे देखकर भक्त भावविभोर हो गए।

लीला में दिखाया गया कि विभीषण अपने भ्राता रावण को समझाते हुए कहते हैं कि आप सीता को प्रभु राम को लौटा दें, यही नीति है। तब रावण विभीषण को लंका से निकल देता है। इस पर विभीषण अपने सचिवों को लेकर प्रभु राम से आ मिले। प्रभु राम ने उनका स्वागत कर जलाभिषेक किया। सभी भक्त प्रभु राम की जय जयकार करने लगे। प्रभु राम वहां समुद्र देव को प्रसन्न करने के लिए साधना में बैठ गए। मगर, समुद्र देव प्रसन्न नहीं हुए। तभी प्रभु राम बोले लक्ष्मण लाओ मेरा धनुष- बाण।

यह सुन समुद्र देव प्रकट हुए और क्षमा याचना कर बोले हे रघुनंदन आपके वानर दल में नल नील नामक जो वानर हैं, उनके स्पर्श और आपके प्रताप से पत्थर भी जल में तैर जायेंगे। सेतुबंध बनने के पश्चात प्रभु राम ने देवादिदेव शंकर की स्थापना की। जामवंत ने प्रभु से कहा हे रघुकुल श्रेष्ठ युद्ध से पूर्व एक शांतिदूत जाकर रावण को समझाए और संधि का प्रस्ताव रखे। तब प्रभु राम युवराज अंगद को शांति दूत के रूप में भेजने की आज्ञा देते हैं।

अंगद ने लंका में पहुंचकर अपना परिचय दिया और कहा हे लंकापति रावण प्रभु राम से बैर करके तुमने अच्छा नहीं किया। रावण क्रोधित हो बोला हे सैनिकों इस वानर को मार डालो। इस पर अंगद बोले हे रावण तुझे अपने बल पर घमंड है तो ऐसा कोई बलशाली है जो मेरे पैर को हिला सके। यदि मेरे पैर को उठा दिया तो प्रभु राम वापस चले जायेंगे।

● **श्रीरामलीला महोत्सव में विभीषण शरणागति, सेतुबंध रामेश्वर स्थापना, अंगद रावण संवाद लीला का मंचन**

सभी लोग अंगद के पैर को उठाने का प्रयत्न करते हैं किंतु वे उसे हिला भी न सके। तब रावण स्वयं अंगद के पैरों में उठाने हेतु झुका, तभी अंगद बोले हे लंकेश प्रभु राम के चरणों में अपना शीश झुकाओ वे ही तुम्हारा कल्याण करेंगे। यह देख सभी भक्तगण अंगद की जय जयकार करने लगे। इस मौके पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, अमरीश शर्मा अंबू, नरेश शुक्ला, अंशुमान मिश्र, प्रतीक अग्रवाल, पुनीत शर्मा, विनीत शर्मा, आयुष सक्सेना मौजूद रहे।


## स्कूलों में धूमधाम से मना दशहरा उत्सव



**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर के प्राइवेट स्कूलों में गुरुवार को परंपरागत ढंग से दशहरा उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। रावण का पुतला दहन किया गया। हैप्पी ब्लूवर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक विक्रम नरेश जायसवाल ने दशहरे के माध्यम से बच्चों को बुराई पर अच्छाई की जीत का महत्व समझाया। छात्र छात्राएं प्रभु राम, सीता लक्ष्मण व हनुमान की वेशभूषा में सजकर आए थे। सुंदर भजनों पर नृत्य प्रस्तुत किया। जूनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने नवरात्रि व दशहरा को प्रस्तुत करते हुए सुन्दर कलाकृतियां बनाई व उनमें रंग भरे। प्रधानाचार्य असीम जौहरी ने दशहरा का महत्व एवं मनाने का कारण बच्चों को समझाया। स्कूल प्रांगण में ही राम रावण के युद्ध के तत्पश्चात रावण का विशालकाय पुतला दहन किया गया। इस मौके पर शोभना जायसवाल, डा .गौरव शुक्ला, सतनाम सिंह, अवध नरेश जायसवाल आदि मौजूद रहे। उधर, नेशनल पब्लिक स्कूल, स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज, आरडी पब्लिक स्कूल, धर्मेंद्र रश्मि इंटर कालेज में भी दशहरा पर्व मनाया गया। राम तो कोई लक्ष्मण, हनुमान की ड्रेस में स्कूल आया। इस मौके पर प्रबंधक एम रेहान, विमल जायसवाल, दुष्यंत शर्मा, चंद्रशेखर, डीके कुशवाहा, नीरज वैश्य, अनामिका, रूबी अग्रवाल ने बच्चों को पुरस्कृत किया। अंत में रावण के पुतले को आग लगाई और वह धू धू कर जलने लगा। जय श्री राम के जयकारों के बीच दशहरा सम्पन्न हुआ।

## प्रभु राम के अग्निबाण छोड़ते ही जल उठा दशानन

**बिलसंडा, अमृत विचार :** कनपरी में चल रहे श्रीरामलीला मेले में अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक दशहरा मनाते हुए रावण वध लीला का मंचन किया गया। इस दौरान भारी संख्या में पहुंची दर्शकों की भीड़ को संभालने में पुलिस व मेला कमेटी को मशक्कत करनी पड़ी। भगवान श्रीराम ने जैसे ही रावण के पुतले में आग लगाई, तो पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इसके पूर्व राम-रावण के भयंकर युद्ध का भी दर्शकों ने आनंद उठाया। गुरुवार दोपहर से ही दर्शकों की भीड़ उमड़ने लगी थी। शाम करीब चार बजे जब भगवान श्रीराम और दशानन के बीच युद्ध शुरू हुआ तो रामलीला मैदान खचाखच भरा था। राम-रावण युद्ध के बीच-बीच में जय श्रीराम के जयकारे लगते रहे। जब रावण के कटे सर स्वतः ही जुड़ने लगे तो प्रभु राम को विभीषण ने बताया कि उनकी नाभि में अमृत है, यह सुनकर भगवान राम ने जैसे ही रावण के नाभिकुंड में अग्नि तीर मारा तो रावण कटे वृक्ष की तरह धड़ाम से गिर पड़ा। उसके मुंह से भी अंत मे जय श्रीराम निकला। मैदान पर खड़ा विशालकाय पुतला आग लगते ही धू-धू कर जलने लगा। रावण के साथ मेघनाथ व कुंभकरण का भी पुतला दहन किया गया। मुख्य अतिथि बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने कमेटी के सदस्यों को सम्मानित किया। व्यवस्था में कमेटी अध्यक्ष राजाराम, गयाप्रसाद, शेषपाल, नितिन त्रिवेदी, दिनेश, भागीरथ, अनिल शर्मा,



रामस्वरूप, दीनदयाल, अशोक त्रिवेदी, विपिन त्रिवेदी, रामलखन का सहयोग रहा।

## धूं-धूं कर जल उठा रावण का पुतला



**बीसलपुर, अमृत विचार :** नगर के कैंम स्कॉलर्स स्कूल में दशहरा महोत्सव गुरुवार को मनाया गया। अधर्म का प्रतीक रावण का पुतला दहन कयिा गया। इस दौरान जय श्री राम के जयघोष गूंज उठे। इससे पूर्व बच्चों ने रावण वध लीला का मंचन किया। कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर राजेश अग्रवाल ने भगवान राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कराई थी। इस मौके पर सह डायरेक्टर मनीषा अग्रवाल, एडमिनिस्ट्रेटर सुनीता मित्तल, प्रधानाचार्य अर्पित अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य पवन कुमार शुक्ला, सुमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# नामांकन के दौरान हंगामा, पूरनपुर-बीसलपुर में सपाइयों का धरना

## गन्ना समिति चुनाव : सपा जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक बोले- सत्ता के दबाव में काम कर रहा प्रशासन, गेट में ताला डालकर कर्मचारियों ने नामांकन से रोका, समझाने पहुंचे तहसीलदार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** गन्ना समिति में संचालक पद के नामांकन के दौरान बीसलपुर एवं पूरनपुर में हंगामा हो गया। आरोप है कि बीसलपुर समिति का गेट बंद कर नामांकन कराने आए लोगों को रोक दिया गया। जिसके चलते कई लोग अपने पर्चे ही दाखिल नहीं कर सके। वहीं पूरनपुर में भी पर्चा दाखिल करने से रोकने पर हंगामा हो गया। गुस्साए सपाइयों ने दोनों स्थानों पर नामांकन प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाते हुए नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

सहकारी गन्ना विकास समितियों के प्रबंध कमेटी के सदस्यों के निर्वाचन के तहत संचालक पद के लिए गुरुवार को नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू की गई। नामांकन दाखिल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे निर्धारित किया गया। नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू ही हो पाई थी कि इस बीच बीसलपुर सहकारी गन्ना विकास समिति में नामांकन के दौरान हंगामा शुरू हो गया। बताते हैं कि कुछ डेलीगेटों को पर्चे दिए गए, लेकिन उसके बाद पहुंचे अन्य डेलीगेटों को समिति का गेट बंद कर पर्चे लेने से रोक दिया गया। इस पर डेलीगेटों ने हंगामा शुरू कर दिया। आरोप था कि चंद लोगों को छोड़कर अन्य किसी को न तो पर्चा खरीदने दिया जा रहा है और न ही उन्हें पर्चा दाखिल करने दिया जा रहा है।

जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक महीपाल सिंह भी समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मौके पर पहुंचकर विरोध किया और नामांकन प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाया। बताते हैं कि निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान में मामला आने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी रही। इस पर पूर्व विधायक ने एसडीएम नागेंद्र पांडेय को कॉल कर जानकारी दी तो उन्होंने भी नामांकन प्रक्रिया निष्पक्ष होने की बात कही लेकिन आरोप है कि इसके बाद भी डेलीगेटों को पर्चा दाखिल करने नहीं दिया गया। इस पर डेलीगेट आक्रोशित हो उठे। इस पर पूर्व विधायक पर्चा दाखिल करने आए डेलीगेटों और समर्थकों के साथ समिति गेट पर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।



बीसलपुर समिति गेट पर डेलीगेटों एवं समर्थकों के साथ धरने पर बैठे पूर्व विधायक महीपाल सिंह।



समिति का गेट बंद होने पर पुलिस और पूर्व विधायक में होती नोकझोंक।

### सत्ता के दबाव में की गई धांधली



सत्ता के दबाव में नामांकन प्रक्रिया में जमकर धांधली की गई है। मात्र एक-दो लोगों को पर्चे दे दिए गए, बाकी लोगों को नामांकन पत्र ही नहीं दिए गए। नामांकन पत्र जमा भी नहीं किए गए। इस मामले में कमिश्नर, एडीजे, आईजी को अवगत कराया गया है। **– महीपाल सिंह, पूर्व विधायक**

## कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठे सपा जिलाध्यक्ष

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** गन्ना समिति में संचालक पद के लिए मनमानी के चलते कुछ डेलीगेटों के ही नामांकन जमा किए गए। नामांकन करने पहुंचे अन्य डेलीगेट को गेट पर ताला लगाकर बाहर रोक दिया गया। इसको लेकर डेलीगेटों ने जमकर हंगामा किया। जानकारी लगते ही सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा भी पहुंचे और समर्थकों के साथ गेट पर ही धरने पर बैठ गए।

पूरनपुर सहकारी गन्ना विकास समिति में हाल ही में डेलीगेट के पदों के लिए चुनाव हुआ था। इस दौरान 438 डेलीगेट नियुक्त किए गए। गुरुवार को समिति में संचालक के 11 पदों के लिए नामांकन पत्र जमा किए जा रहे थे। इस दौरान कुछ डेलीगेटों के नामांकन पत्र जमा करने के बाद कर्मचारियों ने समिति के गेट पर ताला लगा दिया। परिसर में मौजूद लोगों को बाहर निकाल दिया गया। नामांकन जमा करने पहुंचे डेलीगेटों को भी पुलिस ने बाहर निकालकर गेट पर ताला जड़ दिया। इसको लेकर गेट पर खड़े दर्जनों डेलीगेटों ने मनमानी का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। इस दौरान समिति के अंदर संचालकों के चयन की प्रकिया चलती रही।

नामांकन करने से रोकने की जानकारी लगते ही सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, सयुस के राष्ट्रीय सचिव राजकुमार राजू भी समर्थकों के साथ पूरनपुर गन्ना समिति पहुंच गए। उन्होंने भी गेट खुलवाने का प्रयास किया लेकिन गेट नहीं खोला गया। इस पर जगदेव सिंह जग्गा कार्यकर्ताओं के साथ गेट के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि चुनाव के नाम पर मनमानी की जा रही है। ऐसे ही संचालक चुने जाने थे तो चुनाव प्रकिया क्यों कराई जा रही है।

जानकारी लगते ही तहसीलदार वीरेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी, सीओ विशाल चौधरी भी मौके पर पहुंच गए। तहसीलदार ने धरने पर बैठे सपाईयों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। इस दौरान राजकुमार राजू, हाजी लाडले, तौफीक अहमद कादरी, नादिर रजा बरकाती आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



धरने पर बैठे सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा से वार्ता करते तहसीलदार।

नामांकन प्रक्रिया निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराई गई है। जहां तक गेट बंद करने की बात है कि परिसर बड़ा होने के चलते गेट को बंद किया गया होगा, ताकि नामांकन कराने वालों के अलावा अन्य व्यक्ति परिसर में न पहुंच सके। ऐसा कोई मामला मेरे संज्ञान में है। **– डॉ. प्रदीप कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी**

- **बीसलपुर में समिति का गेट करा दिया बंद, नहीं दाखिल करने दिए पर्चे**
- **नामांकन प्रक्रिया में धांधलेबाजी पर नारेबाजी करके किया प्रदर्शन**

## सीएचसी में नवंबर से शुरू होगी अल्ट्रासाउंड सुविधा

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** सीएचसी में जल्द ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरु होने वाली है। पंजीकरण की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित के साथ एसीएमओ डा. हरिदत्त नेमी ने अल्ट्रासाउंड के पंजीकरण को लेकर मुआयना किया। नवंबर से अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरु करने की तैयारी है।

शासनादेश के मुताबिक जिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती महिलाओं के प्रसव किए जा रहे हैं। उन केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड मशीन भी लगाई जाएगी। सीएचसी में अल्ट्रासांउड की सुविधा न होने पर विभाग ने बाहर के सेंटरों से करार किया है। सीएचसी में पर्ची मिलने के बाद ही उन सेंटरों पर अल्ट्रासाउंड किए जाते हैं। इसके लिए गर्भवती महिलाओं को कोई शुल्क नहीं देना पड़ता है।

## उसहैत दुष्कर्म के आरोपी को फांसी देने की मांग

**पूरनपुर, अमृत विचार :** बदायूं के उसहैत में सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को लेकर नाराजगी है। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने आरोपी को फांसी की सजा दिलाने के लिए ज्ञापन सौंपा। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ता गुरुवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बदायूं के उसहैत में सात वर्षीय बालिका के साथ की गई दुष्कर्म की घटना को लेकर नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान कहा गया कि घटना के बाद से हिंदू समुदाय में रोष है। समाज बच्चियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। आरोपी इससे पहले भी इस तरह की घिनौनी घटनाओं को अंजाम दे चुका है लेकिन उस पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई। फास्ट ट्रैक अदालत में सुनवाई के बाद आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग की गई। इसके अलावा बच्चियों की सुरक्षा के लिए कठोर कानून बनाकर उसमें सजा ए मौत का प्रावधान रखने को कहा गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष दयाल विश्वास, प्रेमपाल वर्मा, विजय सिंह, विधिओम सिंह, शिवा पांडे, सचिन गुप्ता, सुनील गुप्ता, सुरेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## त्योहारों के मद्देनजर डीएम-एसपी ने की पैदल गश्त

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गुरुवार शाम को डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन सिंह, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने पुलिस बल के साथ शहर में पैदल गश्त की। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बाजार में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश दिए। अतिक्रमण हटाने और प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती कर सतर्कता से ड्यूटी करने का निर्देश मातहतों को दिया गया। आतिशबाजी की दुकानों को भी चेक करने पर जोर दिया। इस दौरान संभ्रांत नागरिकों से भी संवाद किया गया।



शहर में पैदल गश्त करती डीएम संजय कुमार सिंह व एसपी अविनाश पांडेय।

### नवम सिद्धिदात्री




मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

बीज मंत्र- ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः।

### आज का मौसम

आसमान में धूप खिलेगी। हल्के बादल छा सकते हैं।

| | |
|---|---|
| 32° अधिकतम तापमान | 20° न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06.09 | सूर्यास्त 05.45 |

### एक नजर

#### नरेंद्र वाधवा बने मुख्य कार्यकारी अधिकारी



**बरखेड़ा, अमृत विचार :** बजाज एनर्जी लिमिटेड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नरेंद्र वाधवा को नियुक्त किया गया है। वह बजाज पावर बिजनेस के प्रबंध निदेशक (एमडी) विनय कुमार सिंह बनकोटी को रिपोर्ट करेंगे। बता दें कि इन्हें 29 वर्षों से अधिक का अनुभव रखते हैं। बड़े थर्मल पावर प्लांट्स के प्रबंधन और परिचालन दक्षता को बढ़ाने में मई 2013 से बजाज एनर्जी के साथ काम कर रहे हैं। अप्रैल 2020 से कंपनी में वाइस प्रेसिडेंट पद पर कंपनी में सेवा दे रहे थे।

#### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बिठौराकलां, अमृत विचार :** असम हाईवे पर टोल प्लाजा के पास गुरुवार दोपहर को पूरनपुर की तरफ से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार क्षेत्र के ग्राम सराय सुंदरपुर निवासी गोधनलाल पुत्र रामचंद्र घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। टोल प्लाजा की एंबुलेंस से घायल को जिला अस्पताल भिजवाया गया।

#### बच्चे की दवा लेकर आ रही महिला से छेड़छाड़

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नौ अक्टूबर की शाम छह बजे वह पति संग अपने बच्चे की दवा लेकर ईंटारोड़ा गांव से घर आ रही थी। रास्ते में सेलर के पास गांव के ही तीन लोगों ने रोका और पति को जबरन पति को शराब पिलाई। जब पति को नशा हो गया तो आरोपियों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट की गई। मोबाइल भी तोड़ दिया। शोर पर आसपास के खेतों में काम करने वाले तमाम लोग आ गए। जिसके बाद आरोपी धमकी देकर भाग गए। आरोप है कि सोने का नाक का फूल भी लूट लिया।

#### सुलेख में कमल प्रथम

**पीलीभीत, अमृत विचार :** भिलइयागांव खेड़ा में गुरुवार को न्याय पंचायत स्तर की श्रुतलेख प्रतियोगिता कराई गई। कैंम देवीपुरा के स्कूल में आयोजित हुई कविता गायन प्रतियोगिता में मानपुर हटवा स्कूल की छात्रा पायल प्रथम, हिन्दी में मानपुर स्कूल की सोनाली प्रथम, अंग्रेजी कविता गायन में लालपुर स्कूल की सरिता प्रथम रही। अंग्रेजी इमला में पुष्पेंद्र देवी प्रथम, अंग्रेजी सुलेख में स्वार्थी मानपुर प्रथम, हिंदी सुलेख में कमल पाल प्राथमिक विद्यालय दियोरी प्रथम ,स्पेल बी कंपटीशन में वसुंधरा देवी प्रथम रही। इस मौके पर हिमांशु कुमार, सीता मिश्रा, संघमित्रा गौतम, नीरजा शुक्ला, नवनीत पाल, रामदास, श्याम लाल का सहयोग रहा।

#### राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी शिकायतें

**बीसलपुर, अमृत विचार :** तहसील सभागार में राज्य महिला आयोग की सदस्य ने क्षेत्र की महिलाओं की समस्याएं सुनी। उनकी शिकायतों के निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करने पर जोर दिया लखनऊ से आई राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे ने गुरुवार को तहसील सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिलाओं की शिकायतों को सुना। उन्होंने मौके पर आई 10 महिलाओं की शिकायतों का निस्तारण कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को तत्काल गुणवत्तापूर्ण तरीके से समाधान कराया जाए। इस मौके पर एसडीएम नागेंद्र पांडे, एसडीएम न्यायिक ऋषिकांत राजवंशी आदि मौजूद रहे।









# मेले में रॉड टूटने से गिरा झूला 4 बच्चों समेत 7 घायल, एक गंभीर

## डीएम-एसपी व कई अफसर पहुंचे मेडिकल कॉलेज, जाना घायलों का हाल

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** कस्बा गजरौला में आयोजित दुर्गा पूजा एवं रामलीला मेले में बुधवार की रात बड़े झूले की रॉड टूट गई। जिसके बाद झूला झूल रहे चार बच्चों समेत सात लोग घायल हो गए। मेले में भगदड़ मच गई। इसकी सूचना मिलने पर डीएम-एसपी समेत तमाम अफसर रात में ही अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। मेले में झूले की अनुमति न होने के बाद सख्ती अपनाते हुए एफआईआर दर्ज की गई है।

बता दें कि कस्बा गजरौला में नवरात्र के मौके पर दुर्गा पूजा एवं रामलीला मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों के लिए झूले भी लगाए गए हैं। जिसमें रोज की तरह तमाम लोग मेले का आनंद ले रहे थे। मेले में कस्बा निवासी आबिद और ग्राम मानपुर हटुआ के इमरान ने झूला लगाया था। इसमें बच्चे -बड़े समस्त उम्र के लोग झूला झूल रहे थे। अचानक झूलने की रॉड टूट गई। जिसके बाद झूला गिर गया। हादसे में झूला झूल रहे कस्बा गजरौला निवासी आयुष शर्मा (10), सौरभ सागर (15), आयशा शर्मा (11), त्रिवेश कुमार शर्मा (26), ग्राम पचपेड़ा निवासी अमन वर्मा (14), ग्राम सुंदरपुर निवासी अवधेश कुमार (30), बरेली जनपद के थाना इज्जत नगर क्षेत्र के ग्राम कर्मपुर चौधरी के दीपक कुमार (30) घायल हो गए। हादसे के बाद मेले में भगदड़ मच गई। पुलिस ने आनन-फानन में घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद आयशा को हालत गंभीर होने पर बरेली रेफर कर दिया गया। मेले में झूला टूटने से हुए हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डा.संगीता अनेजा पहले ही इमरजेंसी में पहुंचकर अपनी देखरेख में घायलों का इलाज कराती रही। अफसरों ने हादसे की जानकारी की। जिसके बाद सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने मौका मुआयना कर भी हालात परखे। फिर सख्त रुख अपनाते हुए दरोगा की तरफ से मेला अध्यक्ष एवं झूला मालिक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223, 289 और 125 बी के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।


गजरौला के रामलीला मेले में क्षतिग्रस्त झूला। ● अमृत विचार

> कस्बा गजरौला में चल रहे मेले में झूले का रॉड टूटने से हादसा हुआ था। जिसमें चार बच्चे घायल हुए जबकि तीन अन्य लोग अस्पताल आए थे। डॉक्टरों ने उन्हें कोई इंजरी नहीं बताई है। एक बच्ची को बरेली रेफर कर दिया है। मामले में सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई कराई जा रही है। – **दीपक चतुर्वेदी, सीओ सिटी**

- **प्रशासन के हरकत में आने पर दरोगा ने दर्ज कराई एफआईआर**

### बिना अनुमति चल रहा था झूला

इस हादसे के बाद थाना स्तर पर जिम्मेदारों की लापरवाही भी उजागर हुई है। मेला चल रहा था और झूले लगे हुए थे। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते थे। ऐसे में सुरक्षा बंदोबस्त के इंतजाम थाना पुलिस द्वारा किए ही गए होंगे। मगर, झूले बिना अनुमति के चल रहे थे, इसे लेकर जानकारी हादसे के बाद लग सकी है। पुलिस की ओर से दर्ज एफआईआर के अनुसार जब हादसे के बाद पुलिस ने मेला अध्यक्ष और झूला मालिक से अनुज्ञा पत्र मांगा तो वह नहीं दिखा सके। मेले की अनुमति एसडीएम सदर के यहां से सात अक्टूबर को दी गई थी। मगर उसमें भी झूला आदि लगाने की कोई अनुमति नहीं दी गई थी। इससे पहले भी ऐसे हादसे हो चुके हैं। जिसके बाद कई बार मेलों में पहुंचकर पुलिस अधिकारियों ने बिना अनुमति के चलने वाले झूले बंद करा दिए थे।

## एक ही कृषि भूमि दो लोगों को बेचने के दोषी को सात वर्ष कैद, जुर्माना

पीलीभीत, अमृत विचार : अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार यादव ने एक मामले की सुनवाई के बाद धोखाधड़ी से एक ही कृषि भूमि को दो लोगों के हाथ बिक्री करने के दोषी सात वर्ष कैद और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। बता दें कि वादी मुकदमा अमृतसर निवासी सिकत्तर सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट लिखाई थी। कहा था कि अमृतसर के ही रहने वाले जगजीत सिंह से उसकी अच्छी जान पहचान थी। उसने बताया कि उसका भाई कुलवीर सिंह व भतीजा शमशेर सिंह मथना जप्ती माधौटांडा जिला पीलीभीत में रहते हैं। उसी गांव में उनकी 40 एकड़ जमीन है, जिसमें सभी सहखातेदार हैं। वादी मुकदमा की पीलीभीत में ससुराल भी है। बात पर विश्वास करके आधा एकड़ जमीन छह लाख पचास हजार रुपये में शमशेर सिंह से 31 सितम्बर 2015 को उसने खरीद ली। जब दाखिल खारिज कराने गए तो पता चला कि 15 जून 2015 को यह कृषि भूमि पूर्व में ही किसी अन्य के हाथ बिक्री की जा चुकी है। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मामले की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार यादव की अदालत में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन के बाद आरोपी शमशेर सिंह को एक ही कृषि भूमि को धोखाधड़ीपूर्वक एवं छल करके बिक्री करने का दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# वृद्धा को धमकाकर हाईवे पर दिन दहाड़े लूटे कुंडल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


पीड़ित रामवती

- **दो युवक लूटपाट कर बाइक पर भागे**
- **सुनगढ़ी क्षेत्र में अशोक कॉलोनी गेट के पास वारदात**

**अमृत विचार:** एक बार फिर दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम देकर बदमाशों ने पुलिस को चुनौती दे डाली। राशन लेने के लिए पैदल जा रही वृद्धा को दो बदमाशों ने रोका और डरा धमकाकर सोने के कुंडल मय चेन लूट लिए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बाइक पर सवार होकर भाग गए। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। लेकिन लूट की घटना को जांच के नाम पर टाल दिया है। तहरीर मिलने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

शहर के मोहल्ला सुनगढ़ी के रहने वाले मनोज राठौर ने बताया कि वह एक निजी कॉलेज में नौकरी करते हैं। उनकी 65 वर्षीय मां रामवती बुधवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे घर से पैदल राशन लेने के लिए अवध नगर कॉलोनी जा रही थी। टनकपुर हाईवे पर अशोक कॉलोनी गेट के पास पहुंचते ही पहले से पैदल टहल रहे दो बदमाश आ गए और उन्हें रोक लिया। फिर दिन दहाड़े डरा धमकाकर मां के कान के कुंडल, जिसमें सोने की चेन भी लगी हुई थी लूट लिए। इसके बाद आरोपी भाग गए। मां के शोर मचाने पर लोग जमा हुए, लेकिन आरोपी भाग चुके थे। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार के सदस्य भी पहुंच गए। सुनगढ़ी पुलिस भी सूचना मिलने पर आ गई। जिसके बाद आसपास के प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। जिसमें दोनों आरोपी बाइक पर सवार होकर छतरी चौराहा से नौगवां ओवरब्रिज की तरफ जाते हुए दिखाई दिए। बताते हैं कि घटना करते वक्त आरोपियों ने बाइक कुछ दूर खड़ी कर रखी थी। पीड़िता के पुत्र का कहना है कि घटना की तहरीर सुनगढ़ी थाने में दी जा चुकी है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई 24 घंटे बाद भी नहीं हो सकी है। एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई है।

> मामला लूट का नहीं, टप्पेबाजी का है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी और जांच कराई जा रही है। पीड़ित पक्ष से अभी तहरीर न मिलने के कारण एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। – **पवन कुमार पांडेय, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी**

# गैरहाजिर होमगार्ड की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, गजरौला


गुरुवार सुबह घटनास्थल के पास लगी भीड़। मृतक ख्यालिराम।

- **महुआ रेलवे क्रॉसिंग के नजदीक रेल पटरी पर मिला शव**
- **गजरौला पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज छानबीन में जुटी**

**अमृत विचार:** डेढ़ माह से गैरहाजिर चल रहे होमगार्ड की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव महुआ रेलवे क्रासिंग के पास रेल पटरी के बीच पड़ा मिला। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम अजीतपुर पटपरा के रहने वाले ख्यालिराम (57) पुत्र गंगाराम होमगार्ड थे। उनकी ड्यूटी गजरौला थाने में चल रही थी, लेकिन वह डेढ़ माह से ड्यूटी पर पहुंचे ही नहीं थे। बुधवार देर रात होमगार्ड का शव महुआ रेलवे क्रॉसिंग से पूर्व दिशा में 200 मीटर दूर पटरी के बीच पड़ा मिला। रेलवे कर्मचारियों ने शव पड़ा देख सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में गजरौला पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव पर कई जगह चोट के निशान थे। पुलिस ने शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। खास बात रही कि होमगार्ड की ड्यूटी गजरौला थाने में ही चल रही थी लेकिन उसकी शिनाख्त करने में ही पुलिस को कई घंटे लग गए। गुरुवार सुबह मृतक के बेटे महेंद्र ने पहुंचकर शव देख शिनाख्त की। उसने बताया कि पिता अवकाश पर थे। गांव में ही दूसरे मकान में रह रहे थे। गुरुवार सुबह जब पिता से मिलने के लिए पहुंचे तो वह नहीं मिले। इसी दौरान सोशल मीडिया के जरिए जानकारी मिली तो वह पुलिस के पास पहुंचे थे और शिनाख्त की। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्य भी आ गए और सभी का रोकर बुरा हाल रहा। इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। मृतक होमगार्ड करीब डेढ़ माह से गैरहाजिर चल रहा था। परिवार की ओर से किसी तरह का आरोप नहीं लगाया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

सही परामर्श सही इलाज

डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236
नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरुष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।
यदि आप
• मर्दाना कमजोरी
• शुक्राणु की कमी
• शीघ्रपतन
का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें
• जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
• क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।
डा.आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drrpkakkarclinic.com
मिलने का समय प्रातः 10 से 5 बजे तक

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 13 अक्टूबर 2024, रविवार
27 अक्टूबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

## एक नजर

### शेरपुर कलां में खंभों से गायब हुई लाइटें

**पूरनपुर, अमृत विचार :** ब्लाक क्षेत्र के गांव शेरपुरकलां के वार्ड नंबर 12 में दर्जनों पोल पर स्ट्रीट लाइटें लगी हुई थी। कई लाइटें मरम्मत के लिए खोली गईं लेकिन उन्हें दोबारा लगाने की जहमत नहीं उठाई गई। इसके अलावा कई पोल पर लगी लाइटें खराब हैं। इससे ग्रामीणों को चोरी आदि घटनाओं की चिंता बनी रहती है। ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से लाइटें सही कराने की मांग की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। गांव के अखलाख खां, शाहरुख खां, इलियास आदि ने लाइटें सही कराने की मांग की है।

### सपाइयों ने नेता जी के संघर्षों को किया याद

**पूरनपुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कार्यालय पर पार्टी के संस्थापक और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान मुलायम सिंह यादव के विचारों को बताया गया। इस मौके पर तौफीक अहमद कादरी, आरती महेंद्र, ओम शर्मा, मुरारी लाल शर्मा, जाहिद खान, सीताराम, हाजी लाडले, नादिर रजा बरकाती आदि मौजूद रहे।

### मेजरमेंट कैंप में 107 बच्चों ने कराया पंजीकरण

**पीलीभीत, अमृत विचार :** समेकित शिक्षा के तहत एलिमको कानपुर की कंपनी के सहयोग से दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता अनुसार उपकरण उपलब्ध कराने के लिए बीआरसी अमरिया में मेजरमेंट कैंप का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। कुल 107 बच्चों का पंजीकरण हुआ। जिसमें 80 बच्चे उपकरण के लिए चिन्हित किए गए। पांच बच्चों को कैलीपर्स, तीन बच्चों को ब्रेल किट सात बच्चों को हियरिंग एड, तीन बच्चों को सीपी चेयर, 10 बच्चों को बैसाखी, तीन बच्चों को सुगम्य केन, 48 बच्चों को टीएलएम किट , नौ बच्चों को ट्राई साइकिल, 22 बच्चों को व्हीलचेयर के लिए चिन्हित किया गया। गायत्री पिंजरा बमनपुरी ,जसवंत सखोला, आरती मुगलाखेड़ा, शिवांश अडौली आदि ने प्रतिभाग किया।

#### रतन टाटा के निधन पर उद्योगपति से लेकर आम जनमानस में शोक, व्यापार मंडल ने बताया अपूर्णीय क्षति

# उद्योगपति बोले- देश ने खो दिया अनमोल रत्न, व्यक्त किया शोक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** देश में उद्योग को नई पहचान देकर विश्व भर में ख्याति दिलाने वाले पद्मश्री रतन टाटा ने बुधवार को 86 साल की उम्र में मुंबई के अस्पताल में आखिरी सांस ली। रतन टाटा के निधन पर उद्योग जगत से लेकर राजनीति गलियारों और आमजन में शोक की लहर दौड़ गई। जनपद में भी उद्योपतियों ने शोक व्यक्त किया। उधर, व्यापारियों ने कार्यक्रम आयोजित कर शोक सभा की।

उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों की ओर से गुरुवार शाम शहीद दामोदर दास पार्क में कार्यक्रम किया गया। दो मिनट का मौन धारण कर रतन टाटा की आत्म की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी, जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल, रणवीर पाठक, शैली शर्मा, ऋषभ सिंह, आशीष लोधी, अतुल जायसवाल, मुस्तकीम मलिक, सुनील वर्मा, आसिफ, रईस, जावेद, सुभान, ताजिम, भूरा आदि मौजूद रहे।



शहीद दामोदर दास पार्क में रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते व्यापारी। ● अमृत विचार



रतन टाटा उद्योगपति के साथ एक राष्ट्रवादी भी थे। वरना अधिकतर उद्योगपति सिर्फ उद्योगपति ही रहते है, मगर रतन टाटा हमेशा देश के लिए समर्पित थे। देश में जब-जब संकट आया तो उन्होंने उबारने का काम किया। उनका जाना दुखद है। - **अमृतलाल, राइस मिलर/ समाजसेवी**



वह पहले इंसान थे जिन्होंने अपनी कमाई का 66 फीसदी धनराशि को दान कर दिया था। देश के लिए उन्होंने हर सेक्टर में बेहतर काम किया। उद्योग देश लेकर विदेश तक एक अलग पहचान दिलाई है। रतन टाटा ने देश में नहीं विदेश में काफी कुछ दान किया है। **- डॉ . पीयूष अग्रवाल, पूर्व आईएमए प्रेसिडेंट**



रतन टाटा सत्यनिष्ठा, नैतिक और नेतृत्व के प्रतीक थे। जिन्होंने विश्व व्यापार और उससे परे एक अमिट छाप छोड़ी। जिस तरह से उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के लिए योगदान दिया, युवा उन्हें कभी नहीं भूलेंगे। उद्योग जगत में उनकी भरपाई मुश्किल है। **- अमित अग्रवाल, उद्योगपति**



रतन टाटा देश की शान थे। इतने बड़े उद्योगपति होने के बाद भी वह अपने टाटा समूह में काम करने वाले कर्मचारियों के प्रति समर्पित थे। कर्मचारियों को वह अपना अंग मानते थे। वह साधारण जीवन में ही विश्वास करते थे। **- अनिल अग्रवाल, उद्योगपति, निर्मल ग्रुप**

### महिलाओं को दी उनके अधिकारों की जानकारी

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक जागरूकता और साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। नामित रिसोर्स परसन अपर जिला जज गीता सिंह और न्यायिक अधिकारी सौम्या भारद्वाज ने प्रतिभाग किया। प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव अपर जिला जज सुनील कुमार ने उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के हितार्थ नालसा /सालसा द्वारा जारी की गई योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि सरकार द्वारा राज्य महिला सशक्तिकरण मिशन के तहत महिलाओं में सकारात्मक छवि, आत्मविश्वास, सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति उत्पन्न करने की दिशा में अनुकूल वातारण सृजित करने के उदेश्य से वन स्टाप सेंटरों की जनपदों में स्थापना की है। पीड़िताओं को एक छत के नीचे पुलिस सहायता, कानूनी सहायता, मनोवैज्ञानिक सहायता आदि मुहैया कराई जा रही है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने भी शिविरों में प्रतिभाग किया।

# कर्मचारी बिना पहचान पत्र मिले तो एफआईआर

## जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने जिला प्रबंधकों को चेताया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** धान खरीद को स्थापित किए गए क्रय केंद्रों पर यदि कोई कर्मचारी बिना पहचान पत्र मिलता है तो उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी। डीएम के निर्देश पर सभी क्रय एजेंसियों के जिला प्रबंधकों को केंद्र प्रभारी आदि को पहचान पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

शासन के निर्देश पर जिले में पहली अक्टूबर से धान खरीद शुरू की गई है। 148 क्रय केंद्र के माध्यम से धीरे-धीरे खरीद भी शुरू हो चुकी है। धान खरीद शुरू होने से एक दिन पूर्व डीएम संजय कुमार सिंह ने धान खरीद को लेकर हुई कार्यशाला में धान खरीद व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी रखने के निर्देश दिए थे। उस दौरान डीएम ने क्रय केंद्रों पर तैनात केंद्र प्रभारियों को संबंधित एजेंसी के माध्यम से पहचान पत्र जारी करने के निर्देश दिए थे, ताकि धान खरीद में बिचौलियों की दखलंदाजी न हो सके। इधर अब जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी वीके शुक्ला ने डीएम के निर्देशानुसार सभी क्रय एजेंसियों के जिला प्रबंधकों को केंद्र प्रभारी समेत अन्य कर्मचारियों को पहचान पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं।

जारी निर्देश में उन्होंने कहा है कि यदि निरीक्षण के दौरान कोई भी कर्मचारी बिना पहचान पाया जाता है तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।



धान लेकर आए किसान को सम्मानित करते डिप्टी आरएमओ व अन्य। ● अमृत विचार

### खाद्य विभाग के 11 क्रय केंद्रों पर हुई खरीद

जिले में सरकारी धान खरीद धीरे-धीरे तेजी पकड़ रही है। धान खरीद के शुरूआती दौर में सरकारी खरीद का खाता ही नहीं खुल सका था। बीते सोमवार को स्थानीय मंडी समिति में खाद्य विभाग के एक केंद्र पर 20 क्विंटल खरीद कर धान खरीद कर खाता खोला गया था। बुधवार को भी स्थानीय मंडी समेत बीसलपुर में खाद्य विभाग के चार क्रय केंद्रों पर 400 क्विंटल की खरीद की गई थी। इधर गुरुवार को पूरनपुर मंडी में भी धान खरीद का खाता खुल गया। यहां खाद्य विभाग के एक केंद्र पर मानक पर खरा उतरने के बाद खरीद की गई। विभागीय अफसरों के मुताबिक गुरुवार को खाद्य विभाग के 11 क्रय केंद्रों पर 520 क्विंटल धान की खरीद की गई है। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी वीके शुक्ला ने बताया कि धान खरीद में तेजी लाने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। खाद्य विभाग के अलावा अन्य क्रय केंद्रों को भी सक्रिय करने का प्रयास किया जा रहा है।

### जटाधारी के साथ 24 वर्ष पहले गोरखपुर से आए थे योगी शांतिनाथ

**बिलसंडा, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु भाई योगी शांतिनाथ बुधवार को ब्रह्मलीन हो गए थे। न्यूरानपुर आश्रम स्थित मंदिर परिसर में ही उन्हें समाधि दे दी गई है। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने भी उनके ब्रह्मलीन होने पर दुख जताया। जबकि बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, बरखेड़ा स्वामी प्रबक्तानंद सहित हजारों की संख्या में लोग अंतिम दर्शन करने पहुंचे थे। बताते हैं कि योगी शांतिनाथ वर्ष 2000 में सबसे पहले सिंवुआ के गौरी शंकर महादेव मंदिर पहुंचे थे। जिन्हें जटाधारी ब्रह्मलीन महंत योगेश्वरानंद गिरि महाराज गोरखपुर से अपने साथ लाए थे। दो वर्ष बाद 2002 में वह न्यूरानपुर मुड़िया स्थित भोलेनाथ के मंदिर के महंत बन गए। यह दिल्ली के रहने वाले थे। इनके दो भाई एक बहन भी हैं। कुछ वर्ष पूर्व अस्वस्थ होने पर इनके भाई इन्हें लेने भी आए लेकिन वह नहीं गए। सनातन धर्म एवं गोमाता की रक्षा के लिए समाज को सदैव जागरूक करते रहे। गोरखपुर मंदिर में संस्कृत महाविद्यालय से उन्होंने पढ़ाई की।



# मनरेगा : फर्जी हाजिरी मामले में डीएम ने तलब की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पखवाड़ा भर बीतने के बाद भी लोकपाल मनरेगा को नहीं भेजी गई रिपोर्ट**
- **बारिश के दौरान 1076 मनरेगा श्रमिकों से काम दर्शाने का मामला**

**अमृत विचार:** बारिश के दौरान मनरेगा श्रमिकों से काम दर्शाकर हाजिरी भरने के मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में लोकपाल मनरेगा ने पखवाड़ा भर पूर्व डीसी मनरेगा से पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी थी। जो अभी तक उन्हें नहीं मिल सकी है। इधर अब मामला डीएम के संज्ञान में आने पर उन्होंने डीडीओ से मामले की रिपोर्ट तलब की है।

बीते 13 सितंबर को जनपद भर में तेज बारिश हुई थी। इस अवधि के दौरान जनपद के सभी सात ब्लाकों में 1076 मनरेगा श्रमिकों द्वारा काम होना दर्शाते हुए उसे मस्टरोल भी दर्ज किया गया। बरसात की अवधि के दौरान ही सभी ब्लाकों में 86 काम होना दर्शाया गया था। इसमें सर्वाधिक 25 कार्य पूरनपुर ब्लाक में 525 श्रमिकों के माध्यम से कराया जाना दर्शया गया था। इसका खुलासा नेशनल मोबाइल मॉनीटरिंग सिस्टम एप पर डेली अटेंडेंस चेक करने के दौरान हुआ। लोकपाल मनरेगा गेंदनलाल ने फर्जी हाजिरी का संदेह होने पर बीते 24 सितंबर को डीसी मनरेगा वंदना सिंह से पूरे मामले की रिपोर्ट तलब करते हुए कृत कार्रवाई से तीन दिन के भीतर अवगत कराने को कहा था। यह दीगर बात है कि पखवाड़ा भर बीतने के बाद भी लोकपाल मनरेगा को रिपोर्ट नहीं भेजी गई है। इस मामले में लोकपाल मनरेगा गेंदनलाल ने बताया कि संज्ञान में आया है कि कुछ ब्लाकों में इससे संबंधित रिपोर्ट तैयार की जा रही है। यदि जल्द रिपोर्ट नहीं भेजी गई तो रिमाइंडर भेजा जाएगा।

### राज्यमंत्री ने किया विद्यालय भवन का उद्घाटन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने गुरुवार को ललौरीखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सरौरी में विद्यालय भवन का उद्घाटन किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्वीकृत उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया।

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
■ डी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ बी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)
E-mail: rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
■ डिप्लोमा इन एक्स रे टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन एमआरआई टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन एमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ सर्टिफिकेट इन सैनिटेशन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)
E-mail: bareillyrcps@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### ग्रामीणों ने ब्लॉक कार्यालय में शुरू की भूख हड़ताल

**बीसलपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम खनंका उचसिया के कई ग्रामीण गुरुवार को ब्लॉक कार्यालय पहुंचे और भूख हड़ताल पर बैठ गए। उनका कहना था कि बीते दिनों मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर गांव के जर्जर मार्ग के सुधार की मांग की थी। मगर, अभी तक मार्ग बन नहीं सका है। मार्ग अत्यधिक जर्जर होने के कारण आवागमन में दिक्कत आ रही है। इसके बाद भी सुधार नहीं कराया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे खासकर बच्चों व बुजुर्गों का निकलना दूभर है। बारिश के दिनों में तो निकलना ही मुश्किल है। गड्ढों में पानी भर जाता है। जिसके बाद तो आवागमन बाधित रहता है। शिकायतों के बाद भी किसी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया है। इसके बाद अपनी मांग से जुड़ा ज्ञापन ब्लॉक कार्यालय में दिया। इस मौके पर दंगल सिंह, गुड्डू सिंह, अभिलाष सिंह ,मनोज सिंह, सूरज पाल सिंह, अनूप सिंह, आदि थे।

# किसानों को मिलेगा 93 लाख रुपये मुआवजा, प्रक्रिया शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **बरेली-सितारगंज हाईवे घोटाला की जांच के चलते ठप थी प्रक्रिया**

**अमृत विचार:** बरेली-सितारगंज हाईवे के घोटाले की जांच के चलते एक माह से अधिक समय से ठप पड़ी मुआवजा प्रक्रिया शुरू कर दी गई। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी ने मुआवजा संबंधी पत्रावलियों का सत्यापन करने के बाद मंजूरी दे दी है। जल्द ही किसानों के खातों में 93 लाख की धनराशि पहुंचेगी।

बरेली-पीलीभीत-सितारगंज प्रस्तावित हाईवे को लेकर भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू की गई थी। जनपद की सदर एवं अमरिया तहसील में 93 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की जानी है। हाईवे को लेकर 62 फीसदी अधिग्रहण पूरा हो पाया था कि इस बीच परिसंपत्तियों के मूल्यांकन में फर्जीवाड़ा सामने आ गया था। घोटाला सामने आने के बाद मंडल स्तर पर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान एक सितंबर को पीलीभीत एसएलओ कार्यालय से अधिग्रहण संबंधी दस्तावेज और एसएलओ कार्यालय के कर्मचारियों को बरेली बुलाया था। इसके चलते मुआवजा देने की प्रक्रिया भी अधर में लटक गई। जांच से पूर्व 3391 किसानों में से 2739 किसानों को मुआवजा दे दिया गया था। वंचित 652 किसान मुआवजे को इंतजार कर रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद 27 सितंबर को कमिश्नरी से अधिग्रहण संबंधी दस्तावेज एसएलओ कार्यालय पीलीभीत भेज दिए गए थे। इधर घोटाला उजागर होने के बाद से एसएलओ कार्यालय मुआवजा मामले में फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। मुआवजा संबंधी सभी पत्रावलियों की विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी/ सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर द्वारा गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। इधर सत्यापन के बाद 93 लाख रुपये मुआवजे की पत्रावली स्वीकृति की गई है। इसके तहत अमरिया तहसील क्षेत्र के गांव मुड़िया इलाहीवख्श निवासी जगदीश सिंह को 33 लाख, अमरिया निवासी इस्तखारुद्दीन खां एवं हामिद अली खां को 20-20 लाख, नेमचंद, चंद्रपाल और उमेश को 06-06 लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। जल्द ही यह रकम किसानों के खातों में भेज दी जाएगी। इसके अलावा स्ट्रक्चर संबंधी मुआवजे जांच के बाद ही दिए जाएंगें।

### 652 किसानों को है मुआवजे का इंतजार

जनपद की दोनों तहसीलों में कुल 93 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की जानी है। अमरिया में 70 प्रतिशत जमीन अधिग्रहीत करने के साथ ही 65 प्रतिशत भूमि पर कब्जा भी लिया जा चुका है। वहीं सदर तहसील में अधिकांश अधिग्रहीत जमीन पर कब्जा लिया जा चुका है। अधिग्रहीत भूमि का 2739 किसानों को मुआवजा दिया जा चुका है। अभी 652 किसानों को मुआवजा मिलना शेष है।

> उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संबंधित अभिलेखों के सत्यापन के बाद 93 लाख मुआवजे की पत्रावली ओके की गई है। जल्द ही मुआवजा राशि संबंधित किसानों के खातों में भेज दी जाएगी।
> **- विजय वर्धन तोमर, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट**

# एक दिन की बीएसए बनी अंशिका ने की बैठक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्रशासनिक सिस्टम डीएम, एडीएम समेत कई अन्य पदों से रुबरु कराने के बाद अब बेसिक शिक्षा विभाग की कार्यशैली को समझने के लिए परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा अंशिका को एक दिन का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाया गया।

उन्हें बीएसए के तौर पर कार्यभार ग्रहण कराया गया। इसके बाद विभाग के कर्मचारियों ने विभाग से संबंधित कार्य के बारे में जानकारी दी। बीएसए बनी अंशिका के अभिभावक भी खुशी से फूले नहीं समाई। गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में मिशन शक्ति फेज-5 कार्यक्रम के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा छह की छात्रा अंशिका गंगवार को एक दिन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाया गया। छात्रा के आने के बाद बीएसए अमित कुमार सिंह ने छात्रा को कार्यभार ग्रहण कराया। इसके बाद उन्हें बीएसए की कुर्सी पर बैठाया गया। इसके बाद समस्त कर्मचारियों के साथ बैठक की। फिर परिषदीय शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर बीईओ के साथ बैठक की गई। इस पल को देखने के लिए अंशिका के अभिभावक भी कार्यालय में मौजूद रहे।



कार्यालय में कुर्सी पर बैठी एक दिन की बीएसए अंशिका। ● अमृत विचार

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई कथा

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गांव अरसियाबोझ में पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम मंगलवार को शुरू हुआ। पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई थी। इसके बाद बुधवार को श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा हुई। जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। इस मौके पर टोली नायक श्रीराम आचार्य, नरेंद्र देव, पुष्पेंद्र सिंह, जमुना प्रसाद, आयोजक प्रधान गयाप्रसाद, मोहन स्वरूप, परमेश्वरी दयाल वर्मा, राकेश गुप्ता व हरीशंकर वर्मा मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि गुरुवार को नकटादाना चौराहा पर स्थित सपा कार्यालय में मनाई गई। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता जमा हुए और नेताजी का नमन किया।

कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा जबकि संचालन जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने किया। इसके बाद एक गोष्ठी की गई। जिसमें कहा कि नेताजी ने हमेशा सभी वर्गों के लिए काम किया। भेदभाव की राजनीति से हमेशा दूर रहे और जरुरतमंदों के काम आए। गरीब, मजदूर, किसान, युवा सभी को साथ लेकर चले। कार्यकर्ताओं को नेताजी के आदर्शों को जीवन में अपनाते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, अमित पाठक एडवोकेट, कांशीराम सरोज, बालकराम सागर, ज्योति प्रकाश शुक्ला, हाजी अकबर अहमद अंसारी, काशीराम सरोज, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव सतेन्द्र मौर्य, अनीता वर्मा, डिंपल गौड़, गयासुद्दीन, बीडी प्रजापति, लखविंदर सिंह पन्नू आदि मौजूद रहे। पूर्व प्रत्याशी बीसलपुर विधानसभा दिव्या गंगवार ने भी समर्थकों के साथ नेताजी को पुष्पांजलि अर्पित की। उनके द्वारा जन व देशहित में किए गए कामों को बताया।



सपा कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को पुष्पांजलि अर्पित करते सपा नेता।

### सैफई में भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे सपाई

**पीलीभीत :** धरती पुत्र के नाम से पहचाने जाने वाले मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव सैफई स्थित समाधि स्थल पर भी कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें पीलीभीत से समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व पूर्व जिला अध्यक्ष आनंद सिंह यादव, उमाशंकर यादव, राम बहादुर यादव, कमलेश कुमार पाल आदि शामिल हुए और श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मरो इण्टरमीडिएट वर्ष 2024 अनुक्रमांक 2245669064 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **मुस्कान पुत्री रंजीत ग्राम बीजामऊ, तह. नवाबगंज, बरेली।**

सूचना
मैंने अपने पुत्र उवेश कादरी को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। क्योंकि उसका आचरण मेरे प्रति क्रूरता पूर्ण रहा है । उसके इस आचरण में मेरी पत्नी कमर जहां भी उसका सहयोग करती है।अब वह किसी भी प्रकार के लेनदेन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **साबिर पुत्र शेर मोहम्मद निवासी नूरी मस्जिद बिलसंडा (पीलीभीत)**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र स्व. आसिफ अली की पत्नी गुलष चमन फातमा को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **सरदार अली पुत्र स्व. सज्जाद अली निवासी 64, आनन्द विहार, थाना किला, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### पूर्ण आहुति के साथ यज्ञ का पारायण

**गोला गोकर्णनाथ :** मां मंगला देवी मंदिर में हो रही यज्ञ और देवी भागवत कथा का हवन पूजन पूर्ण आहुति के साथ समापन हो गया। शुक्रवार को कन्याभोज और भंडारा होगा। यज्ञाचार्य राजू मिश्रा, रावेंद्र कुमार ने यजमानों से चंडी यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां डलवाईं। देवताओं की स्तुति पर देवी दुर्गा ने महिशासुर से नौ दिनों तक दिनरात युद्ध कर दसवें दिन उसका वध किया। कथा में ढोलक पर कमल, आर्गन पर आशू और कांगो पर सुमित रहे। हवन, पूजन और कथा श्रवण में केके शुक्ला, सुरेंद्र शर्मा, शशिकांत मिश्र, गयाप्रसाद, प्रदीप मिश्र, प्रमिला गुप्ता, आदर्श शुक्ला, पूजा शुक्ला आदि मौजूद रहीं।

### मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को बताए आत्मरक्षा के गुर

**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के चरण 5 के तहत कृषक समाज इंटर कॉलेज में छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण के बारे में जागरुक कर आत्मरक्षा के गुर सिखाए गये। प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में कार्यक्रम में कोतवाली की महिला उप निरीक्षक सर्वेश मौर्य ने डायल 112, 102, 1090 आदि विविध जरूरी सहायता फोन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्राओं को गुड टच और बैड टच की पहचान और इससे सावधानी के बारे में जागरूक किया। छात्राओं को लक्ष्य तय कर भविष्य बनाने को कहा। महिला आरक्षी रजनी शर्मा, सुगम शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया। संयोजक डॉ अनिल कुमार, स्काउट मास्टर देवेंद्र सिंह का विशेष योगदान रहा।

# बालक वर्ग में लखीमपुर व बालिका वर्ग में गोला चैंपियन

## जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता: लालपुर स्टेडियम में हुईं प्रतियोगिताएं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** तीन दिवसीय जनपदीय स्पोर्ट्स फॉर स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिता बृहस्पतिवार को संपन्न हुई। बालक वर्ग में लखीमपुर व बालिका वर्ग में गोला ओवरऑल चैंपियन रहा।

जनपदीय क्रीडा सचिव एवं युवराज दत्त इंटर कॉलेज ओयल के खेल शिक्षक रामकिशोर सैनी ने बताया कि मुख्य अतिथि डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। बृहस्पतिवार की प्रतियोगिताएं अनुज सरोज व पुष्पेंद्र शुक्ला के निर्देशन में संपन्न हुई। इसमें 100 मीटर की दौड़ में सब जूनियर बालिका वर्ग से लखीमपुर की दीपांजली तिवारी प्रथम, निघासन की अनम द्वितीय एवं गोला की ऊषा देवी तृतीय रहीं। सब जूनियर बालक वर्ग में गोला के जुगनेश प्रथम, धौरहरा के अभिनव सिंह द्वितीय, गोला के मुनेंद्र कुमार तृतीय रहे। वहीं जूनियर बालक वर्ग में गोला के अयान बेग प्रथम व रोमिल कनौजिया द्वितीय एवं लखीमपुर के ब्रजेश तृतीय रहे। बालिका वर्ग में लखीमपुर की इरम प्रथम, मोहम्मदी की अलीसा द्वितीय व गोला की गुरप्रीत कौर तृतीय रही। वहीं 100 मीटर की दौड़ में सीनियर बालिका वर्ग से गोला की राधा देवी प्रथम, लखीमपुर की तरन्नुम द्वितीय एवं निघासन की काजल देवी तृतीय और सीनियर बालक वर्ग में अमन प्रताप पाल प्रथम, नितिन वर्मा द्वितीय एवं खालिद तृतीय रहे। सीनियर बालक वर्ग की ऊंची कूद में निघासन के अर्जुन प्रथम, गोला के अविनाश द्वितीय और लखीमपुर के सत्येंद्र कुमार व अभिषेक संयुक्त रूप से तृतीय रहे। 800 मीटर की सीनियर बालिका वर्ग की दौड़ में गोला की शिवांशी प्रथम व अस्मिता द्वितीय, लखीमपुर की प्रिया तृतीय रहीं। जूनियर बालिका वर्ग में गोला की पलक प्रथम, धौरहरा की रोहिणी द्वितीय, निघासन की सोनम राज तृतीय रहीं। जूनियर बालक वर्ग में लखीमपुर के विपिन प्रथम, पलिया के पवन कुमार द्वितीय, मोहम्मदी के साहुल तृतीय रहे। संचालन मुकुट बिहारी मिश्रा ने किया। विनोद कुमार, विपिन मिश्रा , जगदीश प्रसाद वर्मा, आलोक गोयल, विमल मौर्या, अरविंद वर्मा, श्याममूर्ति शुक्ला, पंकज गुप्ता, डॉ. संजय मिश्रा, जनपदीय क्रीड़ा सचिव सरदार परगट सिंह मौजूद रहे।



प्रमाण पत्र व मेडल से सम्मानित विजेताओं के साथ डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

### लखीमपुर को मिली मंडलीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी

जनपदीय खेल सचिव राकेश कुमार सैनी ने बताया कि मंडलीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन की मेजबानी इस बार जिले को मिली है। यह प्रतियोगिताएं 19 से 21 अक्टूबर तक लालपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगीं। इसमें मंडल के सभी जिलों की टीमें हिस्सा लेगीं।

### ओवरऑल चैंपियन

| बालक वर्ग | |
|---|---|
| विजेता | लखीमपुर |
| उपविजेता | गोला |
| **बालिका वर्ग** | |
| विजेता | गोला |
| उपविजेता | लखीमपुर |



ऊंची कूद में प्रतिभाग करता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### ऊंची कूद

| जूनियर | बालक वर्ग |
|---|---|
| प्रथम | विशाल वर्मा लखीमपुर |
| द्वितीय | अयान बेग–गोला |
| तृतीय | तीर्थराज– धौरहरा |
| **सब जूनियर बालक वर्ग** | |
| प्रथम | आधीन कुमार निघासन |
| द्वितीय | आर्यन लखीमपुर |
| तृतीय | सुनील धौरहरा |
| **400 मीटर दौड़ जूनियर बालक वर्ग** | |
| प्रथम | ब्रजेश कुमार लखीमपुर |
| द्वितीय | रोहित पलिया |
| तृतीय | शिवम यादव गोला |
| **400 मीटर दौड़ सब जूनियर बालिका वर्ग** | |
| प्रथम | अंबिका लखीमपुर |
| द्वितीय | सृष्टि वर्मा |
| तृतीय | अनन्या लखीमपुर |
| **400 मीटर सब जूनियर बालक वर्ग** | |
| प्रथम | जुगनेश सिंह गोला |
| द्वितीय | सचिन धौरहरा |
| तृतीय | करन यादव धौरहरा |

जनपदीय खेल सचिव ने खेल प्रतियोगिताओं के बारे में दी जानकारी।

## गोष्ठी में शरदकालीन गन्ना बुवाई की दी गई जानकारी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड के अधिकारियों ने ग्राम कोटवारा में कृषक गोष्ठी का आयोजन कर किसानों को शरदकालीन गन्ना बुवाई से होने वाले लाभ बताए। गन्ना की किस्में बताकर किसानों को बोने के लिए प्रेरित किया।

किसान राकेश मिश्र की अध्यक्षता में हुई किसान गोष्ठी में सहायक महाप्रबंधक गन्ना ओडी शर्मा ने बताया कि चीनी मिल द्वारा सब्सिडी पर एग्री इनपुट एवं बीज उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसे प्राप्त कर अधिक से अधिक रकबे में शरदकालीन गन्ने की बुआई के साथ सहफसल आलू, लाही, मटर, चना इत्यादि लगाकर दोहरा लाभ कमाएं।डॉ पीके कपिल ने शरद कालीन गन्ना उत्पादन तकनीक एवं गन्ने के साथ सहफसली खेती के बारे में जानकारी दी।

वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक सरनाम सिंह ने भी उपयोगी जानकारी दी। संचालन सत्येंद्र कुमार मिश्र ने किया। गन्ना विकास निरीक्षक मोहम्मद अकरम, अनिल वर्मा, जितेन्द्र शुक्ल, वेदप्रकाश दीक्षित, फरहाद खान, ओमप्रकाश यादव, रावेन्द्र कुमार, ओमकार वर्मा, विजय कुमार, अनुज कुमार, मुनेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

# मीट की मानक विहीन दुकानें बंद कराने की मांग



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हिंदू शिवसेना के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी में मानक को ताक पर रखकर संचालित हो रही मांस की दुकानों को बंद कराने के लिए हिंदू शिवसेना ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार सर्वेश यादव को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा है कि छोटी काशी में प्रमुख स्थानों पर खुली मांस की दुकानें मानक पूरे नहीं कर रही हैं। इनमें अधिकांश संचालकों के पास लाइसेंस तक नहीं है। मांस की दुकानें बांकेगंज रोड, मिल रोड से मोहम्मदी रोड, डायवर्जन रोड, अलीगंज रोड रेलवे लाइन के सामने, मंडी समिति के आगे, खुटार रोड बाईपास, सब्जी मंडी, सिनेमा रोड आदि तमाम स्थानों पर संचालित हो रही हैं। जिला प्रभारी अशोक कुमार मुन्ना, जिला उपाध्यक्ष अनूप गुप्ता, नगराध्यक्ष मोहित राठौर, रचित गुप्ता, आशू गुप्ता, दिव्यांश गुप्ता, सौरभ कुमार, रज्जन कश्यप, अनुराग मिश्र, जाग्रत अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### संगीत अकादमी की उपाध्यक्ष का स्वागत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, संस्कृति विभाग की उपाध्यक्ष व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त विभा सिंह अपने पति कुंवर रुद्र प्रताप सिंह के साथ आईं। लोगों ने शारदा पुल पर इनका जोरदार स्वागत किया। विभा सिंह ने ईसानगर कोठी पहुंचकर कुलदेवी माता के दर्शन कर विधि विधान से पूजन कर जिले की खुशहाली व समृद्धि के लिए मंगल कामना की। उन्होंने बैठक कर ग्राम प्रधानों से बात कर कई विषयों पर विचार विमर्श किया।

# सीताहरण, बालि वध, जटायु युद्ध का किया मंचन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** नगर के मेला मैदान में हो रही श्रीरामलीला के आठवें दिन कलाकारों ने सीताहरण, सुग्रीव पर दया, बालि वध, शबरी प्रसंग और रावण जटायु युद्ध का मंचन किया। सीताहरण कर जब रावण पुष्पक विमान से जा रहा था तब माता सीता को बचाने में रावण से युद्ध में जटायू मारा गया। सीता की खोज में श्रीराम, लक्ष्मण वनों में भटक रहे थे तो उनको हनुमानजी मिले और उन्होंने उनकी मित्रता वानर राज सुग्रीव से कराई। सुग्रीव ने श्रीराम को अपनी पत्नी तारा के हरण की बात बताकर बालि के अत्याचारों से छुटकारा दिलाने की प्रार्थना की। भगवान् ने सुग्रीव पर दया दिखाते हुए बालि का वध करने के लिए उस पर तीर चलाया। तीर लगते ही बालि तड़पने लगा, उसके रुदन पर श्रीराम ने कहा।

कहउ बालि तोहि देउ जियाई, राज करहु पंपापुर जाई। इस पर बाली ने कहा कि भगवान के हाथों मोक्ष पाकर वह धन्य हो गया, अब उसे राज्य नहीं चाहिए। बालि ने अपने पुत्र अंगद को भगवान् के शरण में दे दिया।

सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बना दिया। प्रभु श्रीराम ने शबरी के चखे हुए बेर खाकर सन्देश दिया कि वह भाव के भूखे हैं मेवे के नहीं। श्रीराम भक्तों ने लीला मंचन का आनंद लिया।



रावण–जटायु युद्ध का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

- सीता को बचाने के लिए रावण से युद्ध में जटायू की हो गई मौत
- बालि ने कहा- भगवान के हाथों मोक्ष पाकर वह धन्य हो गया

### श्रीरामलीला मेला के ये पदाधिकारी रहे

संरक्षक जनार्दन गिरि, अध्यक्ष धर्मेंद्र गिरि मोंटी, महामंत्री पंकज गुप्ता, राकेश तिवारी बड़े, दीपक मिश्रा, पंकज गोस्वामी, सुभाष मिश्रा, रामस्वरूप यादव, हंसराम स्वर्णकार, पंकज मिश्र, शिवचन्द्र शाह, सुनील गुप्ता, मनोज गुप्ता, रूपेन्द्र वर्मा, पंकज तिवारी, सर्वेश कुमार वर्मा, हरीश कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## महिषासुर वध देखकर दर्शक हो गए रोमांचित

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचारः** नवरात्र महोत्सव में बुधवार की रात मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की आराधना की गई। इस दौरान महिषासुर वध लीला देख दर्शक रोमांचित हो गए।

प्रथम पूज्य गणेशजी और फिर मां अंबे की आरती के बाद मां दुर्गा के छठवें स्वरूप सिंह पर सवार मां कात्यायनी के पंडाल में आते ही मां अंबे के जयकारे गूंजने लगे। भक्ति गीत आए मइया के नवरात्र हो रहे घर घर जगराते पर पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। संचालन लक्ष्मीकांत मिश्रा ने मां कात्यायनी की महिमा का बखान किया।

भक्ति गीत किस्मत चमकेगी झोली भर देगी पर छात्रा के डांस किया। रूपराम कश्यप ने भक्ति गीत मां शेरा वाली तेरा शेर आ गया पर डांस करके तालियां बटोरीं। सोने लाल, सुरजीत राज, नंदकिशोर, पंकज राज़, रूपराम का अभिनय दर्शकों ने खूब सराहा।रजागंज में सीता हरण का मंचन हुआ ।



महिषासुर वध का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार



RMCH BAREILLY Excellence towards profession

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल

पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। फोन : 0581-2526011, 2526012

द्वारा

नि:शुल्क नेत्र व दन्त चिकित्सा शिविर

दिनांक- 12 अक्टूबर 2024 शनिवार समय-प्रातः 9:30 से 1:00 बजे तक

- आँखो के कैम्प में आये मरीजों को दवाईयाँ मुफ्त।
- मोतियाबिंद का ऑपरेशन व दवाईयाँ एवं लैंस मुफ्त।
- मोतियाबिन्द के भर्ती मरीज को खाना मुफ्त एवं बस द्वारा लेकर जाना मुफ्त।
- यदि मोतियोबिन्द निकलता है तब आपरेशन रोहिलखण्ड हास्पिटल में ले जाकर मुफ्त में किया जायेगा घर पर बता कर आयें।
- मोतियाबिन्द के मरीज घर से आधार कार्ड साथ लाना न भूलें।
- दन्त रोग परीक्षण व इलाज मुफ्त ।

नोट

निशक्त जन सेवा संस्थान इस माह 12 अक्टूबर को नि:शुल्क बाटेगा कान की मशीनें जल्दी से कराएं अपना रजिस्ट्रेशन

रजिस्ट्रेशन के लिए अपना आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और अपना फोटो साथ लाना न भूलें संस्थान के अनिल कमल (फोन 9897895585) निकट थाना सुनगढ़ी पीलीभीत के पास जमा कराके रजिस्ट्रेशन करा लें। अधिक जानकारी के लिए कॉल करें-989755607

शिविर स्थान

अंकुर राईस मिल, निकट असम चौराहा, पूरनपुर रोड, पीलीभीत

सहयोग से -
● स्वामी प्रवक्ता नन्द, विधायक 128-बरखेड़ा विधान सभा, पीलीभीत
● सभ्यता वर्मा, ब्लॉक प्रमुख, मरौरी ● डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता एम.एल.सी. पुवायाँ

नि:शक्त जन सेवा संस्थान पीलीभीत

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। शकीब उद्दीन मो. नं. 8534088093

### सीता हरण के मंचन ने दर्शकों को किया भावुक



**लखीमपुर खीरी,अमृत विचार :** मेला मैदान में शूर्पणखा की नाक काटने, मामा मारीच का मृग बनकर पंचवटी में जाना व रावण का सीता हरण करने के साथ खरदूषण का मंचन हुआ। रावण की बहन शूर्पणखा राम के पास शादी का प्रस्ताव लेकर जाती है। लक्ष्मण शूर्पणखा की नाक काट देते हैं। जानकारी रावण को मिलती है तो वह खर-दूषण को युद्ध करने के लिए भेजता है। युद्ध में खर-दूषण की मृत्यु हो जाती है। इसके बाद रावण सीता का अपहरण करने का प्लान बनाता है। इसके लिए मारीच को भेजता है। मारीच वन में पहुंचकर सोने के मृग का रूप रखकर विचरण करने लगता है। सीता उसे पाने की जिद करती हैं। राम मृग का पीछा कर दूर निकल जाते हैं। कुछ अन्य प्रसंगों के बाद रावण माता सीता का हरण कर लेता है। राम व लक्ष्मण उनकी खोज में वन-वन भटकते व विलाप करते किष्किंधा पर्वत पहुंचे और यहां उनकी मित्रता सुग्रीव से होती है। इस दौरान सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट के विपुल सेठ सहित अन्य तमाम पदाधिकारी और दर्शक मौजूद रहे।

# आगे परा गीधपति देखा सुमिरत राम चरन जिन्ह रेखा



पलिया के रामलीला मंच पर जटायु को गोद में लिए श्री राम। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

- पलिया के रामलीला मैदान में जटायु प्रसंग सहित अन्य लीलाओं का मंचन

**अमृत विचार :** रामलीला के आठवें दिन गुरुवार को राम सुग्रीव मित्रता, बालि वध एवं सीता की खोज का मंचन किया गया।

सीता की खोज करते श्री राम -लक्ष्मण की ,हनुमान जी किष्किंधा पर्वत पर रह रहे सुग्रीव से भेंट कराते हैं। सुग्रीव अपनी वानर सेना सहित उनकी मदद करने को तैयार हो जाते हैं, किंतु इससे पूर्व बालि वध की शर्त रख देते हैं। भगवान श्री राम बालि को पेड़ की ओट ले मार देते हैं । तब उसकी पत्नी तारा वहां पहुंच विलाप करने लगती है। इसके पश्चात श्री राम-तारा विकल देखि रघुराया, दीन्हि ज्ञान हर लीन्हिसि माया के अनुसार उसे शांत करते हैं। पश्चात सभी वानर श्री राम के जय घोष के साथ सीता की खोज में जुट जाते हैं। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष तेजपाल सिंह, व्यवस्थापक राजेश भारतीय, कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता, प्रेम प्रकाश पांडे व राजेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में हुईं प्रतियोगिताएं



**बांकेगंज,अमृत विचार :** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विनायक इंटर कॉलेज में मेहंदी, चार्ट पेपर और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा बच्चों के हीमोग्लोबिन, वजन तथा लंबाई की जांच की गई। किशोर और किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने का परामर्श दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने फलों और सब्जियों का स्टाल लगाया। डॉ सुनील वर्मा ने बताया कि चने का साग, मेथी, पालक, सरसों आदि से आयरन एवं फोलिक एसिड तथा सूक्ष्म पोषक तत्व प्राप्त होते हैं, जिससे संक्रमण से बचाव होता है। नीबू, आंवला, मौसमी खट्टे, रसीले फलों के सेवन से आहार के अवशोषण में मदद मिलती है। काउंसलर शिवानी माथुर ने शरीर की सफाई के विषय में बताया। प्रधानाचार्य धर्मवीर गुप्ता, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर नीलम शुक्ला, शिवरानी, एएनम निशा, अर्शीनाज, गीता यादव, ज्योति, सविता, फार्मासिस्ट धर्मवीर, आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम जायसवाल, सरिता गौतम, रंजना गुप्ता, निमेशरी देवी आदि मौजूद रहीं।

### पंचायत भवन पर लगा तिरछा तिरंगा



**बरवर, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत गलरई के पंचायत भवन में झुका हुआ तिरंगा लगा है। गांधी जयंती पर दो अक्टूबर से इसे अभी तक उतारा नहीं गया। पंचायत भवन में लटकता ताला इस बात की गवाही दे रहा है कि कोई कर्मचारी वहां गया ही नहीं है। खण्ड विकास अधिकारी मोहित कौशिक ने कहा कि तिरंगा उतारा जाना चाहिए था।

### कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मनाया दशहरा




**पलिया कलां, अमृत विचार :** कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में देवी पूजन कर दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के नन्हें- मुन्ने बच्चे देवियों के विभिन्न रूपों के अतिरिक्त राम- लक्ष्मण, सीता, केवट एवं दशकंधर के परिधानों में सजकर आए। महिषासुर वध एवं रामलीला के विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य सुनील शुक्ला ने कहा कि हमें सभी त्योहारों से सीख लेनी चाहिए। रुचि, सोनाली, निशी, मनवीर, शिप्रा, पिंकी, प्रिया, संतोष, श्रेया,नंदिनी, सिमरन, लक्ष्मी, परविन्दर, गोविंद, जितेंद्र आदि रहे।

### भागवत कथा में सुनाया श्रीराम बरात का प्रसंग



**बिलहरी,अमृत विचार :** गांव हैदराबाद में रामलीला मैदान स्थित देवी मंदिर पर हो रही भागवत कथा में कथा व्यास अवधेश मिश्रा ने श्रीराम बरात का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि धनुश भंग के बाद श्रीराम और सीता का विवाह होना था। भगवान राम बारात लेकर जनकपुरी पहुंचे। उन्होंने विवाह गीत सुनाया-चारों लड़िकन में बड़का कमाल सखियां। प्रसंग सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। व्यवस्था में प्रमोद शुक्ला, नागेंद्र वर्मा, नानकचंद्र गुप्ता, मुनेंद्र सोनी, देवेंद्र सोनी आदि लगे रहे।

### जंगलों में नीलकंठ की तलाश में घूम रहे शिकारी



**पलिया कलां,अमृत विचार :** दशहरा के दिन शुभ माने जा रहे कटनास नीलकंठ पक्षी के दर्शन की सामाजिक मान्यता है। इसके चलते इन दिनों दुधवा से लेकर उत्तर खीरी वनप्रभाग के जंगलों में चिड़ीमारों ने इस पक्षी की तलाश तेज कर दी है। हालांकि क्षेत्र के वनाधिकारी इसे महज अफवाह बता रहे हैं। माना जाता है कि भोले शंकर के अत्यंत प्रिय, मनोहारी नीलकंठ पक्षी के दशहरा के दिन दर्शन करने से कष्ट दूर हो जाते हैं। इन लोगों को कटनाश के दर्शन कराकर अपनी जेब भरने में माहिर चिड़ीमार कई दिनों से इलाके में डेरा डाले हैं। ये लोग दिनभर पड़ोस के जंगलों में नीलकंठ की तलाश करते हैं। जंगल के किनारे रहने वाले कई फार्मरों ने ऐसे अनजान लोगों को टोका भी है। दुधवा पार्क प्रशासन सहित पलिया रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी विनय कुमार इसे मात्र अफवाह बताकर सिरे से खारिज कर रहे हैं।

## एक नजर

### तेंदुए ने दो बकरियों को बनाया निवाला

**मूड़ा सवारान, अमृत विचार :** गोला वन रेंज क्षेत्र के गांव भैंठिया में बृहस्पतिवार को एक तेंदुआ ने दो बकरियों को निवाला बना लिया। खेत में अवशेष पड़े मिलने पर ग्रामीणों के होश उड़ गए। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मौका मुआयना कर ग्रामीणों को सतर्क रहने और खेतों की ओर न जाने की सलाह दी। गोला रेंजर संजीव कुमार तिवारी ने बताया कि वहां पर स्टाफ की ड्यूटी लगा दी गई है। अगर तेंदुआ वहां से नहीं जाता है और उसकी लगातार मूवमेंट वहां पर रहती है तो उसकी व्यवस्था की जाएगी।

### पुलिस ने किशोर को 24 घंटे में ही किया बरामद

**बिलहरी, अमृत विचार :** हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे की अगुवाई मे पुलिस टीम ने आपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा किशोर को 24 घंटे में सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम मोतीपुर ग्रंट नंबर 14 निवासी अखिलेश कुमार (14) नौ अक्टूबर को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों ने हैदराबाद थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। हैदराबाद थाना प्रभारी शिवाजी दुबे के नेतृत्व में गठित टीम ने लोकेशन ट्रेस कराकर अखिलेश को 24 घंटे के अंदर बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### महानवमी पर सार्वजनिक अवकाश आज रहेगा

**लखीमपुर खीरी :** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि शासन स्तर से महानवमी का अवकाश 12 अक्तूबर की जगह 11 अक्तूबर पर अवकाश घोषित किया गया है। जबकि दशहरा का अवकाश 12 अक्तूबर को ही रहेगा।

# विधायक थप्पड़कांड: अब कानून के पाले में गेंद, तहरीर दी गईं

## सदर विधायक योगेश वर्मा की तहरीर में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष, उनकी पत्नी व 40 अज्ञात लोगों पर लगाया आरोप

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** विधायक थप्पड़कांड से जिले की सियासत गर्मा गई है। भाजपा के साथ-साथ दूसरे दलों के नेताओं की भी नजर आगे क्या होगा पर लगी है। वहीं गेंद अब कानून के पाले में है। गुरुवार को सदर विधायक योगेश वर्मा और व्यापारी नेता राजू अग्रवाल कोतवाली सदर पहुंचे। दोनों ने अलग-अलग तहरीर दी हैं। सदर विधायक ने जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह, उनकी पत्नी पुष्पा सिंह और 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट करने और जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। वहीं व्यापारी नेता राजू अग्रवाल ने मारपीट व लूटपाट का आरोप लगाते तहरीर दी है। दोनों तहरीरों पर पुलिस केस दर्ज करने की तैयारी में है।

बुधवार को अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की चुनावी प्रक्रिया के दौरान भाजपा सदर विधायक योगेश वर्मा और व्यापारी नेता राजू अग्रवाल के साथ मारपीट हुई थी। विधायक के साथ मारपीट से कुर्मी समाज और ओबीसी मोर्चा में भारी नाराजगी है वहीं व्यापारियों ने भी बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाई। गुरुवार की सुबह विधायक योगेश वर्मा और व्यापारियों के साथ राजू अग्रवाल प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल से मिले। इसके बाद दोनों ने कोतवाली जाकर अलग-अलग तहरीर दी। राजू अग्रवाल ने तहरीर में कहा कि वह अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की मुख्य शाखा आवास विकास में डेलीगेट पद के किए नामांकन पत्र लेकर आ रहे थे। बैंक की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा सिंह उनके पति अवधेश सिंह अपने 15-20 समर्थाके के साथ बाहर खड़े थे। सभी ने उनके साथ मारपीट की और पर्चा छीन लिया। किसी तरह भागकर जान बचाई। बाद में देखा तो उनके गले में पड़ी चेन गायब थी। आरोप है कि हमलावरों ने चेन लूट ली है। उधर विधायक ने तहरीर में जिला बार संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह और उनकी पत्नी पुष्पा सिंह समेत कई लोगों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


एडीएम संजय सिंह को ज्ञापन देते व्यापारी। • अमृत विचार


विधायक योगेश वर्मा से मिलने पहुंचे कुर्मी समाज के लोग। • अमृत विचार

### विधायक की बढ़ाई सुरक्षा, तैनात रहेंगे चार सिपाही

थप्पड़ कांड के बाद भाजपा सदर विधायक योगेश वर्मा की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि विधायक की सुरक्षा में पुलिस लाइन से दो और सिपाहियों को तैनात किया गया है। अब उनकी सुरक्षा में चार सिपाही मौजूद रहेंगे।

- **व्यापारी नेता ने भी दी तहरीर, रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी में जुटी पुलिस**

"सदर विधायक और व्यापारी नेता राजू अग्रवाल की तहरीर मिली है। प्रकरण की जांच चल रही है। जल्द ही रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। **-रमेश कुमार तिवारी,** सीओ सिटी

"व्यापारी प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल से मिले थे। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। घटना की तहरीर कोतवाली सदर में दी गई है। यदि पुलिस तीन दिन में रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार नहीं करती है तो व्यापार मंडल अनिश्चितकालीन बाजार बंद कर आंदोलन करेगा।
**-विनोद मिश्रा,** जिलाध्यक्ष जिला उद्योग व्यापार मंडल लखीमपुर

### बार अध्यक्ष अवधेश सिंह, पुष्पा सिंह समेत चार नेताओं को नोटिस

- **नोटिस मिलने के बाद आरोपी भाजपा नेताओं में मची खलबली**
- **चारों नेताओं को दिखाया जा सकता है पार्टी से बाहर का रास्ता**

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** भाजपा शहर विधायक योगेश वर्मा की पिटाई मामले को लेकर भाजपा प्रदेश नेतृत्व काफी गुस्से में है। प्रदेश महामंत्री ने बार संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह, उनकी पत्नी समेत चार भाजपा नेताओं को नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण तलब किया है। इससे खलबली मच गई है। नगर निकाय चुनाव में पुष्पा सिंह नगरपालिका चेयरमैन के लिए पार्टी की उम्मीदवार थीं। तब भाजपा दो गुटों में बंट गई थी। यह रार बुधवार को अर्बन कोआपरेटिव बैंक के नामांकन के दौरान सामने आ गई। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने प्रदेश नेतृत्व को पत्र भेजकर बुधवार की घटना की जानकारी दी। भाजपा प्रदेश संगठन ने इस घटना को काफी गंभीरता से लिया है। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने भाजपा की सक्रिय सदस्य पुष्पा सिंह, उनके पति अवधेश सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव और पूर्व सहसंयोजक बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ज्योति शुक्ला को नोटिस जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि अर्बन कोआपरेटिव बैंक की नामांकन प्रक्रिया के दौरान सदर विधायक योगेश वर्मा, संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ राजू अग्रवाल, शक्ति केंद्र संयोजक रामकृष्ण पुरी गांधी के साथ अभद्रता करना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण भाजपा प्रदेश कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। भाजपा के सूत्रों ने बताया कि मामले को लेकर केंद्रीय नेतृत्व भी काफी खफा है। उसने पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश संगठन से मांगी है। माना जा रहा है कि स्पष्टीकरण पहुंचने के बाद चारों आरोपियों को संगठन से बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। इसके साथ ही इन पर कड़ी कार्रवाई भी होने की संभावना

### अधिवक्ता संघ अध्यक्ष के समर्थन में उतरी करणी सेना

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना विधायक के साथ मारपीट करने के आरोपियों के समर्थन में उतर आई है। करणी सेना के जिलाध्यक्ष आशीष भदौरिया ने प्रेस नोट जारी कर कहा है कि सदर विधायक योगेश वर्मा शराब के नशे में रहकर पूर्व मंत्री राम कुमार वर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामू पांडेय के साथ विकास भवन में व शहर के बड़े व्यापारी पवन गुप्ता के साथ अभद्रता व गाली गलौज कर चुके हैं। अधिकारियों के साथ भी अमर्यादित व्यवहार करते हैं। अर्बन कॉपरेटिव बैंक के चुनाव के दौरान सदर विधायक ने हमारे समाज की महिला प्रत्याशी पुष्पा सिंह एवं भाजपा नेत्री ज्योति शुक्ला के साथ अभद्रता की। इससे क्षत्रिय समाज में बेहद रोष है। करणी सेना पूरी मजबूती के साथ पुष्पा सिंह, उनके पति अवधेश कुमार सिंह के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सदर विधायक योगेश वर्मा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### व्यापारी नेता के खिलाफ दी मारपीट लूटपाट की तहरीर

**लखीमपुर खीरी।** अर्बन कोआपरेटिव बैंक के नामांकन के दौरान हुए बवाल मामले में तीसरी तहरीर गुरुवार की देर शाम सदर कोतवाली पहुंची। यह तहरीर थाना नीमगांव के गांव बहादुरपुर निवासी वीर विक्रम सिंह उर्फ नीरज सिंह ने दी है। उनका कहना है कि वह सुबह करीब 10:30 बजे नामांकन देखने गए थे। तभी अचानक राजू अग्रवाल निवासी मोहल्ला संतोष नगर कालोनी अपने सहयोगी हेमू गुप्ता निवासी बरखेरवा व 15-20 अन्य साथियों के साथ आ गए। वहां मौजूद एक भाजपा नेत्री से छेड़छाड़ व अभ्रदता करने लगे। उन्होंने जब इसका विरोध किया तो गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। जान से मारने की नीयत से उठाकर पटक दिया, जिससे उसका सिर फट गया। हाथ में पहनी घड़ी व 2000 रुपये छीन लिए। उसका कहना है कि वह कोतवाली गया, लेकिन कोई अधिकारी नहीं मिला। सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों ने बिना पुलिस के इलाज करने से मना कर दिया।

### शिवपाल यादव ने कसा तंज

**लखीमपुर खीरी:** सदर विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ मारने की घटना पर समाजवादी पार्टी के महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने तंज कसा है। उन्होंने इस घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट करते हुए एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, प्रदेश की स्थिति अति गंभीर है। सत्ता पक्ष के विधायक भी सुरक्षित नहीं हैं।

# गोला में गर्मा-गर्मी के बीच गन्ना विकास समिति के 23 नामांकन दाखिल

- **कड़ी सुरक्षा के बीच हुए नामांकन, कई थानों की पुलिस तैनात की गई**
- **भाजपा और सपा समर्थक भिड़े, कोतवाली में दी गई तहरीर, कार्रवाई की मांग**

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचार:** सहकारी गन्ना विकास समिति में संचालक पद के लिए नामांकन काफी गहमा गहमी, हंगामा और कड़ी सुरक्षा के बीच दाखिल किए गए। 11 संचालक पदों के लिए 23 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

नामांकन पत्र की बिक्री और जमा करने का समय 10 बजे से चार बजे तक का था। निर्धारित समय पर पहुंचे संचालक पद के तमाम उम्मीदवार अपने क्षेत्र के काउंटरों पर निर्वाचन पत्रों की बिक्री का इंतजार करते रहे। लेकिन निर्वाचन अधिकारी की हीला हवाली के चलते दोपहर 12 बजे तक भी नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू नहीं हुई, जिसकी सूचना अधिकारियों को दिए जाने के बाद लगभग 12.30 बजे के बाद निर्वाचन पत्रों की बिक्री शुरू हुई।

नामांकन को लेकर सुरक्षा के लिए कई थानों की पुलिस लगाई गई थी। नामांकन स्थल पर मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित रहा। इस बीच निर्वाचन स्थल के बाहर उम्मीदवारों के समर्थकों की भीड़ लगी रही। कई बार भाजपा और सपा समर्थकों के बीच झड़प हुई, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत उठानी पड़ी। पर्चा छीने जाने की खबरें भी उड़ती रही। निर्वाचन अधिकारी वीबी सिंह ने बताया कि 11 संचालक पदों के लिए कुल 23 नामांकन दाखिल किए गए हैं। बताया कि 11 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच 10 बजे से तीन बजे तक की जाएगी और तीन बजे से पाच बजे तक वैध नामांकनों का प्रकाशन किया जाएगा। जबकि नाम वापसी और चुनाव चिन्ह का आवंटन 14 अक्टूबर को होगा। सुरक्षा व्यवस्था में एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, सीओ गवेंद्र गौतम, नायब तहसीलदार सर्वेश यादव, भानुप्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह सहित कई थानों की फोर्स मौजूद रही।


कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे बड़ी संख्या में सपाई। • अमृत विचार

### भाजपा समर्थकों पर लगाया अपहरण का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ।** सपा विधानसभा अध्यक्ष शेरसिंह यादव निवासी मूड़ा खालसा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि भाजपा समर्थक अरविंद सिंह निवासी कुंभी भी संचालक पद के प्रत्याशी हैं। उनकी सह पर बलविंदर सिंह निवासी हर्रैया, मुकेश आनंद निवासी गोला और ओमकार सिंह निवासी बसलीपुर ने उन्हें पर्चा न दाखिल करने के प्रयास से गाली गलौज कर प्रताड़ित किया। पुलिस की मौजूदगी में अपहरण कर उन्हें गाड़ी में डाल लिया गया। कोतवाली में सपा जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, पूर्व विधायक विनय तिवारी, रामसरन, सुनील लाला, प्रीतिइंदर सिंह, सत्यराम वर्मा लल्लन, खुर्शीद वर्मा आदि मौजूद रहे। कोतवाल चंद्रशेखर सिंह से फोन पर जानकारी करने पर उन्होंने फोन ही नहीं उठाया। सीओ गोला गवेंद्र गौतम ने बताया कि सहकारी गन्ना विकास समिति में संचालकों के नामांकन में हुए विवाद या अन्य कोई मामले की उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

# हाईवे पर दो दुकानों से लाखों की चोरी

**संवाददाता, चपरतला**

**अमृत विचार:** चोरों ने सीतापुर-बरेली नेशनल हाईवे परदो दुकानों के शटर तोड़ दिए और नगदी सहित लाखों रुपये का सामान बटोर ले गए। पुलिस छानबीन कर रही है।


मोबाइल शॉप का तोड़ा गया शटर। • अमृत विचार

मैगलगंज थाना क्षेत्र के चपरतला में नेशनल हाईवे पर बुधवार की रात नैमिष गुप्ता की मोबाइल शॉप का चोरों ने शटर तोड़ दिया। कई मोबाइल और दस हजार रुपये चोरी कर लिए। चोरों ने पड़ोस के ब्यूटी पार्लर को भी निशाना बनाया और नगदी समेत करीब दो लाख रुपये का माल ले गए। बड़ी संख्या में व्यापारी व अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ितों ने तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने जांच की बात कहकर रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

# एसएसबी सतर्कता दल ने फर्जी जवान दबोचा

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** शहर की गढ़ी रोड स्थित उप महानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय में चल रही भर्ती में सेंध लगाने पहुंचे एक फर्जी एसएसबी जवान को सतर्कता दल ने पकड़ लिया। वह गेट नंबर तीन पर मेडिकल पास कराने के लिए एक अभ्यर्थी से 1.20 लाख रुपये की बात कर रहा था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उप-महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय, लखीमपुर की तृतीय वाहिनी में एसएससी (जीडी), पीएसटी, टीपीटी, डीएमई और आरएमई की भर्ती प्रक्रिया 23 सितंबर से चल रही है। बुधवार को एसएसबी तृतीय वाहनी के सतर्कता दल ने गेट संख्या 3 के समीप एक संदिग्ध युवक को देखा। वह एसएसबी की पीटी ड्रेस (सफेद टीशर्ट और खाकी लोवर) में था, जो अभ्यर्थियों से बातें कर रहा था। सतर्कता दल को संदेह हुआ तो उसे पकड़कर पूछताछ की। सतर्कता टीम ने अभ्यर्थी अभय पाण्डेय से भी जानकारी ली। उसने बताया कि पीटी ड्रेस पहने युवक खुद को एसएसबी के रानीखेत सेंटर में तैनात बता रहा है। 1,20000 रुपये लेकर मेडिकल में पास कराने का दावा कर रहा था। सतर्कता दल ने जब जांच की तो आरोपी के पास से एसएसबी का नकली आईडी कार्ड बरामद हुआ, जिसमें उसका नाम सूरजपाल दर्ज था।

उसके पास कार्ड होल्डर (एसएसबी मोनोग्राम वाला), एसएसबी शोल्डर बैच, एसएसबी नायलॉन खाकी बेल्ट, हरी कैमो-टीशर्ट 6. कैमो पिट्ठू बैग, आधार कार्ड, नाम प्लेट, कैप, लाईन यार्ड खाकी 11. वूलेन कैप आदि बरामद हुआ। सतर्कता दल के निरीक्षक मनोज कुमार ने आरोपी के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# पत्ते लेने गई किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश, रिपोर्ट दर्ज

**मोहम्मदी, अमृत विचार:** मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र में बकरियों के लिए हरे पत्ते लेने गई किशोरी से एक युवक ने दुष्कर्म की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्रामीण ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री बुधवार दोपहर में अपनी छोटी बहम के साथ बकरियों के लिए हरे पत्ते लेने गई थी। खेत पर गांव के विमल कुमार ने बड़ी पुत्री को पकड़ लिया और गन्ने के खेत में खींच ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। छोटी पुत्री के शोर मचाने पर आरोपी उसे छोड़कर भाग निकला। वह जब आरोपी के घर शिकायत करने गया तो आरोपी व उसके घर वालों ने गाली गलौज की और भगा दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# शारदानगर के गुलरीपुरवा में पकड़ा गया तेंदुआ

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** शारदानगर रेंज के गांव गुलरीपुरवा में लगाए गए पिंजरे में एक तेंदुआ फस गया। बताते हैं कि शारदा नगर की तेंदुआ रेंज में एक और तेंदुआ घूम रहा है।

वन क्षेत्राधिकारी शारदा नगर अभय मल्ल ने बताया कि पकड़े गए तेंदुए की उम्र करीब तीन साल है। उसे दुधवा के जंगलों में छोड़ दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि यह तेंदुआ अभी नरभक्षी नहीं था। तेंदुए को फंसाने के लिए गुलरीपुरवा के साथ गंगाबेहड़, बिदौरा, इंदिरा मनोरंजन पार्क और मझरा फार्म में पिंजरे लगाए गए थे। सभी पिंजरों में बकरी बांधी गई थीं। वनकर्मी लगातार निगरानी कर रहे थे। गुलरीपुरवा में तेंदुए ने पडडा मारा था और दूसरे शिकार की तलाश में था।


पिंजरे में कैद तेंदुआ।

वह पिंजड़े में बंधी बकरी को खाने गया और फंस गया। रेंजर ने आशंका जताई कि यह तेंदुआ पहली जुलाई को मैनहन में बालिका को मारने वाला हो सकता है।

# मिट्टी और रेत का अवैध खनन जोरों पर, पुलिस मूकदर्शक

**सिंगाही, अमृत विचार:** थाना सिंगाही क्षेत्र में अवैध बालू और मिट्टी खनन को धंधा जोरों पर हो गया है। पुलिस मुकदर्शक है।

थाना सिंगाही क्षेत्र मेंखनन पर चार महीने पहले प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया ने शिकंजा कसा था। भदौरिया का स्थानांतरण होने करे बाद माफिया फिर सक्रिय हो गए। माझा, मोतीपुर, सिन्हौना, पोखरी आदि जगहों से जौराहा नदी से अवैध बालू खनन और गांवों के निकट खेतों से अवैध तरीके से मिट्टी का खनन जोरों पर शुरू हो गया। सिंगाही से नौरंगाबाद मार्ग पर बेधड़क ट्रैक्टर-ट्रालियां फर्राटा भर रही हैं। पूरी रात कस्बे के चौराहा पर पुलिस भी मौजूद रहती है। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि वह इस दिखवाएंगे।

## सार-संक्षेप

### मानसिक तनाव दूर करने को छात्राओं को कराया योग

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** विश्व मानसिक दिवस पर बृहस्पतिवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फूलबेहड़ में योग का अभ्यास कराने के लिए शिविर लगा। शिविर में छात्राओं को बुद्धि विकासक, तनाव प्रबंधन में लाभदायक सूक्ष्मव्यायाम, आसन, प्राणायाम एवं ध्यान कराया गया। योग प्रशिक्षक अमित कुमार ने बताया कि मानसिक तनाव हर किसी के जीवन में स्थाई रूप से अपने पैर पसार चुका है। मानसिक शांति पाने के लिए लोग योग, ध्यान, अध्यात्म को अपना रहे हैं। तनाव की वजह से अत्यधिक सिरदर्द, माइग्रेन, उच्च या निम्न रक्तचाप, हृदय से जुड़ी समस्याएं शरीर में पनपने लगती हैं। तनाव कम करने के लिए नियमित रूप से योग का अभ्यास करें। इस दौरान योग सहायक दीक्षा कुमारी सहित छात्राएं और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### छात्राओं को ब्लैकमेल करने वाले मौलाना का चालान

**बेहजम, अमृत विचार :** थाना नीमगांव पुलिस ने महिला मित्र के साथ मिलकर छात्राओं को ब्लैकमेल कर शोषण करने वाले मौलाना मसूद का गुरुवार को चालान भेजा है। उसकी महिला मित्र और एक अन्य आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव अछनिया निवासी मौलाना मसूद ने एक कांवेट स्कूल में पढ़ाने वाली अपनी महिला दोस्त के साथ मिलकर तीन छात्राओं को ब्लैकमेल कर शोषण करने लगा था। इसकी जानकारी होने पर छात्राओं के परिजनों ने मौलाना मसूद, उसकी महिला दोस्त और कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक मसूद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके साथ ही एक अन्य छात्रा के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने दो दिन पहले आरोपी मौलाना को हिरासत में ले लिया था। एसओ सुनीता कुशवाहा ने बताया कि मौलाना मसूद का चालान कर कोर्ट में पेश किया गया है। वहीं उसकी महिला दोस्त और कांवेट स्कूल के प्रबंधक की तलाश की जा रही है।

### नेशनल हाईवे के किनारे पौधों को नष्ट कर किया जा रहा जमीन पर कब्जा

**केशवापुर, अमृत विचार :** पीलीभीत बस्ती नेशनल हाईवे पर गोला वनरेंज के अंतर्गत गोला रजागंज तक वन विभाग द्वारा लगाए गए हरे भरे पेड़ पौधों को काटकर मिट्टी डालकर वन विभाग की करोड़ों रुपये की बेशकीमती जमीन पर कब्जा किया जा रहा है, जिसमें वन विभाग चुप्पी साधे हुए है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि पेड़ काटकर मिट्टी डाले जाने से वन विभाग द्वारा रोपित पौधे नष्ट हो रहे हैं। प्रार्पटी डीलर, बड़े.भू माफिया सरकारी जमीन को ही भोले भाले लोगों को बेंच दे रहे हैं। वन क्षेत्राधिकारी गोला संजीव कुमार तिवारी ने कहा कि मामले की जानकारी लगी है। वह स्वयं मौके पर जाकर देखेंगे। यदि ऐसा कोई मामला है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।


लखीमपुर रोड पर पेड़ काटकर डाली गई मिट्टी।

# सिंगाही की पुलिस पर भारी पड़ रहा बैटरा चोर गैंग

**सिंगाही, अमृत विचार :** सिंगाही क्षेत्र में पिछले हफ्ते चोर आठ से अधिक जगहों पर वाहनों और दुकानों पर लगे बैटरा खोल ले गए। पुलिस का कहना है कि यह घटनाएं गंजड़ी व भंगड़ी किस्म के अपराधी कर रहे हैं। थाना सिंगाही क्षेत्र में इन दिनों बैटरा चोर गैंग सक्रिय हो गया है। गैंग के सदस्य घरों व दुकानों में खड़े ट्रैक्टरों के बैटरे खोल ले गए तो कहीं दुकानों का ताला तोडकर बैटरा चोरी कर लिया। पखवाड़े भर पहले चोर हरद्वाही बाजार चौराहा पर छोटू के वर्कशाप पर खड़े ट्रैक्टर समेत दो बैटरे चोरी कर ले गए थे। शनिवार की रात गांव मोतीपुर में मुकेश के ट्रैक्टर का बैटरा खोल ले गए। इसी रात एक कंबाइन मशीन का भी बैटरा खोल लिया। दो हफ्ते में आठ से अधिक बैटरे चोरी हो चुके हैं। सभी पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर भी दी, लेकिन पुलिस के कान में जू नहीं रेंग रही है। पीड़ितों ने बताया कि पुलिस ने कहा कि घटना गंजड़ी-भंगड़ी कर रहे हैं। पता कर बताओ कौन लोग हैं। तब देखते हैं। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि तहरीर आती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध पाउडर मामले में मास्टरमाइंड गिरफ्तार

- **पलिया पुलिस ने दिल्ली में छापा मारकर पकड़ा, कागजात मिले**


आरोपी सुनील कुमार।

**संवाददाता, पलिया कलां**

**अमृत विचार:** संदिग्ध पाउडर मामले में पलिया पुलिस ने दिल्ली में छापा मारकर एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार आरोपी मास्टरमाइंड है और वह आयकर व चार्टर्ड अकाउंटेंट संबंधी कार्य भी देखता था। पुलिस ने उसके कब्जे से कई कागजात बरामद किए हैं। पुलिस अब तक इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, लेकिन संदिग्ध पाउडर पर पड़ा पर्दा आज तक पुलिस नहीं उठा सकी है। दो सितंबर को नेपाल सीमा पर स्थित बंसीनगर पुलिस चौकी पर एक डीसीएम पकड़ी गई थी, जिसमें 363 बोरी संदिग्ध पाउडर बरामद हुआ था। बोरियों पर कास्टिक सोडा का रेपर लगा था। पुलिस की जांच में बिल आदि फर्जी पाए गए। पुलिस ने चालक सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर चालान भेजा था। इसके बाद दो अन्य आरोपी गिरफ्तार किए गए।

अब पुलिस ने सातवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मनबोध तिवारी ने बताया कि पुलिस ने दिल्ली के राजधानी एनक्लेव, प्रीतमपुरा, थाना सुभाष पैलेस उत्तर पश्चिमी दिल्ली निवासी सुनील कुमार उर्फ पूनम चंद को गिरफ्तार किया है। वह इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड है। उसके पास नेपाल बॉर्डर से संबंधित बिल व अन्य कागजात भी बरामद हुए हैं।

### विधि विज्ञान प्रयोगशाला से नहीं आई जांच रिपोर्ट

**पलिया, अमृत विचार :** पाउडर को पुलिस ने जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा था, लेकिन 40 दिन बाद भी जांच रिपोर्ट नहीं आई है। इससे पकड़ा गया संदिग्ध पाउडर कास्टिक सोडा था या विस्फोटक खुलासा नहीं हो सका। बरामद बोरियों पर मेड इन चाइना और सोडा एस लिखा था। यह पाउडर दिल्ली ले जाया जा रहा था। एफएसएल के साथ ही कई विशेषज्ञ भी मौके पर पहुंचे थे, लेकिन कोई इस बात की पुष्टि नहीं कर सका था कि बरामद संदिग्ध पाउडर कास्टिक सोडा है या फिर और कोई रासायनिक पदार्थ। पाउडर का नमूना विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा था, लेकिन जांच रिपोर्ट पुलिस को नहीं मिली है। एसपी गणेश प्रसाद साहा का कहना है कि उन्होंने तीन बार लैब को रिमांडर भेजा है और जल्द परीक्षण कर रिपोर्ट भेजने की बात कही है।

देवो रुष्टे गुरुस्त्राता गुरो रुष्टे न कश्चन:।
गुरुस्त्राता गुरुस्त्राता गुरुस्त्राता न संशय:॥

भाग्य रूठ जाए तो गुरु रक्षा करता है। गुरु रूठ जाए तो कोई नहीं होता। गुरु ही रक्षक है, गुरु ही शिक्षक है, इसमें कोई संदेह नहीं।

## संपादकीय

# शास्त्रीय भाषाओं का संवर्द्धन

सांस्कृतिक विविधता एवं समृद्धि की दृष्टि से भारत विश्व में अतुलनीय स्थान रखता है। 'कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर बानी' की विशिष्टता वाले हमारे देश में अनेक प्राचीन भाषाएं हैं, जो अभी भी प्रचलन में हैं। यह सच है कि कुछ भाषाएं अध्ययन एवं अनुसंधान समेत कुछ विशेष कार्यों के लिए प्रयुक्त होती हैं, पर वे विलुप्त नहीं हुई हैं। शास्त्रीय भाषाएं भारत की गहन और प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की संरक्षक के रूप में काम करती हैं, जो प्रत्येक समुदाय के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मील के पत्थर का सार है। हाल ही में भारत सरकार ने पांच नई भाषाओं को 'शास्त्रीय' (क्लासिकल) भाषाओं की श्रेणी में शामिल किया है। ये भाषाएं मराठी, पाली, प्राकृत, असमी एवं बांग्ला हैं। संस्कृत, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और उड़िया पहले से ही इस सूची में हैं। इस प्रकार अब देश में मान्यता प्राप्त शास्त्रीय भाषाओं की संख्या 11 हो गई है।

गौरतलब है कि 12 अक्टूबर 2004 को तमिल भाषा के साथ इस सूची का प्रारंभ किया गया था। उसी वर्ष नवंबर में संस्कृत और बाद के वर्षों में अन्य भाषाओं को शास्त्रीय दर्जा दिया गया। अब इन पांच भाषाओं को शामिल करने का निर्णय किया गया है। ये निर्णय विशेषज्ञ समिति एवं साहित्य अकादमी द्वारा तैयार मानदंडों के आधार पर लिए जाते हैं। हालांकि इस वर्ष सुझावों के आधार पर मानदंडों में कुछ संशोधन भी किए गए हैं। संविधान की आठवीं अनुसूची के अंतर्गत भारतीय भाषाओं का एक वर्गीकरण होता है। जनगणना के दौरान लोगों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर भाषियों की गिनती की जाती है। केंद्र और राज्यों के स्तर पर विभिन्न भाषाओं को संरक्षित करने, उपलब्ध साहित्य का अनुवाद एवं प्रकाशन कराने तथा विकसित करने के कई कार्यक्रम चलते रहते हैं। पांडुलिपियों के संग्रहण और संरक्षण पर भी बहुत ध्यान दिया जाता है। ऐसे में शास्त्रीय भाषाओं की सूची का विस्तार एक उत्साहजनक व स्वागतयोग्य निर्णय है। इससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भाषाओं के सांस्कृतिक एवं अकादमिक महत्व को बढ़ाने में मदद मिलेगी। साल 2008 में शास्त्रीय तमिल के लिए एक केंद्रीय संस्थान की स्थापना की गई, जिसमें प्राचीन तमिल ग्रंथों के अनुवाद के साथ-साथ तमिल भाषा सिखाने के पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं। कन्नड़, तेलुगू, मलयालम और उड़िया भाषाओं के लिए भी विशिष्ट केंद्र खोले गए हैं। वर्ष 2020 में संस्कृत के लिए तीन विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में भारतीय भाषाओं के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उम्मीद की जा सकती है कि जिन भाषाओं को शास्त्रीय श्रेणी में शामिल किया गया है, उनके विकास के लिए भी अकादमिक प्रयास होंगे। साथ ही संस्थाओं और नागरिकों को भी इस दिशा में योगदान करना चाहिए।

# क्या ईश्वर के स्थान पर बैठ गया है इंसान



आर्य सागर खारी
नोएडा

प्रोटीन पर कार्य करने के लिए यह नोबेल पुरस्कार मिला है तो सबसे पहले प्रोटीन को हमें समझना होगा प्रोटीन क्या है? प्रोटीन मनुष्य सहित समस्त जीवधारियों व पेड़-पौधों के शरीरों का आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक है।

वर्ष 2024 का रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार किन वैज्ञानिकों को रसायन शास्त्र में किस काम के लिए मिला है, यह जानने समझने से पहले हमें यह जानना होगा कि 21 वीं सदी का रसायन शास्त्र बीकर, परखनली जैसे आधारभूत उपकरणों पर आश्रित न होकर कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे टूल पर निर्भर हो गया है। वर्ष 2024 का रसायन शास्त्र का नोबेल दो अमेरिकी व एक ब्रिटिश वैज्ञानिक को मिला है। अचरज की बात यह है कि इन तीन वैज्ञानिकों में कोई भी विशुद्ध तौर पर रसायन शास्त्री (केमिस्ट) नहीं है। पुरस्कार पाने वाले वैज्ञानिकों में दो कंप्यूटर वैज्ञानिक एआई विशेषज्ञ हैं तो तीसरे वैज्ञानिक कंप्यूटेशनल बायोलॉजिस्ट हैं। यह विज्ञान की आधुनिक शाखा है, जो कंप्यूटर साइंस, बायोलॉजी के मिश्रण से मिलकर बनी है।

प्रोटीन पर कार्य करने के लिए यह नोबेल पुरस्कार मिला है तो सबसे पहले प्रोटीन को हमें समझना होगा कि प्रोटीन क्या है? प्रोटीन मनुष्य सहित समस्त जीवधारियों व पेड़-पौधों के शरीरों का आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक है। हमारे बाल, नाखून, मसल्स जानवरों के सींग-पक्षियों के पंख हड्डियों को जोड़ने वाली कॉलेजन सभी प्रोटीन हैं। हमारे रक्त में पाए जाने वाला हीमोग्लोबिन शरीर में ग्लूकोज को नियंत्रित करने वाली इंसुलिन शरीर में पाए जाने वाले सभी हार्मोन यहां तक की एंजाइम सभी प्रोटीन हैं। प्रोटीन को यदि मानव शरीर से निकाल दे तो मानव शरीर पानी और हवा का एक बुलबुला मात्र रह जाएगा। शरीर की एक कोशिका दूसरी कोशिका से संपर्क जिन केमिकलों के माध्यम से करती है, वह केमिकल भी प्रोटीन है। शरीर संक्रमित होने पर अपनी रक्षा के लिए जिन एंटीबॉडी रसायनों का निर्माण करता है वह भी प्रोटीन ही है।

यह प्रोटीन प्रकृति में कुल 25 व हमारे शरीर में पाए जाने वाले 20 अमीनो एसिड से मिलकर बने होते हैं। आज दो करोड़ के लगभग प्रोटीन को आइडेंटिफाई किया जा चुका है। अमीनो एसिड क्या है? कार्बन आधारित जैविक अणु हैं, जो दहाई से लेकर हजारों की संख्या में जुड़कर एक खास सीक्वेंस में विभिन्न सरल से लेकर जटिल तीन आयामी प्रोटीन का निर्माण करते हैं। 1970 तक

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इस दुनिया को बदलने वाला है। दशकों में नहीं सालों में यह सब कुछ बदलने की क्षमता रखता है। क्या जीवन के रहस्य को सुलझा लिया जाएगा? क्या जीवन दाता ईश्वर को एक तरफ उपेक्षित बैठा दिया जाएगा, क्योंकि कुछ लोग ऐसी रिसर्च के आधार पर ही यह तर्क गढ़ते हैं।

वैज्ञानिक एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी की सहायता से कुछ हजार प्रोटीनों की संरचना के विषय में जान पाए थे, जो समय साध्य प्रक्रिया थी। वैज्ञानिक यह तो जान गए थे कि किसी प्रोटीन विशेष में कुल कितने अमीन एसिड का प्रयोग हुआ है, लेकिन प्रोटीन की संरचना बेहद जटिल होती है। आप इसे ऐसे समझ सकते हैं, प्रोटीन एक ऐसी गाय-भैंस को बांधने वाली धातु की बेल है, जिसके प्रत्येक के कुंदे को तो आप जानते हैं। एक कुंदे से दूसरा कुंदा किस क्रम में जुड़ा हुआ है, आप बेल की संरचना को आसानी से समझ सकते हैं। सरल प्रोटीन के मामले में तो आप इस उदाहरण को लागू कर सकते हैं, लेकिन वही कुंदे मिलकर किसी जटिल बेल रूपी प्रोटीन संरचना का निर्माण करते हैं, जिसकी ओर छोर का हमें पता नहीं है। अब वह बेल मानो ऐसे उलझ गई है कि हम चाहकर भी उसे सुलझा नहीं सकते। जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी के कारण आतंकित होकर घरों में सिमटी हुई थी तब ऐसी जटिल प्रोटीन संरचना के विषय में वर्ष 2020 तक दुनिया को कुछ पता नहीं था कि कैसे मिनटों में उसकी संरचना ज्ञात करें।

प्रोटीन की संरचना को लेकर 50 वर्षों से अबूझ बनी हुई इस पहेली को सुलझाने में एंट्री होती है, जॉन जंपर व डेमिक हस्साबिक नामक दो कंप्यूटर वैज्ञानिकों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विशेषज्ञ की, जिनमें एक अमेरिकी तो दूसरे ब्रिटिश हैं। दोनों डीप एआई नामक कंपनी के संस्थापक हैं, जिसका अधिग्रहण अब गूगल ने कर लिया है। इन दोनों वैज्ञानिकों ने अल्फा फोल्ड टू नामक एआई टूल विकसित किया, जिसके माध्यम से चार चरणों में अमीनो एसिड के प्रथम सीक्वेंस का पता लगाकर फिर किसी भी प्रोटीन की संरचना का पूर्व अनुमान लगा सकते हैं। भले ही उस प्रोटीन की संरचना कितनी ही जटिल हो, पूर्व अनुमान एकदम सटीक निकलता है। इनके द्वारा विकसित इस टूल का 190 देशों के 20 लाख मॉलेक्युलर बायोलॉजिस्ट इस फील्ड से जुड़े हुए विशेषज्ञ प्रयोग कर रहे हैं।

स्वीडिश नोबेल पुरस्कार कमेटी ने इन दोनों वैज्ञानिकों के काम की सहराना करते हुए नोबेल पुरस्कार की आधी राशि इन दोनों को देने की घोषणा की है। इन दोनों वैज्ञानिकों की खोज के आधार पर ऐसे एंजाइम जो प्रोटीन ही होते बनाए जा रहे हैं, जो पर्यावरण की शत्रु प्लास्टिक को अपघटित करेंगे। साथ ही एंटीबायोटिक दवाइयों से बैक्टीरिया में होने वाले रेजिस्टेंस की समस्या का समाधान भी इनकी खोज से संभव हो रहा है।

अब बात करते हैं तीसरे वैज्ञानिक डेविड बेकर की, जिन्हें पुरस्कार की आधी धनराशि मिली है। उन्होंने ऐसे प्रोटीन के निर्माण में महारत हासिल की, जो प्रकृति मानव शरीर या अन्य किसी जीव के शरीर में नहीं पाए जाते। इन्होंने रोसेटा नाम का कंप्यूटर प्रोग्राम खुद विकसित किया, जिसके माध्यम से 93 अमीनो एसिड को लेकर इन्होंने टॉप 7 नामक प्रोटीन बनाई जो नेचर में उपलब्ध नहीं है। इन्होंने अपनी बुद्धि को अनूठे तरीके से लगाया। इन्होंने अपने प्रोग्राम में प्रोटीन के घटक अमीनो एसिड के सीक्वेंस को न डालकर अपनी मनोवांछित प्रोटीन के डिजाइन को डाला, जिससे इन्हें अमीनो एसिड का सीक्वेंस मिल गया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इस दुनिया को बदलने वाला है। दशकों में नहीं सालों में यह सब कुछ बदलने की क्षमता रखता है। क्या जीवन के रहस्य को सुलझा लिया जाएगा? क्या जीवन दाता ईश्वर को एक तरफ उपेक्षित बैठा दिया जाएगा, क्योंकि कुछ लोग ऐसी रिसर्च के आधार पर ही यह तर्क गढ़ते हैं। यहां तक की जिनमें अधिकांश वैज्ञानिक नहीं होते वह कहते हैं जब वैज्ञानिक ऐसी प्रोटीन का निर्माण कर सकते हैं, जो ईश्वर की बनाई इस दुनिया में उपलब्ध नहीं हैं तो क्या यह संभव नहीं है? मनुष्य ईश्वर के स्थान पर आ गया है। इन सभी तर्कों का एक ही निराकरण है कि वैज्ञानिक जो भी कुछ करते हैं। भले ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी पॉवरफुल टूल उन्हें मिल गई है। वह सृष्टि रचना के नियमों का ही सहारा लेकर कुछ रचकर पाते हैं। वैज्ञानिकों के पास सृष्टि रचना सृष्टि में काम कर रहे विविध भौतिक रासायनिक जैविक नियमों से भिन्न कोई भी व्यवस्था नहीं है। अमीनो एसिड के बगैर कोई भी वैज्ञानिक कोई प्रोटीन नहीं बना सकता। अमीनो एसिड कार्बन नाइट्रोजन हाइड्रोजन जैसे तत्वों से मिलकर बने होते हैं। इन तत्वों के एक परमाणु को भी कोई वैज्ञानिक नहीं बना सकता।

यदि कोई प्रोटीन 100 अमीनो एसिड के सीक्वेंस से मिलकर बनी है तो उससे रैंडमली 10 की पावर 47 डिफरेंट संरचना बन सकती है। यह आंकड़ा इतना विशाल है कि आप इसकी गणना नहीं कर सकते अर्थात 10 के आगे 47 शून्य। अब इतनी विशाल संख्या में बनने वाली संरचनाओं की संभावना में से जो जीवन के लिए आवश्यक प्रोटीन हैं, वह यदि बने तो उसके लिए इतना समय चाहिए जितना समय सृष्टि की उत्पत्ति से लेकर आज पर्यंत हो चुका है अर्थात अरबों वर्ष। हमारे शरीर में तो हमारी कोशिकाएं अंग कुछ मिली सेकंड में ही हीमोग्लोबिन एल्बुमिन जैसी प्रोटीन बनाती हैं, जो रक्त का निर्माण करती है। वैज्ञानिकों ने अपनी गणनाओं से निष्कर्ष निकला कि यह पूर्व निर्धारित होता है। प्रत्येक अमीनो एसिड में यह जानकारी होती है, उन्हें किस उपयोगी प्रोटीन का निर्माण करना है, जिससे समय की बचत हो। अव्यवस्था का शरीर की कोशिका में कोई स्थान नहीं है। सब कुछ व्यवस्थित तरीके से होता है।

इस व्यवस्था की ही, जो व्यवस्थापक शक्ति है वही तो ईश्वर है। वेदों में जिसे प्रचेता अर्थात उत्कृष्ट ज्ञान देने वाला कहा गया है। आम आदमी जो शरीर की संरचना से अनभिज्ञ हैं। जीवन व्यवहार का उपयोगी ज्ञान ईश्वर उसको भी देता है और हमारे 2024 के रसायन शास्त्र के पुरस्कार विजेताओं को भी वही ज्ञान देता है। अंतर केवल इतना है कि आस्तिक व्यक्ति इसे शुद्ध अंतःकरण से स्वीकार करता है। इन वैज्ञानिकों ने अपने परिश्रम से एक सुखद रोगों से रहित दुनिया बनाने की दिशा में अपना सार्थक योगदान दिया है। मूल में ईश्वर के साथ-साथ हम इन वैज्ञानिकों के भी आभारी रहेंगे।

## प्रसंगवश

# क्या शोभा की वस्तु हैं गनर और पुलिस

यों तो पुलिस का नाम ही है आरक्षी और रक्षा करना उनका पावन कर्तव्य है। थानों में गीता के एक श्लोक की पहली पंक्ति दीवार पर मोटे अक्षरों में अंकित रहती है, "परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्:"। यानी वे सज्जनों की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए हैं।

इसके अलावा तमाम विशिष्ट लोगों को शासन अलग से रक्षक प्रदान करता है, जो शैडो, गनर, पीएसओ आदि पद नामों से पुकारे जाते हैं। इतना होते हुए भी कानून व्यवस्था को धज्जियां उड़ती रहती हैं और ये 'रक्षक' 'तटस्थ' बने रहते हैं। बात करते हैं उत्तर प्रदेश के लखीमपुर की, जहां 'अर्बन कोऑपरेटिव बैंक' के प्रतिनिधियों के चुनाव के समय स्थानीय भाजपा विधायक योगेंद्र वर्मा की पिटाई हुई। यह तब हुआ जब वहां पुलिस और एसडीएम मौजूद थे। यही नहीं, उन्हें व्यक्तिगत रक्षक गनर भी मिला हुआ था। यह घटना कारित करने वाला कोई साधारण व्यक्ति न होकर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह व उनके समर्थक थे, जिनकी पत्नी पुष्पा सिंह इस चुनाव में प्रत्याशी थीं। वे अध्यक्षा रह भी चुकी हैं। यह उदाहरण उद्धृत करने योग्य इसलिए भी है कि इस कानून भंजक घटना के पात्रों में एक कानून बनाने वाला है तो दूसरा न्याय पीठों को सही निर्णय तक पहुंचने में कानून बताकर मदद करने वाला नामचीन आधिवक्ता है। चूंकि मजिस्ट्रेट, पुलिस और गनर मूक दर्शक बने रहे और अपराध कारित होता रहा, तो इतना तो स्पष्ट हो ही गया कि प्रदेश में पुलिस, गनर आदि शोभा की ही वस्तु हैं। दोनों पक्ष भारतीय जनता पार्टी के हैं। अतः कम ही उम्मीद है कि कोई मुकदमा दर्ज होकर कार्यवाही होगी।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

एक और उदाहरण याद आ रहा है। अमेरिका की एक यूनिवर्सिटी में सभी छात्र 'श्वेत' थे। संयोग से एक 'अश्वैत' ने भी एडमीशन ले लिया। उसे श्वेत सताने लगे। यूनिवर्सिटी जाना दूभर हो गया। शासन ने पुलिस लगाई। विद्यार्थियों की संख्या बहुत थी। अश्वेत की रक्षा बेहद कठिन थी। अंततः उस एक विद्यार्थी के नागरिक अधिकारों की रक्षार्थ कई हजार पुलिस लगाई गई और वह बच्चा सकुशल वहां पढ़ता रहा। यूपी के इस प्रकरण में यदि लीपापोती हुई, तो कानून व्यवस्था पर से लोगों का विश्वास बहुत शिथिल हो सकता है।

# बिच्छू का मंत्र न जाने, पर सांप के बिल में हाथ डाले



रामचंद्र ओझा
रांची, झारखंड

पहले तो यह समझें कि 'वैदिक हिंसा हिंसा न भवति,' यह वेद और उपनिषद का वाक्य नहीं है। यह भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा रचित नाटक सत्य हरिश्चन्द्र का अंश है।

इन दिनों हिंदुओं को हिंसक बताने का चलन सा हो गया है। कहा जाता है कि हिंदू धर्म हिंसक है! इसकी पुष्टि में प्रायः एक उद्धरण प्रस्तुत कर दिया जाता है, "वैदिक हिंसा हिंसा न भवति।" एक मित्र के पटल पर इस आशय का विमर्श दिखा था। उसे देखकर मेरे मन में जो भाव उठे, वे निवेदित हैं। हमारी चिंतन प्रणाली इतने निचले दर्जे पर कभी न रही। कहने के लिए हम विज्ञान के प्रवर्तक हैं, किंतु वैज्ञानिक बुद्धि का हममें लेश भी नहीं। अधकचरे ज्ञान से हम लबालब हैं, पर इससे काम चलने वाला नहीं है। यह धोखा देगा।

सवाल है कि हिंदुओं को अपमानित करने के लिए अपनी समझ को धूल धूसरित करने से क्या फायदा? सोचे-समझे वगैर दिए गए उद्धरणों से ज्ञान के संस्कार आपके गिरेंगे। भावी पीढ़ियां और आपके प्रपौत्र आप पर हंसेंगे और तब कोई पुरुषोत्तम आप की रक्षा करने के लिए न होगा। पहले तो यह समझें कि 'वैदिक हिंसा हिंसा न भवति,' यह वेद और उपनिषद का वाक्य नहीं है। यह भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा रचित नाटक सत्य हरिश्चन्द्र का अंश है। उसका प्रसंग अलग और सीमित है। यह कोई विश्वजनीन सूक्ति नहीं है। ध्यान रहे किसी भी उक्ति की अर्थवत्ता प्रसंग पर निर्भर होती है। प्रसंग बदलते ही अर्थ बदल जाता है। कभी-कभी अर्थ का अनर्थ भी हो जाता है। सवाल है कि हम यह सब कब समझेंगे? कब समझेंगे कि नाटक दर्शन नहीं है। वह साहित्य का अंग है और एक कलात्मक विधा है। अन्य कलाओं की तरह इसका अलग महत्व है। रस एवं ग्राह्य मनः स्थिति उत्पन्न करना इसका साध्य है। भावोद्वेलन इसका जरिया है। अब रही बात जैन धर्म की! तो निःसंदेह जैन धर्म में जिस रूप में अहिंसा का प्रतिपादन है, वैसा अन्यत्र नहीं। वहां अहिंसा की पराकाष्ठा है, किंतु इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि जैनियों के समाज में हिंसा के दृष्टांत नहीं मिलते। क्या जैन राजा युद्ध में हिंसा नहीं करते थे? क्या अपराधियों को दंड का प्रावधान जैन समाज में नहीं है? क्या हिंसा का दृष्टांत भर मिल जाने से हम जैन धर्म को हिंसक बता देंगे? इन सवालों पर विचार करना चाहिए।

बौद्धों ने रोहिंग्या में मुसलमानों के साथ जो किया, वह सभी जानते हैं, किंतु इस आधार पर बौद्ध धर्म को कोई हिंसक धर्म नहीं मानता। बौद्धों ने 'जय बुद्ध' का नारा लगा तलवार नहीं खींची थी। गौर करें तो हर समाज में हर चीजों के दृष्टांत मिलेंगे, किंतु धर्म के मूल्यांकन का आधार उसका दर्शन है। कुरान के अनुसार काफिरों को मार देने की बात कही गई है तो क्या मुसलमान सभी हिंदुओं की हत्या करते चलते हैं? प्रेम और दोस्ती का भी तो प्रमाण मिलता है। दृष्टांत से कसौटी नहीं बदलती। इसलिए टॉर्च लेकर दृष्टांत न खोजें। क्या हम समझते हैं जैन और बौद्ध धर्म आसमान से टपके हैं या भारतीय धार्मिकता के अंग रहे हैं? हमें जानना चाहिए कि जैन धर्म में बताया गया सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह वस्तुतः उपनिषदों में भी है। एक नहीं कई उपनिषदों में ये प्रबलता से मौजूद हैं। छांदोग्य उपनिषद में सत्य, आर्जवम (ईमानदारी), दान, तप और अहिंसा, पांच आवश्यक गुण अपरिहार्य बताए गए हैं। शांडिल्य उपनिषद में दस संयमों की सूची दी गई है, जिसमें अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, दया, आर्जव, क्षमा, धृति, मिथ्याहार और शौच प्रमुख हैं।

सनातन, बौध और जैन में अंतर इन गुणों को लेकर नहीं है, बल्कि कुछ दार्शनिक बिंदुओं में भेद के कारण है। सत्य की अवधारणा और उस तक पहुंच के मार्ग को लेकर है। कुछ अंतर देश-काल के कारण है। किंतु अहिंसा भारतीय सभी धर्मों के मूल में है। परंतु वह अकारण नहीं है बल्कि उसकी एक दार्शनिक पृष्ठभूमि है। सवाल है कि इस अहिंसा का निहितार्थ क्या है। इसका अभिप्राय जानना जरूरी है।

इसका अभिप्राय केवल इतना है कि किसी की हत्या हमें इस कारण नहीं करनी चाहिए कि वह दूसरे धर्म और दूसरे देवता का उपासक है। मतभिन्नता के कारण किसी को शत्रु समझना वर्जित है। मत भिन्नता को उनका धर्म ग्रंथ शत्रु मानता हैं। इस पाग में मार्क्सवाद भी पगा हुआ है। अतः सांप के बिल में हाथ देने के पहले बिच्छू का मंत्र अवश्य जान लेना चाहिए और यह भी जान लेना चाहिए कि सनातन, जैन और बौद्ध अहिंसा का प्रतिपादन करते हैं, पर वहां भी आत्म रक्षा में हिंसा कहीं वर्जित नहीं है।

## सोशल फोरम

# प्रेम प्रकृति का वरदान

प्रेम प्रकृति का महान वरदान है। वह सहज-सुलभ नैसर्गिक आनंद है। उसमें बाधा डालने से मनुष्य सुखी नहीं हो पाएगा। सुयोग्य शिक्षक तो वह है, जो उस प्रेम की रक्षा करते हुए अध्ययन के प्रति प्रेम पैदा कर सके। सही शिक्षक वह है, जो प्रेमकला सिखाए न कि प्रेम से डराए।

खान सर की जानकारी और उनके शिक्षण कौशल का मैं प्रशंसक हूं, लेकिन बच्चों को प्रेम करने से हड़काने का जो काम वे करते हैं, वह घातक है। लाखों विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की आग में झोंककर भी वे सफलता तो उतने को ही दिला पाएंगे न जितनी सीटें हैं? कुछ सौ या हजार विद्यार्थी मन को मारकर अगर सफल भी होते हैं तो उन लाखों असफल के लिए वे क्या सोचते हैं, जो न इधर के रहे, उन उधर के रहे। जो प्रेम और नौकरी दोनों से हाथ धो बैठे उनके प्रति उनका कोई दायित्व नहीं?

प्रेम प्रकृति का महान वरदान है। वह सहज-सुलभ नैसर्गिक आनंद है। उसमें बाधा डालने से मनुष्य सुखी नहीं हो पाएगा। सुयोग्य शिक्षक तो वह है, जो उस प्रेम की रक्षा करते हुए अध्ययन के प्रति प्रेम पैदा कर सके। सही शिक्षक वह है, जो प्रेमकला सिखाए न कि प्रेम से डराए। प्रेम अमृत है, नौकरी तो जीविका का साधन मात्र है। प्रेमरहित जीवन नीरस है, चाहे व्यक्ति कितनी ही बड़ी नौकरी क्यों न हासिल कर ले। समाज में प्रेमकला सिखाने वालों का घोर अभाव है। इसकी वजह से बच्चों का जीवन यौवन ऊर्जा की अग्नि में झुलस रहा है। अगर बच्चों में प्रेम का भाव नहीं पैदा किया तो गुरु या शिक्षक होने का हक नहीं है। शिक्षक को सदैव प्रेम को सकारात्मक ऊर्जा के रूप में छात्रों के समक्ष रखना चाहिए।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

खान सर भी रूढ़िवादियों की तरह प्रेम के प्रति दृष्टि रखेंगे तो वे जितना उपकार नहीं कर पाएंगे, उससे ज्यादा अपकार कर बैठेंगे। इसलिए आग्रह है कि वे अपनी प्रेम विरोधी दृष्टि पर पुनर्विचार करें।

-फेसबुक वॉल से

# समाज के लिए आघात हैं तलाक के बढ़ते मामले



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारतीय समाज में विवाह भले ही एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार माना जाता रहा हो, परंतु एक पक्ष हमेशा से इसे पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंग के रूप में देखता रहा है, जो पति द्वारा पत्नी के शोषण पर आधारित था।

मान्यता है कि वैवाहिक जोड़े ईश्वर स्वर्ग में बनाता है, लेकिन हमेशा इन जोड़ों की आपस में नहीं बनती और ये बीच सफर में ही अलग होने का फैसला कर लेते हैं। सात जन्म का यह रिश्ता सही तरीके से एक जन्म भी नहीं चल पाता है और बात तलाक या विवाह विच्छेद तक पहुंच जाती है। पहले भारत में तलाक के किस्से आम नहीं थे, क्योंकि हमारे यहां विवाह एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार के रूप में माना जाता था, जिसमें दंपति तमाम वैवाहिक और पारिवारिक समस्याओं के बावजूद इसे जीवनपर्यंत निभाने की कोशिश करते थे। अनेक ऐसे परिवार हैं, जिनमें पति-पत्नी में कभी नहीं बन पाई, परंतु उन्होंने समाज और परिवार को ध्यान में रखकर अलग होने की बात कभी नहीं सोची, परंतु अब बदलते समय के साथ लोग इस दिशा में मुड़ने लगे हैं।

भारत में तलाक के मामले पिछले कुछ दशकों में बहुत तेजी से बढ़े हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार 2019-21 में तलाक की दर 0.8 प्रतिशत से बढ़कर 1.2 प्रतिशत हो गई, जिसमें शहरी क्षेत्रों में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। पिछले दो दशकों में तलाकों की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है। आज दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों में तलाक की दर वैवाहिक जोड़ों में 30 प्रतिशत से भी ज्यादा है। दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, कोलकाता और लखनऊ जैसे बड़े शहरों में तलाक के मामलों में तीन गुना वृद्धि हुई है। हालांकि पितृसत्तात्मक समाज प्रधानता वाले राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान आदि जैसे में तलाक और अलगाव की दर अपेक्षाकृत कम है। पूर्वोत्तर क्षेत्रों में तलाक की दर बहुत अधिक है। चिंताजनक बात यह है कि भारत में छोटे शहरों व गांवों में भी तलाक की दर में वृद्धि देखी जा रही है। दिल्ली में तलाक के प्रतिवर्ष लगभग 9 हजार मामले दर्ज किए जाते हैं, जो नब्बे के दशक में दर्ज होने वाले औसतन एक हजार मामलों से बहुत अधिक हैं। कोलकाता और चेन्नई में भी तलाक की दर में 200 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। केरल में तलाकों में 350 प्रतिशत की तो पंजाब और हरियाणा में तलाक के मामलों में 150 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। एक आंकड़े के अनुसार 2021 में देश भर की पारिवारिक न्यायालयों में विवाह विच्छेद के मामले करीब पांच लाख थे, वहीं वर्ष 2023 में बढ़कर आठ लाख से अधिक हो गए। महिलाओं की अपेक्षा तलाक की मांग करने वाले पुरुषों की संख्या बढ़ रही है। भारतीय समाज में विवाह भले ही एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार माना जाता रहा हो, परंतु एक पक्ष हमेशा से इसे पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंग के रूप में देखता रहा है, जो पति द्वारा पत्नी के शोषण पर आधारित था। पाश्चात्य संस्कृति से उपजी सोच ने तलाक को स्त्री स्वतंत्रता से जोड़कर देखना शुरु कर दिया है, जिसने परंपरागत वैवाहिक मूल्यों को कमजोर कर दिया है। भारत में शादी दो लोगों के बीच नहीं, बल्कि दो परिवारों के बीच होती है। हमारे देश में प्यार, नफरत, विवाह और दूसरी शादी जैसी समस्या को सामाजिक स्तर पर सुलझा लिया जाता रहा है। सर्वप्रथम वर्ष 1955 में संसद में हिंदू कोड बिल पारित किया, जिसमें महिलाओं को संपत्ति का अधिकार दिया गया। बहु विवाह पर रोक लगाई और तलाक मांगने का अधिकार भी मिला। वर्ष 1976 में इस में संशोधन किया गया तथा इसमें पति-पत्नी के बीच सहमति से तलाक लेने की अनुमति दी गई। पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव में समय के साथ ही परंपरागत संयुक्त परिवार टूटने लगा और स्त्री घरेलू से कामकाजी होते हुए आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने लगी। हालांकि पति भी अब पहले जैसे पुरुषवादी सोच के नहीं रहे हैं। तलाक के अधिकतर मामलों में यह मुख्य कारण उभर आता है कि दंपति द्वारा शादी के पहले के वादे पूरे न करना। इसके अतिरिक्त अपनी नौकरी की वजह से पत्नी को कम समय देना, नौकरी के कारण अलग-अलग शहरों में रहना। पत्नी की जिम्मेदारी न उठाना, विवाहेतर संबंध इत्यादि आम कारण रहा है। कई लोग घर वालों के दबाव में शादी कर लेते हैं, लेकिन बाद में यह रिश्ता कड़वाहट के साथ टूट जाता है। तलाक के निरंतर बढ़ते मामले एक बड़े सामाजिक बदलाव की ओर संकेत कर रहे हैं। हालांकि अभी भी भारत में तलाक की दर दुनियाभर में सबसे कम है, परंतु जिस तीव्र गति से इनमें वृद्धि हो रही है, उससे क्या यह आशंका नहीं कि भविष्य में हम पश्चिमी देशों के बराबर खड़े हो जाएंगे? यदि ऐसा हुआ तो इसका बुरा असर समाज के साथ-साथ देश पर भी पड़ेगा। सामान्यत संबंध विच्छेद की सबसे अधिक पीड़ा बच्चों के हिस्से में आती है। एकल परिवार में पले लड़कों में निष्क्रिय रहने की प्रवृत्ति होती है और लड़कियों में अवसाद एवं भटकाव की आशंका काफी अधिक बढ़ जाती है।

लंदन की किंगस्टन यूनिवर्सिटी में हुए एक रिसर्च के अनुसार तलाक लेने के पांच साल बाद पुरुषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा खुश रहती हैं, क्योंकि तलाक के बाद उन्हें खुलकर जीने का मौका मिला था। इसका सबसे बुरा असर यह पड़ रहा है कि जोड़े अब विवाह के बजाय लीव इन रिलेशनशिप में रहना ज्यादा पसंद करने लगे हैं, जिसमें कोई आपसी उत्तरदायित्व नहीं है और जब चाहें अलग हो जाएं, कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं और कोई पारिवारिक दायित्व नहीं। परंतु इससे विवाह नाम की संस्था की समाप्ति का डर है और परिवार का तो अंत ही हो जाएगा। यह भारतीय समाज के लिए बहुत बड़ा आघात होगा।

# शालीनता के प्रतीक रतन टाटा

हम सबके बीच रतन टाटा नहीं रहे। खबर सुनकर उनसे जुड़ी ढेर सारे किस्से कहानियां और घटनाएं, जहन में एक-एक कर उभरने लगी थी। इनमें कुछ घटनाएं ऐसी भी हैं, जिन्हें जानने-सुनने के बाद उनके गंभीर और शालीन व्यक्तित्व का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

वर्ष 2014 की बात है। देश में अभी सत्ता का परिवर्तन नहीं हुआ था। उन्हीं दिनों रतन टाटा ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने साथ घटित, एक ऐसे वाकये का जिक्र किया था, जिसे सुनकर सारा देश चौंक गया। चौंकना स्वाभाविक भी था, यदि प्रधानमंत्री के कार्यालय में कोई अधिकारी स्वयं रतन टाटा से किसी काम के एवज में पैसे की डिमांड करता है। देश के गिने-चुने शीर्ष उद्योगपतियों में से एक, रतन टाटा एक दिन स्वयं प्रधानमंत्री से मिलने उनके कार्यालय गए हुए थे। उन्हें 2जी स्पेक्ट्रम के संदर्भ में बातें करनी थीं। प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति के चलते उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री से नहीं हो पाती। लौटने से पूर्व, कुछ सोचकर वो वहां के एक अधिकारी के पास अपनी समस्या के निदान हेतु पहुंच गए। रतन टाटा आवाक रह गए, जब उस अधिकारी ने काम के एवज में पैसे की डिमांड रख दी। वो अपने चेहरे पर निर्विकार भाव लिए, वगैर कुछ कहे, वहां से वापस लौट आए। अपने इंटरव्यू में इस पूरे वाकये पर उन्होंने एक लाइन की टिप्पणी की थी "जब एक अदना सा अधिकारी रतन टाटा से रिश्वत की मांग कर सकता है, फिर तो सहज ही देश की हालात और सर्वत्र व्याप्त भ्रष्टाचार की कल्पना की जा सकती है"। धीर गंभीर दिखने वाले रतन टाटा का व्यक्तित्व ही कुछ ऐसा था कि उनकी प्रेम कहानियों की कोई खास चर्चाएं कभी भी गासिप कालम तक नहीं पहुंची, जबकि उनकी अंतिम दोस्ती तो फिल्म इंडस्ट्रीज की बहुचर्चित अभिनेत्री सिम्मी गरेवाल के साथ भी चली थी, जो पूरे सात सालों तक मंजिल की तलाश में भटकती रही।



विजय सिंह
रुद्रपुर, उत्तराखंड

## एक नजर

### प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, भक्तों की लगी है कतार भवानी



**गोला गोकर्णनाथ।** बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल की पुरानी कालोनी में सजे दुर्गा पूजा समारोह में कलाकारों ने रात्रि जागरण में भजन गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। माता रानी के भजन सुभी सरगम ने प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, लगी भक्तों की है कतार भवानी, विकास सक्सेना ने बिगड़ी मेरी बना दे ओ शेरों वाली मइया, पारुल संखवार ने मइया का चोला है रंगदा, मयंक अग्रवाल ने प्यारा सजा है तेरा द्वारा भवानी गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अवधेश श्रीवास्तव दीपू लाला, बब्बू सक्सेना, विवेक गुप्ता, अतुल पुरवार, अरुण श्रीवासतव, अजय मिश्र, यामिनी, सीता देवी, पारुल, शिव खरे आदि मौजूद रहे।

### नरेंद्र वाधवा बने बजाज एनर्जी के सीईओ

**लखीमपुर खीरी।** बजाज एनर्जी लिमिटेड के नरेंद्र वाधवा को मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ नियुक्त किया गया है। वह 29 वर्षों से अधिक का अनुभव रखते हैं। बड़े थर्मल पावर प्लांट्स के प्रबंधन और परिचालन दक्षता को बढ़ाने में मई 2013 से बजाज एनर्जी के साथ काम कर रहे हैं।

### चित्रकला प्रतियोगिता में पांच बच्चों ने मारी बाजी

**चपरतला।** विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी अस्पताल मोहम्मदी ने क्षेत्र के फ्यूचर पब्लिक स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की। जिसमें 40 बच्चों ने प्रतिभाग किया। पांच बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को अध्यक्ष प्रेस क्लब शेर सिंह राठौर ने मेडल पहनकर सम्मानित किया। शेष बच्चों को विद्यालय प्रबंधक ने पुरस्कार दिया। प्रवीण कुमार प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ने अंधता खत्म करने के लिए बच्चों को विस्तार से समझाया। इस मौके पर आजम खान एवं विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

### गन्ना समिति: 11 एकल नामांकन से निर्विरोध निर्वाचन तय

**मैगलगंज।** मैगलगंज गन्ना विकास समिति के संचालक मंडल के 11 पदों पर चुनाव नामांकन चुनाव अधिकारी/एसडीएम रेणु मिश्रा की मौजूदगी में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। निर्धारित समयावधि में कुल 11 संचालक पदों के निर्वाचन एकल नामांकन पत्र दाखिल हुए। सभी प्रत्याशियों का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है।

# बड़ा पल: जिला प्रशासन ने 1100 कन्याओं का एक साथ किया पूजन

## कन्या शक्ति वंदन कार्यक्रम: बेटियों को उपहार और सुकन्या योजना के तीन-तीन हजार के सांकेतिक चेक दिए गए, पूरे प्रदेश में अनूठा आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मंडी समिति परिसर दुर्गाष्टमी पर गुरुवार को ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बना। 1100 बेटियों के पूजन और अभिनंदन का कार्यक्रम प्रदेश में सिर्फ यहां आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल से यह पला रचा गया। बेटियों को उपयोगी उपहार (बैग, टिफिन, बोतल, स्टील की प्लेट व दीवार घड़ी, एनीमिया चार्ट) भी प्रदान किए गए।

मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री महिला कल्याण प्रतिभा शुक्ला ने शिरकत की। विधायक विनोद शंकर अवस्थी, उप्र महिला आयोग की सदस्य सुजाता कुमारी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे। सभी लोगों ने हवन कुंड में आहुति देकर देश, समाज और विश्व के कल्याण की कामना की। जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से आई कन्याओं के पूजन के साथ उपहारों का बैग वितरित किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने 6 माह की 11 बालिकाओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया। इन बालिकाओं को गर्म कपड़े, हाइजीन किट भी प्रदान की।



बेटियों के पूजन के बाद प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, राज्य मंत्री महिला कल्याण प्रतिभा शुक्ला, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा। ● अमृत विचार

### कन्या पूजन मातृ शक्ति की आराधना का प्रतीक : प्रभारी मंत्री

प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि आठ दिनों से मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जा रही है। कन्या-पूजन मातृ-शक्ति की आराधना का प्रतीक है। लखीमपुर खीरी की धरा पर 1100 परिषदीय विद्यालय की कन्याओं का पूजन करना मेरा सौभाग्य है। सरकार सीएम योगी जी के नेतृत्व में नारी व बेटी को सुरक्षित करने की एजेंडे के साथ उनके सम्मान, सुरक्षा के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।

### अपने लक्ष्य को साधें बेटियां : प्रतिभा

राज्य मंत्री महिला कल्याण प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि बेटियां शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, संस्कार के साथ ही अपने लक्ष्य को साधें। सरकार बेटियों को सशक्त बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर काम कर रही है। बेटियां पढ़ें-बढ़ें और स्वावलंबी बनें, ऐसी मां दुर्गा से कामना है। डीएम से आग्रह करते हुए कहा कि बेटियों को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दिलवाएं। बेटियों को शुरुआती 25 साल परिश्रम करने की सलाह दी ताकि जिंदगी के 75 साल आराम उठा सकें।

### कन्याओं को मदद की नहीं बल्कि मौके की जरूरत: डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि शारदीय नवरात्र की दुर्गाष्टमी पर आदिशक्ति की आराधना करते हुए जिला ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बनने जा रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरुकता पैदा करने के साथ कन्या शक्ति वंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है। आज कन्याओं को पूजन के साथ उपहारों की बैग में प्रदान किया जा रहा है, इसमें शामिल उपयोग की वस्तुओं का सदुपयोग करें। मेरा मानना है कि कन्याओं को मदद की नहीं, बल्कि मौके की जरूरत है। मौका बेटियों को महान बनाएगा। एक पढ़ी-लिखी बेटी, सुरक्षित भी होती है, सम्मानित भी होती है और स्वावलंबी भी होती है।




सेल्फी प्वाइंट के उद्घाटन के दौरान प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, चेयरमैन डॉ. इरा श्रीवास्तव और डीएम-एसपी। ● अमृत विचार

### सेल्फी प्वाइंट देगा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश

**लखीमपुर खीरी।** सौजन्या चौक के पास प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश देते सेल्फी प्वाइंट का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने सेल्फी भी ली। इस मौके पर विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार, नगर पालिका चेयरमैन डॉ. इरा श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

### बांकेगंज से 75 बालिकाओं ने लिया भाग

**बांकेगंज।** कन्या शक्ति बंधन कार्यक्रम में 1100 कन्याओं का कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर आयोजित किया गया, जिसमे प्रतिभाग हेतु बांकेगंज ब्लॉक से दो बसों में 75 बालिकाएं गईं। बच्चियों की देखरेख के लिए पांच नोडल शिक्षिका शुभी सिंह, दीप्ति मिश्रा, मंजू देवी, वर्षा सिंह, किरन दिवाकर भी गईं।ब्लॉक मुख्यालय से खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार, नोडल सकुंल सुनील कुमार, सर्वेश सिंह, दिनेश शर्मा ने बच्चों को रवाना किया।

### कन्याओं को लाने के लिए लगाई गईं बसें

कन्याओं को लाने के लिए 30 बसें लगाई गईं थीं। इन कन्याओं को बसों में बैठाने के लिए कई पिकअप केंद्र बनाए गए थे। यही से सभी कन्याओं को इकट्ठा करके बसों से कार्यक्रम स्थल पर भोर से ही लाया जाने लगा।

### बालिकाओं ने धारण किया देवी का स्वरूप

सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा ऋचा सिंह ने मां शैलपुत्री, पंखुड़ी मिश्रा ने मां ब्रम्हचारिणी, वैष्णवी सिंह ने मां चन्द्रघंटा, वैभवी श्रीवास्तव ने मां कुशमांडा, तनुष्का शुक्ला ने मां स्कंदमाता, अदिति सिंह ने मां कात्यायिनी, आंचल केवट ने मां कालरात्रि, वंशिका कश्यप ने महागौरी, अनन्या गुप्ता ने मां सिद्धिदात्री, संस्कृति गुप्ता ने मां दुर्गा, अनन्या कनौजिया ने मां संकटा देवी, अभिज्ञा शुक्ला ने शेर और पलक तिवारी ने राक्षस का रूप धारण किया।



बेटियों को सुकन्या योजना के तीन-तीन हजार के सांकेतिक चेक देते प्रभारी मंत्री, राज्यमंत्री, डीएम व विधायक। ● अमृत विचार

### गदगद दिखीं बेटियां, बोलीं कार्यक्रम बहुत ही अच्छा

कार्यक्रम में शामिल बेटियां बहुत उत्साहित व गदगद दिखीं। लखीमपुर ब्लॉक क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय के कक्षा तीन में पढ़ने वाली राधिका ने बताया कि कन्या भोज में भोजन स्वादिष्ट था। पलिया ब्लॉक के परिषदीय स्कूल से आई दिव्या ने बताया कि कार्यक्रम में आने से बड़ी खुशी मिली है। कक्षा दो की छात्रा खुशी ने भोज कार्यक्रम की सराहना की और खुशी जताई। छात्रा कीर्ति बताती हैं कि उपहार बहुत अच्छे हैं।

# कलम को बनाया सहारा पार कर ली हर मुसीबत

**शक्ति स्वरूपा**

संवाददाता, बिजुआ

**अमृत विचार:** लहरों से डरने वालों की नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। यह लाइनें रंजना सिंह हया पर बिल्कुल सटीक बैठती हैं। पति की मौत के बाद हर मुश्किल का डटकर मुकाबला ही नहीं किया, बल्कि शब्दों की माला पिरो एक अलग पहचान बनाई है।

कस्बा भीरा निवासी कवियत्री रंजना सिंह ने बताती हैं कि शादी के कुछ साल बाद ही पति की सड़क हादसे में मौत हो गई। उस समय मैं गर्भवती थी और एक बेटी गोद में थी। मुश्किलों के उस दौर में मायके वालों ने साथ दिया और न ही ससुराल वालों ने। मगर, बच्चों के लिए हर मुसीबत का सामना किया। कुछ माह बाद पुत्र का जन्म हुआ। इससे जीने की एक उम्मीद नजर आई। किसी तरह गुजर बसर करती रहीं। इस दौरान उनकी मुलाक़ात मशहूर शायर उमर फ़ारूक़ी से हुई, जिन्होंने शब्दों को पिरोना सिखाया। इसके बाद रजंना सिंह ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। तमाम मुसीबतों का सामना कर अपनी दम पर नाम कमाने वाली रंजना सिंह हया नारी सशक्तीकरण की मिशाल बनी हैं।



कवियत्री रंजना सिंह हया।

# गन्ना समिति के लिए दाखिल किए गए नामांकन पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सहकारी गन्ना विकास समितियों की प्रबंध कमेटी के सदस्यों (संचालक) पदों के लिए गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल किए गए। अरनीखाना सहकारी गन्ना विकास समिति के नौ संचालक पदों पर निर्विरोध नामांकन दाखिल हुए। भाजपा के खीरी मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार अवस्थी, संसारा देवी, लक्ष्मी देवी, सुधारा देवी, राकेश कुमार, रितिक वर्मा, शिवनंदन, सत्य विजय और रविंद्र कुमार ने एकल नामांकन दाखिल किया। माना जा रहा है कि यहां से अशोक कुमार अवस्थी निर्विरोध सभापति बनाया जाना तय है। नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद विधायक सदर योगेश वर्मा और गोला पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने प्रबंध कमेटी के सदस्यों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।

वहीं सहकारी गन्ना विकास समिति पलिया कलां के 10 सदस्यीय निदेशक मंडल के लिए 15 नामांकन पत्र जमा किए गए। इनमें से छह सीटों बल्लीपुर, मझगई, त्रिलोकपुर, पटिहन, अतरिया तथा गदनियां सीट पर एकल नामांकन होने से उनके प्रत्याशियों का निर्विरोध चुना जाना तय है।

तिरकौलिया सीट पर तीन उम्मीदवार तथा पलिया, फरसैया व पतवारा सीट पर दो-दो प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र जमा किए हैं। नामांकन पत्रों की जांच शुक्रवार को होगी। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी राम जनम के हवाले से गन्ना समिति सचिव देवेंद्र कुमार व वरिष्ठ लिपिक बड़े लाल द्वारा दी गई। यहां से अभिषेक अवस्थी का सभापति बनना तय माना जा रहा है। अभिषेक अवस्थी सहित छह संचालकों के निर्विरोध निर्वाचित होना तय होने पर विधायक रोमी साहनी ने अपने पलिया आवास पर उनका माल्यार्पण कर लड्डू खिलाकर स्वागत किया।

- अरनीखाना समिति में नौ संचालक पदों के लिए एकल नामांकन
- पलिया गन्ना समिति में चार पदों पर होगा संचालकों का चुनाव



विधायक रोमी साहनी ने पलिया समिति के संचालकों का माला पहनाकर किया स्वागत।



सदस्यों के साथ विधायक योगेश वर्मा और गोला चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू।

### फरधान में नौ पदों के लिए 13 नामांकन

**फरधान।** सहकारी गन्ना विकास समिति चुनाव में संचालक के नौ पदों के लिए 13 नामांकन दाखिल हुए। छह पदों पर सिर्फ एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया है।जबकि तीन पदों पर सात नामांकन हैं, जिनकी जांच शुक्रवार को होगी। एक पद पर तीन नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं, जबकि दो सीट दो दो नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। शुक्रवार को नामांकन पत्रों के जांच प्रक्रिया पूरे होने के बाद तय होगा की बचे हुए तीन पदों पर चुनाव होगा या इन पर भी निर्विरोध चयन होगा। अगर कुछ नामांकन पत्र खारिज होते हैं तो निर्विरोध निर्वाचित होने वालों की संख्या और भी बढ़ सकती है।

### भीरा में नौ संचालक पद पर हुए 10 नामांकन

**भीरा।** सहकारी गन्ना विकास समिति भीरा के प्रबंध कमेटी के चल रहे चुनाव प्रक्रिया में संचालक पदों के लिए 10 नामांकन दाखिल किए गए। सहायक निर्वाचन अधिकारी अमर सिंह राणा ने बताया कि नौ संचालक पदों के लिए 10 नामांकन पत्र जमा किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में कोतवाली पुलिस प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा पुलिस बल के साथ रहे।

# पुण्य तिथि पर याद किए गए मुलायम सिंह यादव



मुलायम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते सपा नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया भवन में सपा के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि पर समाजवादियों ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। वहीं विवेक ज्ञानस्थली एकेडमी में सपा के राष्ट्रीय सचिव रघुवीर सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल आदि ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण किया। पश्चात निबंध प्रतियोगिता मेरी माटी मेरे मुलायम आयोजित की गई।

सपा कार्यालय में विचार गोष्ठी में खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर ने कहा कि नेता जी समाजवादी नीतियों के बल परराजनीति के फलक पर छा गए। कहा किनेता जी के आदर्शों पर चलकर सपा को और अधिक मजबूत करें। यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने नेताजी के व्यक्तित्व के बारे में बताया। गोष्ठी में पूर्व एमएलसी शशांक यादव, सांसद खीरी प्रतिनिधि अशोक वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, जिलाध्यक्ष महिला सभा प्रख्याति खरे, मोहन बाजपेई, पूर्व विधायक रामसरन, श्रीकृष्ण राज, रघुवीर सिंह, रियाजुल्ला खां, मुन्ना यादव, वरुण चौधरी आदि ने विचार रखे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सरदूल सिंह, उदय भान सिंह यादव, माहे मोबीन, फहीम अहमद, अमित वर्मा, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# मनाई गई दुर्गाष्टमी, किया गया कन्या पूजन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- घरों से लेकर मंदिरों में हुआ हवन, पांडालों में पूजन के लिए उमड़े भक्त

**अमृत विचार:** शरदीय नवरात्र के तहत बृहस्पतिवार को जिले भर में दुर्गाष्टमी मनाई गई। मंदिरों से लेकर घरों में विधि विधान से हवन पूजन कर कन्याओं को भोज कराया गया।

नवरात्र के आठवें दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप का विध विधान से पूजन हुआ। इस दिन पहला और आखिरी व्रत रखने वाले भी अंतिम व्रत रखते हैं। शहर के संकटा देवी मंदिर, बंकटा देवी मंदिर, भुइयां माता मंदिर, माता शीतला देवी मंदिर में सुबह से ही भक्तों का आवाजाही शुरू हो गई। इससे मंदिरों में शंख की ध्वनि गूंजती रहीं।

उधर पलिया में श्रद्धालुओं ने महागौरी स्वरूप की विधिवत हवन पूजन किया। मोहल्ला बरबंडा में पुराने अस्पताल के पीछे चल रही दुर्गा पूजा के पंडाल में समाजसेवी आलोक मिश्रा सहित मोहल्ले के दर्जनों लोगों की पंडित विजय तिवारी ने हवन पूजन कराया।पीपल वाली देवी मठिया, झुकी डाल वाले शिव मंदिर प्रांगण, श्रीकुल आश्रम के देवी मंदिर में भी महिलाओं ने ढ़ोल मंजीरे बजाकर देवी गीत गाए। मोहल्ला कृष्णा नगर, थारू पुरवा सहित गांव पटिहन, मुजहा, मटहिया एवं बोझवा के देवी पंडालों में लोगों ने कीर्तन -भजन कर देवी के महागौरी स्वरूप की पूजा की।



पलिया के मोहल्ला बरवंडा में सजे मां के दरबार में मौजूद भक्त। ● अमृत विचार



विद्यालय में दुर्गाष्टमी पर सजी सजीव झांकी। ● अमृत विचार

# सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज में कन्या पूजन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के साथ दुर्गाष्टमी एवं विजयदशमी का पर्व मनाया गया। कन्या पूजन के साथ रावण का पुतला दहन हुआ। आरंभ मुख्य अतिथि राष्ट्र सेविका की जिला कार्यवाहक विनीता त्रिपाठी ने किया। उन्होंने कहा कि मनवांछित सफलता पाने के लिए शक्ति की आराधना आवश्यक है।

इतिहास संकलन समिति अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि बालिकाओं की सुरक्षा, उन्हें परिवार में समुचित सम्मान, स्थान एवं महत्व मिले, यह नवरात्रि का सबसे पावन प्रसाद है। विद्यालय में हवन-पूजन कर 101 छात्राओं को भोज कराया गया। प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने कहा कि मां भगवती से कामना है कि समाज में मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा का भाव हो और बालिकाएं सुरक्षित हों।

## सार-संक्षेप

### जमीयत उलमा के सदस्यों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



**मोहम्मदी, अमृत विचार :** जमीयत उलमा के सदस्यों ने मोहम्मद हजरत साहब को लेकर की गई महंत यति नरसिंहानंद की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई है। सदस्यों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन गुरुवार को एसडीएम और सीओ को सौंपा। इमाम अशजद सिद्दीकी के नेतृत्व में उलेमा के सदस्य मोहम्मद डॉ. जावेद, हाफिज इमरान समेत बड़ी संख्या में सदस्यों ने बैठक की। महंत की आलोचना कर विरोध जताया है। उन्होंने कई मांगों को लेकर एसडीएम अवनीश कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सीओ अरुण कुमार सिंह भी मौजूद रहे। मौलाना इस्लाम उल हक सिद्दीकी, मौलाना डॉक्टर जावेद असलम, मौलाना मुफ्ती अहसानुल्लाह, मौलाना मोहम्मद सालिम, मौलाना खालिद, मौलाना मोहम्मद उनैस आदि रहे।

### पैगंबर पर टिप्पणी से मुस्लिम समाज में आक्रोश



**सिंगाही, अमृत विचार :** पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब पर अभद्र टिप्पणी किए जाने से मुस्लिम समुदाय के लोगों में नाराजगी है। मौलानाओं ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। जामा मस्जिद के इमाम मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में झाला मस्जिद के इमाम मोलाना तौहीद, भेरौड़ा मस्जिद के इमाम हाफिज फारुख खां, बढ़ियन टोला मस्जिद के इमाम इमामत हुसैन, मुफ्ती बिलाल के साथ मुस्लिम समाज के लोग जामा मस्जिद पहुंचे। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार भीमचंद को सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। कहा कि पैगंबर मुहम्मद साहब के बारे में अभद्र टिप्पणी करने वाले स्वामी नरसिंहानंद सरस्वती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए। मौलाना शाहिद, हाफिज जुबेर, मौलाना इरफ़ान, हाफिज अब्दुल हफीज, जैनुल हुसैन, लतीफ, मौलाना फ़हीम आदि शामिल रहे।

# हाईवे पर टकराए दो ट्रकों में लगी आग, चालक की मौत

अमरोहा कार्यालय

- जोया में संभल चौराहा स्थित ओवरब्रिज पर हुआ हादसा, जयपुर का रहने वाला था मुकेश

**अमृत विचार :** जोया क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाइवे पर संभल चौराहा स्थित ओवरब्रिज पर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से दूसरा ट्रक टकरा गया। इससे दोनों ट्रकों में आग लग गई। हादसे में राजस्थान में जयपुर के रहने वाले चालक मुकेश कुमार (40) की जिंदा जलकर मौत हो गई। दूसरे ट्रक में सवार चालक और उसके सहायक ने कूदकर जान बचाई। हादसा गुरुवार तड़के 3 बजे हुआ।

बताया गया कि नेशनल हाईवे पर बुधवार रात 3 बजे दो ट्रक मुरादाबाद की ओर से दिल्ली की तरफ जा रहे थे। आगे जा रहे ट्रक को गाजियाबाद जिले में मंसूरी थाना क्षेत्र के गांव ढबारसी निवासी आसिफ पुत्र आस मोहम्मद चला रहा था। इस ट्रक में बजरी लदी हुई थी। जबकि, पीछे आ रहे ट्रक में लड़की का बुरादा भरा हुआ था। इस ट्रक को राजस्थान में जयपुर जिले के गांव शाहपुरा निवासी मुकेश कुमार चला रहा था। जैसे ही दोनों ट्रक जोया क्षेत्र में संभल चौराहा स्थित ओवरब्रिज पर पहुंचे, तभी बुरादा से भरा ट्रक आगे चल रहे बजरी के लदे ट्रक में घुस गया। टक्कर लगते ही दोनों ट्रकों में आग लग गई। इस बीच चालक मुकेश कुमार ट्रक के केबिन में फंसा रह गया। जिससे उसकी जलकर मौत हो गई। जबकि, दूसरे ट्रक के चालक व सहायक ने कूदकर अपनी जान बचाई। कई घंटे बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इस बीच डिडौली कोतवाली प्रभारी हरीशवर्धन सिंह भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। कई घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तब तक दोनों ट्रक जल गए। आग बुझाने के बाद चालक के शव को केबिल से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि टक्कर लगते ही दोनों ट्रकों में आग लग गई। इसमें बुरादा लदे ट्रक चालक की मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर चालक के परिजनों को सूचना दी गई है।

## मंगला देवी मंदिर पर कवि सम्मेलन आज

गोला गोकर्णनाथ। मां मंगला देवी मंदिर महोत्सव में कवि पं सियाराम मिश्र की स्मृति में कवि सम्मेलन सम्मान समारोह शुक्रवार की शाम होगा। कवि सम्मेलन के आयोजक/पं सियाराम मिश्र साहित्य सेवा संस्थान के मधुकर शैदाई, केके शुक्ल, प्रमोद दीक्षित, राजन मिश्र ने बताया कि कवि सम्मेलन में साहित्य भूशण जमुना प्रसाद उपाध्याय (अयोध्या), डॉ अतुल बाजपेयी (लखनऊ), बुद्धिनाथ मिश्र (देहरादून), अंन्शु छौंकर अबनी (आगरा), रजनी श्रीवास्तव (दिल्ली), समीर शुक्ल (फतेहपुर), करुणेश दीक्षित (शाहाबाद), शकुश मिश्र (पीलीभीत) और राघव शुक्ल (मोहम्मदी) काव्यपाठ करेंगे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचना सं.: इज्जत./इलै./ओ.टी./20/2024, दिनांक 09-10-2024

निम्नलिखित कार्य के लिये ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:–

**क्रम सं.-01,** कार्य का नाम: इज्जतनगर मण्डल के टनकपुर स्टेशन पर (2 टन) मैकेनाईज्ड लान्ड्री का प्रावधान से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **विवरण:** अनुमानित लागत रू. में: ₹ 64,60,778.05, धरोहर राशि रू. में: ₹ 1,29,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.में: शून्य, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय: 04-11-2024, 11:00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: चार माह।
• इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास–III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई–टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)**
मुजाधि/विद्युत–149 **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


## संगीत से संस्कार के लिए जागरुकता अभियान

लखीमपुर खीरी। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के के अनुराग मौर्य ने आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में छात्राओं को बताया कि संगीत से संस्कार की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राएं शामिल हो सकते हैं। अभियान के तहत सनातन धर्म बालिका विद्या मंदिर, सीबी सिंह गौड़ पब्लिक स्कूल, भगवानदीन आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सरदार पटेल कन्या इंटर कॉलेज विद्यालयों में अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया है। निखिल भल्ला, शैलेश बरनवाल, रचना, विजय श्रीवास्तव, दीपक, प्रिया आदि रहे।


**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, सम्पूर्णानगर–खीरी**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वर्ष 2024-25 हेतु व्यापारकर में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से निम्नांकित जॉब कार्यों हेतु प्रत्येक के सम्मुख अंकित तिथि को अपरान्ह 3:00 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | विवरण | धरोहर धनराशि प्रत्येक आईटम की अलग–अलग (रू. में) | निविदा तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ई0टी0पी0, स्प्रे पौण्ड, इन्जेक्शन चैनल, सर्विस टैंक की सफाई का कार्य। | रू0 5000/- | 18.10.2024 |
| 2 | ऑफ सीजन में डोर, जूस सल्फाइटर, क्रिस्ट0 हापर, ग्रेडर, शुगर बिन की डीरस्टिंग एवं पेन्टिंग का कार्य। | रू0 2000/- | 18.10.2024 |
| 3 | विभिन्न प्रकार की चीनी गलाई का कार्य। | रू0 5000/- | 18.10.2024 |
| 4 | ड्राई सीड को पैन फ्लोर पर पहुंचाने सम्बन्धित कार्य। | रू0 5000/- | 18.10.2024 |
| 5 | सीजन/ऑफ सीजन में क्वाड, पैन, जूस हीटर सेमी केस्टनर आदि की ट्यूबों की सफाई एवं सीजन में जमा क्रिस्टलाइजरों की सफाई का कार्य। | रू0 5000/- | 19.10.2024 |
| 6 | सत्र के दौरान ब्वायलिंग हाउस में मशीनों के नीचे गिरी चीनी/शीरे को उठाकर मशीनों में डालना एवं हाउस का कार्य। | रू0 5000/- | 19.10.2024 |
| 7 | नये बोरों की स्क्रीन प्रिन्टिंग/बोरों में पाली लाईनर डालने सम्बन्धित कार्य। | रू0 2000/- | 19.10.2024 |
| 8 | गंधक चूना को सम्बन्धित स्टेशनों पर पहुंचाने का कार्य। | रू0 5000/- | 21.10.2024 |
| 9 | सत्र समापन पर ब्राउन शुगर निकालने सम्बन्धित कार्य। | रू0 5000/- | 21.10.2024 |
| 10 | सत्र समापन पर ब्वायलिंग की सफाई का कार्य। | रू0 5000/- | 21.10.2024 |

निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में रू0 236/- मात्र मिल कोषागार में जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। समस्त आईटमों की धरोहर धनराशि पृथक-पृथक जमा करानी होगी, प्राप्त निविदायें निर्धारित तिथि को अपरान्ह 3:30 बजे खोली जायेगी। यदि आवश्यक हुआ तो नेगोशिएसन भी किया जा सकता है।

अधोहस्ताक्षरी को किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सर्व सुरक्षित होगा।

**प्रधान प्रबन्धक**



आपत्ति/स्वकर प्रपत्र जमा करने की निर्धारित तिथि 21 अक्टूबर 2024

10 प्रतिशत छूट की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर 2024

**बरेली नगर निगम**

पत्रांक : 144/सम्पत्ति कर विभाग/2024–25 दिनांक : 10.10.2024

**(नगर निगम सीमान्तर्गत स्थित समस्त भवनों के स्वामियों/अध्यासियों के लिए सम्पत्ति कर के सम्बन्ध में सार्वजनिक सूचना)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम सीमान्तर्गत निर्मित समस्त भवनों की प्रस्तावित कर निर्धारण सूची उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 207 एवं उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्तिकर) नियमावली 2000 की धारा 5 के अन्तर्गत तैयार कर जनसामान्य के अवलोकनार्थ एवं सार्वजनिक सूचना दिनांक 08.03.2024 के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कर आपत्ति आमंत्रित की गयी है।

समस्त भवन स्वामियों को पुन: सूचित किया जाता है कि यदि किसी भवन स्वामी/अध्यासी को प्रस्तावित कर निर्धारण सूची में उल्लिखित भवन के कारपेट एरिया, आच्छादित क्षेत्रफल या भूमि के क्षेत्रफल की गणना या अन्य प्रविष्टियों आदि के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो निर्धारित दिनांक 31 अक्टूबर 2024 तक आपत्ति/स्वकर जमा कर इस अवसर का लाभ उठायें। नगर निगम सीमान्तर्गत निर्मित समस्त भवन स्वामियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वर्तमान में सम्पत्ति कर जमा करने पर चालू मांग में 10 प्रतिशत की छूट एवं ऑन लाइन जमा करने पर 11 प्रतिशत की छूट की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 है समस्त भवन स्वामी अपने भवन का सम्पत्ति कर जमा कर छूट का लाभ प्राप्त करें।

**(संजीव कुमार मौर्य)** नगर आयुक्त — **(डॉ. उमेश गौतम)** महापौर



**व अदालत उप जिलाधिकारी बरेली**

मुकदमा नं. 20241213010323 8/2024

नत्थू सिंह पुत्र मेवा सिंह आयु 70 वर्ष पेशा खेती निवासी ग्राम चौबारी परगना तहसील व जिला बरेली

**बनाम**

1. अजयपाल सिंह पुत्र मेवा सिंह 2. महेन्द्र सिंह 3. सुरेश सिंह पुत्रगण कल्यान सिंह 4. लल्लू सिंह 5. पिन्टू सिंह 6. आमना सिंह पुत्रगण सुनील सिंह 7. रतीभान सिंह पुत्रगण महाराज सिंह 8. गया सिंह पुत्रगण महाराज सिंह 9. शिशुपाल सिंह 10. राम सिंह पुत्रगण निर्मान सिंह 11. राम बाबू सिंह पुत्र मुंशी सिंह 12. मनोज 13. अमित 14. रोहित 15. मोहित पुत्रगण प्रेमपाल सिंह 16. पप्पू सिंह 17. मुनेन्द्र सिंह पुत्रगण प्रताप सिंह 18. विजय प्रकाश सिंह पुत्र हरी शंकर सिंह निवासीगण ग्राम चौबारी तहसील व जिला बरेली 19. श्रवण कुमार सन्तोष कुमारी चैरिटेबिल ट्रस्टी अनिल अग्रवाल पुत्र श्रवण कुमार अग्रवाल निवासी 158 राजेन्द्र नगर तहसील व जिला बरेली 20. गांव सभा प्रधान ग्राम चौबारी भगवानपुर ठाकुरान तहसील व जिला बरेली 21. राज्य सरकार द्वारा कलक्टर साहब, बरेली

...... मुददालय

चूंकि मुसम्मी नत्थू सिंह पुत्र मेवा सिंह ने आपके नाम एक नालिश वास्ते हक की घोषणा के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 28.09.2024 को असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात के मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**अपर जिलाधिकारी (सदर) बरेली**


## अपूर्ण रिजल्ट में सुधार के लिए 21 तक दें प्रार्थना पत्र

बरेली। वर्ष 2023 की स्नातक और परास्नातक की मुख्य परीक्षा, सुधार परीक्षा, सेमेस्टर की बैक परीक्षा और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं नष्ट करेगा। विश्वविद्यालय ने 19 फरवरी तक सभी परिणाम जारी किए थे। विश्वविद्यालय ने छात्रों से कहा कि जिन छात्रों का परिणाम अधूरा है तो वह 21 अक्टूबर तक गोपनीय विभाग में प्रार्थना पत्र दे दें, इसके बाद उनके प्रकरण का निस्तारण नहीं किया जाएगा।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद: द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेंडर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेंडर संख्या दिनांक | 196-DRM-MB-24-25 Dt.10.10.2024 | 203-DRM-MB-24-25 Dt.10.10.2024 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Hiring of vehicle Total 8 Nos MUVs and 2 Nos.9MT Truck for 24 Months for Sr.Supervisiors under ADEN/BE & ADEN/SPN in the jurisdiction of Sr. DEN-III/MB. | Raising of plinth and improve drainage arrangement to prevent water logging of T-10 Block at RAC in the section of, SSE/W/RAC under ADEN/SPN. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 04.11.2024 16:00 | 04.11.2024 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,95,42,045.17 | 54,60,953.34 |
| धरोहर राशि | 2,47,700.00 | 1,09,200.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 21.10.2024 | 21.10.2024 |
| टेन्डर फार्म की लागत | 5,000/- | 0 |
| ऑफर की वैधता | 90 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह | 8 माह |

टेन्डर न.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 10.10.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3123/24



**कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर जनपद पीलीभीत**

पत्रांक:– 908 (iv)/न.पा.परि./बी./2024–25 दिनांक: 10.10.2024

**दुकान नीलामी की संशोधित सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बीसलपुर कार्यालय के सामने बने शॉपिंग काम्पलेक्स में निर्मित 14 दुकानों की नीलामी सूचना दिनांक 02 अक्टूबर, 2024 को समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई थी, जिसमें किंचिद संशोधन करते हुए सूचित किया जाता है कि उक्त दुकानों की नीलामी की जमानत धनराशि 5000/– (पचास हजार रू0) बोली लगाने से पूर्व बोलीदाता को प्रति दुकान जमा करना होगी। शेष नियम, शर्ते व दिनांक पूर्ववत रहेंगी। स्थान:– पुस्तकालय/सभाकक्ष, समय प्रात: 10:00 बजे।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बीसलपुर**
**जनपद पीलीभीत**



**कार्यालय ग्राम पंचायत नवदिया वमनपुरी वि.खं. नवाबगंज (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नवदिया वमनपुरी विकास खंड नवाबगंज, बरेली में वित्तीय वर्ष 2024–25 में मनरेगा योजना के अनतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य पर निर्माण सामग्री जैसे ईट, रोड़ा, बजरफुट, बजरी, रेता महीन, सरिया, पन्नी, सीमेन्ट, मिटटी बाईबरेहट व मिक्सरआदि जिसका विवरण व मात्रा ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है गुणवत्तानुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 11.10.24 को दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिनको दिनांक 15.10.24 को अपरान्ह 2:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। विवरण निम्नवत है

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई | अनु.लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | सूरजपाल के घर से ब्रह्मदेव तक सी सी और नाली निर्माण कार्य | 132 मी. | 10.00 |
| 2. | मंगलसेन के घर से ढाकन लाल मास्टर के घर तक सी.सी. और नाली निर्माण कार्य | 90 मी. | 3.09 |
| 3. | बेचेलाल के घर से प्रेमपाल के घर तक सी.सी. और नाली निर्माण कार्य | 24 मी. | 1.75 |

**ग्राम प्रधान** चरन सिंह — **ग्राम विकास अधिकारी** उत्तम कुमार



**कार्यालय नगर पंचायत सिरौली, बरेली**

पत्रांक:– 1002/न.पं. सिरौली/2024–25 दिनांक : 04.10.2024

**ई–निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या 377/2024/नौ–5–2024/ 001–Com. No.–1800131 नगर विकास अनुभाग – 5 लखनऊ दिनांक 15 मार्च 2024 के क्रम में पेयजल व्यवस्था योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्राप्त धनराशि एवं कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट बरेली के पत्र संख्या 994(9)/न.पा.सहा.–2024–25 दिनांक 30.09.2024 के क्रम में 15वां वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु (Tied Grant / Untied) बुनियादी अनुदान की प्राप्त द्वितीय किश्त एवं राज्य वित्त आयोग तथा 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क एवं कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट बरेली के पत्र संख्या 1103 (1–20)/न.पा.सहा.–2023–24 दिनांक 05 03.2024 व के क्रम में 15वां वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु (Untied Grant) बुनियादी अनुदान की प्राप्त प्रथम किश्त एवं राज्य वित्त आयोग की धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो एवं माननीय बोर्ड बैठक दिनांक 12.03.2024 के प्रस्ताव संख्या 05 के बिन्दु संख्या 42 में प्रस्तावित कार्य स्वीकृति के क्रम में शासकीय एवं स्थानीय निकायों में पंजीकृत/नवीनीकृत समस्त ठेकेदार/फर्मो से ई–निविदा (टैकनिकल/ फाइनेनशियल) ई–टेण्डरिंग की बेवसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 11.10.2024 से आमंत्रित की जातीं है। निविदा डाउनलोड एवं टेण्डर अपलोड करने की दिनांक 11.10.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे से दिनांक–31.10.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे तक। निविदा खोलने का दिनांक– 04.11.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे निश्चित किया जाता है। कार्यालय नगर पंचायत सिरौली, बरेली द्वारा अधिशासी अधिकारी के नाम से ई–टेण्डरिंग हेतु खोले गये भारतीय स्टेट बैंक शाखा सिरौली के खाता संख्या–38967295867 I.F.S.C. Code-SBIN0011167 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी./अन्य माध्यमों से ऑनलाईन द्वारा प्रत्येक कार्य का निविदा शुल्क अलग–अलग जमा करना होगा तथा 02 प्रतिशत जमानत धनराशि एफ.डी.आर./नगद के रुप में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिरौली के नाम बन्धक कर निविदा के साथ अपलोड करेंगें तथा 08 प्रतिशत जमानत धनराशि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त 03 दिवस के अन्दर एफ.डी.आर./नगद के रुप में जमा करना होगी। निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी कार्यालय नगर पंचायत सिरौली से कार्यालय समय एवं कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। विस्तृत शर्ते विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अधिकारी** नगर पंचायत सिरौली, बरेली — **अध्यक्ष** नगर पंचायत सिरौली, बरेली



**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मोहम्मदी-खीरी**

पत्रांक:– 2053/आंकिक/पंचम/पंद्रहवां वित्त आयोग दिनांक: 05.10.2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

यह महिम राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी–खीरी हेतु पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पंद्रहवां केन्द्रीय वित्त आयोग टाइड/अनटाईड योजना के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024–25 में कराये जाने वाले निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित ठेकेदारों / फर्मो से प्रतिशत दरों में अधोलिखित कार्यो हेतु जिनका आयकर वाणिज्यकर विभाग में पंजीकरण हो, से मोहरबंद निविदा दिनांक 21.10.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की आगणन | सिक्योरिटी | निविदा प्रपत्रों का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड) | ग्राम पंचायत मुड़िया के पंडरिया में स्वच्छ पेयजल स्थापना कार्य 1 नग | 433200 | 8664 | 855.00 | 02 माह |
| 2. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड) | ग्राम पंचायत राजापुर के बडेरा में मन्दिर पर स्वच्छ पेयजल स्थापना कार्य। 1 नग | 433200 | 8664 | 855.00 | 02 माह |
| 3. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड) | ग्राम पंचायत रामपुर मिश्र में गुरूद्वारा पर स्वच्छ पेयजल स्थापना कार्य। 1 नग | 433200 | 8664 | 855.00 | 02 माह |
| 4. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड) | ग्राम पंचायत राजापुर के शेखापुर में मन्दिर पर स्वच्छ पेयजल स्थापना कार्य। 1 नग | 433200 | 8664 | 855.00 | 02 माह |
| 5. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड) | ग्राम पंचायत गुलरिया परवस्तनगर में स्वच्छ पेयजल स्थापना कार्य। 1 नग | 433200 | 8664 | 855.00 | 02 माह |
| 6. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड) | ग्राम पंचायत बलमियां वडखर में मेन रोड के पास स्वच्छ पेयजल स्थापना कार्य। 1 नग | 433200 | 8664 | 855.00 | 02 माह |
| 7. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड) | ग्राम पंचायत बलमियां बडखर में मोहित पाण्डेय के घर के पास नाली निर्माण कार्य। 60 मी. | 150800 | 3016 | 855.00 | 02 माह |
| 8. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड) | ग्राम पंचायत रछैलावाजिदपुर में रामविलास के मकान से विपिन यादव के मकान तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य 85 मी. | 392200 | 7844 | 855.00 | 02 माह |
| 9. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड) | ग्राम पंचायत देवलरिया के इटौआ में मेन रोड से बद्री के मकान तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य। 98 मी. | 278900 | 5578 | 855.00 | 02 माह |
| 10. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाइड) | ग्राम पंचायत पिपरिया कप्तान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मेन रोड से अस्पताल तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य। 35 मी. | 256800 | 5136 | 855.00 | 02 माह |
| 11. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत पिपरिया कप्तान में अनिल के मकान से तालाब तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य। 30 मी. | 197700 | 3954 | 855.00 | 02 माह |
| 12. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्रा. पंचायत खन्देवरा में प्राथमिक विद्यालय से श्यामबिहारी लाल के मकान तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य 140 मी. | 840800 | 16816 | 855.00 | 02 माह |
| 13. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत ग्रन्ट इब्राहिमपुर के सुन्दरपुर में राधेश्याम के घर से बन्टी के घर तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य। 75 मी. | 457600 | 9152 | 855.00 | 02 माह |
| 14. | 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत गुलरिया परवस्तनगर में कल्लू के खेत से ननकाई के खेत तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य122 मी. | 963000 | 19260 | 855.00 | 02 माह |
| 15. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत मूड़ागालिब में खडण्जा से दुर्गा माता के मन्दिर तक खडण्जा निर्माण कार्य 120 मी. | 283000 | 5660 | 855.00 | 02 माह |
| 16. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम मूड़ागालिब में पेन्ट रोड से राजीव गुप्ता की चक्की तक खडण्जा निर्माण कार्य। 45 मी. | 113400 | 2268 | 855.00 | 02 माह |
| 17. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत गुलरिया परवरतनगर में मेन रोड से रामविलास के खेत तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य। 124 मी. | 978600 | 19572 | 855.00 | 02 माह |
| 18. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत भूड़ाखान में पक्की रोड से गोल्डन के घर तक खडण्जा निर्माण कार्य 45 मी. | 115000 | 2300 | 855.00 | 02 माह |
| 19. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत खजुहा में रामशंकर के खेत से कौशलकिशोर के आगे तक खडण्जा निर्माण कार्य। 250 मी. | 585700 | 11714 | 855.00 | 02 माह |
| 20. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत टी.टी. गोकन में जगदीश के मकान से सियाराम के खेत तक खडण्जा निर्माण कार्य। 375 मी. | 872800 | 17456 | 855.00 | 02 माह |
| 21. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत मुडिया में गौरिया गुरूद्वारा जंगल के पास से सुरेन्द्र सिंह टोनी के घर तक खडण्जा निर्माण कार्य। 350 मी. | 815500 | 16310 | 855.00 | 02 माह |
| 22. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत पडसर के गेहुआ से शाहजहांपुर बार्डर की तरफ मिट्टी खडण्जा निर्माण कार्य। 200 मी. | 471000 | 9420 | 855.00 | 02 माह |
| 23. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत अकबरबाद के रधोला मियांपुर मार्ग से प्रेमप्रकाश अग्निहोत्री के पास तक खडण्जा निर्माण कार्य। 400 मी. | 928200 | 18564 | 855.00 | 02 माह |
| 24. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत गुलरिया परवस्तनगर में जै जै राम के खेत से राधे के खेत तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य। 122 मी. | 965000 | 19300 | 855.00 | 02 माह |
| 25. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत मझिगवां गौशाला में अतिरिक्त टीन शेड एवं चरनी निर्माण कार्य। 1 नग | 634000 | 12680 | 855.00 | 02 माह |
| 26. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत पिपरिया कप्तान गौशाला में अतिरिक्त टीन शेड एवं बरनी निर्माण कार्य 1 नग | 634000 | 12680 | 855.00 | 02 माह |
| 27. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत रामपुर मिश्र गोशाला में अतिरिक्त टीन शेड एवं चरनी निर्माण कार्य। 1 नग | 634000 | 12680 | 855.00 | 02 माह |
| 28. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत उघन्नापुर गौशाला में अतिरिक्त टीन शेड एवं चरनी निर्माण कार्य 1 नग | 634000 | 12680 | 855.00 | 02 माह |
| 29. | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत भगेली में प्रा.वि. में टायलीकरण कार्य 1 नग | 396000 | 7920 | 855.00 | 02 माह |

**नियम व शर्ते:–** 1. निविदाफार्म व उससे सम्बन्धित निर्देश क्रय किये जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के कार्यालय में दिनांक 05.10.2024 से 21.10.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक 855.00 रू. नकद धनराशि श्री सुशील कुमार कैशियर/भण्डार लिपिक के पास जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। 2. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की धनराशि मूल्य 2 प्रतिशत राष्ट्रीय बैंक का एफ.डी.आर./एन.एस.सी. खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के पक्ष में समस्त अभिलेख मोहर बन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 21.10.2024 तक अपरान्ह 12:00 तक खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के कार्यालय में सीलबंद टेण्डर बॉक्स में डाले जायेंगे/डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते हैं, निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 3. कार्यादेश निर्गत की तिथि से कार्यपूर्ण करने की अवधि 02 माह निर्धारित की जाती है। 4. धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही कार्य एवं भुगतान किया जायेगा। 5. प्राप्त टेण्डर को खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी खीरी के द्वारा गठित समिति के समक्ष 21.10.2024 को समय अपरान्ह 02:00 बजे सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे। 6. भुगतान हेतु प्राप्त बिलों पर नियमानुसार 2 प्रतिशत आयकर, 2 प्रतिशत जी.एस.टी., 1 प्रतिशत लेवर शेष 8 प्रतिशत जमानत तथा रायल्टी की कटौती करने के बाद 16 प्रतिशत जी.एस.टी. बिल की धनराशि के साथ भुगतान की जायेगी। 7. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2024–25 में कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा। 8. किसी भी एक निविदा को स्वीकार्य करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी में निहित होगा। 9. किसी भी विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी से ही मान्य होगा। 10. निविदा भरते समय निविदा की दरें अंकों के साथ–साथ शब्दों में भी उल्लिखत की जायें। 11. निविदा प्रपत्र के साथ सीलबंद लिफाफे में 10 रू. के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र फर्म रजिस्ट्रेशन, आयकर, जी.एस.टी. तथा जमानत धनराशि का एफ.डी.आर. एवं आयकर रिटर्न की प्रति जिस पर ठेकेदार/फर्म स्वामी के हस्ताक्षर हो साथ में संलग्न किया जाये।

**अश्वनी कुमार सिंह**
**खण्ड विकास अधिकारी, मोहम्मदी–खीरी**

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर का कोई खर्च नहीं देना होगा

## विद्युत नियामक आयोग ने दी राहत, विभागीय कर्मियों के घरों पर लगेंगे मीटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर का खर्च उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा।

इसके साथ ही, ऊर्जा निगमों के कर्मियों पर शत-शत मीटर लगाने का निर्देश दिया गया है। नई दरों के प्रस्ताव में बिजली कंपनियों ने लगभग 11,203 करोड़ का 'गैप' दिखाया था, जिसे आयोग ने खारिज कर दिया है। बिजली कंपनियों की ओर से दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता प्रस्ताव में लगभग एक लाख 1784 करोड़ दिखाया गया था, इसमें भारी कटौती की गई है।

कंपनियों पर इस साल भी उपभोक्ताओं का 1944 करोड़ रुपए 'सरप्लस' निकला है। आयोग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि स्मार्ट मीटर स्थापना का कोई भी खर्च उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा। इसके साथ ही, थ्री फेस कनेक्शन के लिए अब उपभोक्ताओं को पांच किलोवाट का कनेक्शन नहीं लेना पड़ेगा, बल्कि तीन किलोवाट के कनेक्शन पर ही यह सुविधा दी जाएगी। इस वर्ष बिजली दरों का निर्धारण 10.67 प्रतिशत लाइन हानियों के आधार पर किया गया है।



### मौजूदा कनेक्शन से चार्ज हो सकेंगे वाहन

आयोग के फैसले के तहत अब किसी भी श्रेणी के उपभोक्ता अपने मौजूदा कनेक्शन से ही इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्ज कर सकेंगे। आयोग ने सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की ईवी टैरिफ दरें राज्य सड़क परिवहन ईवी चार्जिंग स्टेशनों पर भी लागू करने की अनुमति दे दी है। पर मल्टी-स्टोरी इमारतों और कॉलोनियों में सिंगल पॉइंट कनेक्शन धारकों के जरिये ओवरचार्जिंग पर सख्ती कर दी गई है।

### ज्यादा भार पाए जाने पर अगले वर्ष बढ़ाया जाएगा भार

**लखनऊ, अमृत विचार :** बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर ज्यादा बिजली भार पाए जाने पर अगले वित्तीय वर्ष विभाग की ओर से भार बढ़ाया जाएगा। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने नई बिजली दरों में यह प्रावधान किया है। नए प्रावधान के तहत बिजली की अधिकतम मांग में वृद्धि के मामले में जहां रिकार्ड की गई अधिकतम मांग एक वित्तीय वर्ष के दौरान कम से कम तीन बार स्वीकृत भार सीमा से अधिक हो गई हो, उनमें से सबसे कम मांग पर उपभोक्ता को आधार बताते हुए अगले वित्तीय वर्ष से बिजली भार बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। आयोग के फैसले के तहत सिंगल प्वाइंट कनेक्शन पर स्थानीय निवासियों के बिजली उपभोग करने व निवासियों के जरिये बिलिंग का खुलासा न करने पर दंडित किया जाएगा। आयोग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पांचों वितरण निगमों में 1,47,901.52 मिलियन यूनिट की बिजली खरीद व 1,01,783.45 करोड़ की समेकित वार्षिक राजस्व आवश्यकता के दावे के समकक्ष आयोग ने 1,47,904.69 मिलियन यूनिट व 96,225.02 करोड़ अनुमोदित किए हैं। आयोग ने 13.09 प्रतिशत लाइन हानि को अनुमोदन किया है।

### उपभोक्ताओं को बिल वितरण ईमेल व व्हाट्सएप पर

आयोग ने बिजली कंपनियों की ओर से उपभोक्ताओं को बिल वितरण ई-मेल, व्हाट्सअप व अन्य डिजिटल माध्यम से भेज सकेंगे। आयोग के निर्देश के तहत उपभोक्ताओं को पूरी बिलिंग जानकारी देने व बिल को अधिकृत प्रतिनिधि से हस्ताक्षरित किया गया होना चाहिए।

# आईआईटी में पीएचडी की छात्रा फंदे से लटकी मिली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 10 माह के भीतर संस्थान में आत्महत्या की चौथी घटना से तरह-तरह की चर्चाएं

**अमृत विचार :** आईआईटी की रिसर्च स्कॉलर ने फंदे से लटक कर जान दे दी। 27 वर्षीय प्रगति खरया हॉस्टल में रहकर अर्थ साइंस में पीएचडी कर रही थी। सुसाइड नोट में उसने अपनी मौत का जिम्मेदार खुद को बताया है। गुरुवार को कमरे का दरवाजा नहीं खुलने की सूचना पर पहुंची कल्याणपुर थाना पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो भीतर पंखे के सहारे रस्सी से लटक रहा शव मिला। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। 10 माह के भीतर आईआईटी में आत्महत्या की चौथी घटना से सन्नाटा पसरा है और तरह-तरह की चर्चाएं हैं।



चकेरी थानाक्षेत्र में सनिगवां निवासी गोविंद खरया बिरहाना रोड स्थित एक ज्वैलर्स के यहां काम करते हैं। परिवार में पत्नी संगीता, तीन बेटे सत्यम, शिवम, सुंदरम और इकलौती बेटी प्रगति खरया थी। पिता ने बताया कि प्रगति आईआईटी से अर्थ साइंस में पीएचडी कर रही थी। उसका यह आखिरी वर्ष था। 9 अक्टूबर को उससे बात हुई थी। गुरुवार दोपहर 12:30 बजे आईआईटी प्रशासन और पुलिस ने फोन करके बेटी के फांसी का फंदा लगाने की जानकारी दी। वह भाई स्वरूप नगर निवासी गोपालदास और भतीजे के साथ मौके पर पहुंचे। उधर, पुलिस के अनुसार प्रगति के कमरे का दरवाजा तोड़ने पर सफेद नई नॉयलॉन की रस्सी से बने फंदे पर उसका शव लटकता मिला। दीवार किनारे फोल्डिंग पलंग खड़ा था, जिसकी प्लाई निकली हुई थी। कमरे से 4 पेज का सुसाइड नोट मिला। प्रगति का मोबाइल पुलिस ने कब्जे में लिया है। पुलिस के अनुसार उसने आत्महत्या के लिए नॉयलॉन की रस्सी ऑनलाइन खरीदी थी।

## सार-संक्षेप

### 11 नव प्रोन्नत अधिशासी और 144 नवनियुक्त अवर अभियंताओं को मिली नई तैनाती

**लखनऊ, अमृत विचार :** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां तेलीबाग स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के परिकल्प भवन सभागार में अवर अभियंताओं का पदस्थापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के 11 नव प्रोन्नत अधिशासी अभियंताओं (यांत्रिक) और 144 नवनियुक्त अवर अभियंताओं (सिविल) को उनके द्वारा मांगे गये विकल्प के अनुरूप पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत पदस्थापन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जलसंसाधन अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष अखिलेश सचान, प्रमुख अभियंता परियोजना संदीप कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### रायबरेली समेत चार जिलों के सीएमओ बदले

**लखनऊ,अमृत विचार :** राज्य के चार जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी( सीएमओ) बदल गए हैं। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार द्वारा जारी आदेश में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में बतौर रेडियोलॉजी कार्यरत डॉ.नवीन चंद्रा को रायबरेली का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा गाजीपुर में मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.सुनील पाण्डेय और कन्नौज में डॉ.स्वदेश गुप्ता, महाराजगंज में डॉ.श्रीकांत शुक्ल को सीएमओ नियुक्त किया गया है।

### महानिदेशक प्रशिक्षण बनी डॉ.सुषमा सिंह

**लखनऊ,अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल को स्थायी रूप से महानिदेशक परिवार कल्याण बना दिया गया है, अभी तक परिवार कल्याण विभाग अतिरिक्त कार्यभार के रूप में संभाल रहे थे। उक्त निर्देश गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार द्वारा जारी कर दिया गया है। साथ ही दूसरे आदेश में उनके स्थान पर निदेशक सीएचसी डॉ.सुषमा सिंह को महानिदेशक प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। मालूम हो कि महानिदेशक डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल इसी माह अक्टूबर 2024 में अपने 62 साल पूरे कर सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

### प्रदेश में मलेरिया ने पिछले साल के रिकार्ड तोड़े

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में मलेरिया का प्रभाव लगातार जारी है। लगातार बढ़ रही है रोगियों की संख्या ने पिछले साल के रिकार्ड को काफी पीछे छोड़ दिया है, अब तक साढ़े 12 हजार मलेरिया रोगी मिल चुके हैं, जबकि पिछले साल इस समय तक रोगियों की संख्या 11 हजार थी। हालांकि डेंगू मामले में पिछले साल जैसी भयावह स्थिति नहीं है, अभी तक करीब जांच हजार रोगी मिल चुके हैं, रोजाना 225 से 230 मरीजों के मिलना जारी है। पिछले साल अबतक डेंगू रोगियों की संख्या साढ़े 14 हजार पार हो चुकी थी।

### तलाब में नहाने गये तीन बच्चों की डूबने से मौत

**मिर्जापुर,एजेंसी :** जिले में एक तालाब में नहाते समय तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना विंध्याचल थाना क्षेत्र के दुहौवा गांव की यादव बस्ती में हुई। मिर्जापुर के पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि बच्चे दोपहर के समय तालाब में नहाने गए थे। उन्होंने बताया कि मरने वाले बच्चों की उम्र 12, 10 और सात साल है तथा सभी हरई इलाके के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### राज्य संपत्ति विभाग लेगा बकाया किराए पर ब्याज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य संपत्ति विभाग ने अपने अधीन भवनों में रह रहे लोगों को आगाह किया है कि लगातार चार माह तक किराया न वालों से बकाए धन में ब्याज भी जोड़ा जाएगा। राज्य संपत्ति अधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जारी शासनादेश में सभी अमर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव व विभागाध्यक्षों को नए प्रावधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। कहा है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। बकाए किराए पर लगने वाला ब्याज भारतीय स्टेट बैंक की प्रचलित ब्याज दर के अनुसार होगा।

# ज्ञान, विज्ञान और तकनीक भारत के डीएनए में : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एमपीआईटी प्रथम बैच के विद्यार्थियों से योगी ने किया संवाद

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और तकनीक भारत के डीएनए में है। अपार संभावनाओं से परिपूर्ण युवाओं की तरफ पूरी दुनिया नई उम्मीद से देख रही है। निश्चित ही आने वाला समय भारत है। युवा संघर्षों से अपनी राह बनाएं, सफलता कदम चूमेगी।

वे गुरुवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) के प्रथम बैच के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में ज्ञान, विज्ञान और श्रम की त्रिवेणी अनवरत प्रवाहित है। परंपरा, परिश्रम और प्रगति हमारी प्रवृत्ति का हिस्सा है। यही प्रवृत्ति हमें दुनिया में सबसे विशिष्ट बनाती है। उन्होंने कहा कि ऐसी तकनीकी पर ध्यान देना चाहिए जो जीवन को सरल और सहज बनाए, समस्याओं का समाधान करे। ऐसी तकनीकी पर फोकस करने की आवश्यकता है जो प्रकृति के साथ समन्वय बनाकर विकास को नई ऊंचाई पर ले जाए।

# गोंडा में 24 क्विंटल अवैध पटाखा और बारूद बरामद

**गोंडा,अमृत विचार :** जिले में पुलिस ने अवैध पटाखा कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 क्विंटल अवैध पटाखा और करीब आठ क्विंटलव बारूद बरामद किया। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि बुधवार देर रात कौड़िया थाने की पुलिस ने मौहरिया तथा लैबुड़वा ग्राम में छापा मारकर अवैध पटाखा बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ किया। जुमई उर्फ मक्खन, रिजवान, इमरान उर्फ गुल्लू, अली मोहम्मद तथा मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार किया गया है।

# सरकारी कर्मियों को मिली तीन दिन की छुट्टी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** सरकारी कर्मचारियों को नवरात्र और दशहरे के मौके पर राज्य सरकार की घोषणा से काफी राहत मिल गई है। महानवमी की छुट्टी शनिवार की जगह शुक्रवार 11 अक्टूबर घोषित हो जाने से सरकारी कर्मचारियों को लगातार तीन दिन की छुट्टी मिल गई है। ऐसे में अब सरकारी कर्मचारी न सिर्फ शहर के बाहर भी छुट्टी बिताने जा सकते हैं बल्कि त्योहार का भी पूरा आनन्द परिवार और बच्चों के साथ तीन दिन तक ले सकेंगे।

दरअसल, इससे पहले सरकारी कर्मी शनिवार को महानवमी की छुट्टी घोषित होने से चिंतित थे। महीने का दूसरा शनिवार होने के कारण पहले ही उनकी छुट्टी खराब हो रही थी। इसके बाद शुक्रवार को भी अष्टमी के साथ महानवमी होने के कारण त्योहार को ठीक से मनाने की चिंता उन्हें सता रही थी। ऐसे में अलग अलग जिलों से कर्मचारी संगठनों की ओर से भी कई दिनों से इसे लेकर सरकार से मांग की जा रही थी। कर्मचारी महानवमी की छुट्टी शुक्रवार को चाहते थे। बहरहाल, लाखों कर्मचारियों की मांग गुरुवार को पूरी हो गई। राज्य सरकार ने गुरुवार की शाम शनिवार की जगह शुक्रवार को ही महानवमी के अवकाश की घोषणा कर दी।

**पहले दे दी रामनवमी की छुट्टी, फिर किया सुधार :** बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट कर रामनवमी का सभी परिषदीय स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया। बाद में गलती का एहसास हुआ तो पोस्ट सही की गई। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि रामनवमी के पावन अवसर पर उप्र. में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में अवकाश रखा गया है।

### बैंक भी आज बंद रहेंगे

**लखनऊ।** शुक्रवार को सभी पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर बैंक बंद रहेंगे। 11 अक्टूबर को महानवमी का त्योहार मनाया जाएगा। इस अवसर पर उप्र. समेत ज्यादातर राज्यों में शुक्रवार को बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, ग्राहकों को बैंकिंग सर्विस में कोई परेशानी न हो, इसके लिए ऑनलाइन बैंकिंग सर्विस मिलती रहेगी।

### कृषि यंत्रों पर मिलेगा अनुदान 23 तक मांगे आवेदन

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार कृषि यंत्रीकरण की सभी योजनाओं के तहत अनुदान प्राप्त करने का अवसर किसानों को दे रही है। किसानों को इसके आवेदन के लिए 23 अक्तूबर तक का अवसर का दिया गया है। इसके तहत कृषि यंत्र-कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेंटर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर व स्मॉल गोदाम पर अनुदान पाने के लिए कृषि विभाग के पोर्टल www.agriculture.up.gov.in पर आवेदन करना होगा। आवेदक अपने या परिवार के मोबाइल नंबर से ही आवेदन कर सकेंगे।

# प्रतिबंधित सामान बेचने पर चार जेल कर्मी निलंबित

- निलंबित जेलकमिर्यो में उपजेलर और हेड वार्डन शामिल

**सिद्धार्थनगर, एजेंसी :** जिला जेल परिसर में प्रतिबंधित पदार्थ बेचे जाने के गंभीर आरोपों के बाद जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी समेत चार जेलकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

एक अधिकरी के मुताबिक, निलंबित किए गए जेलकर्मियों में उपजेलर त्रिलोकी नाथ, हेड वार्डन फूलचंद यादव, वार्डन उमेश कुमार और एक अन्य जेल कर्मचारी सौरभ शामिल हैं। बयान में बताया गया कि 25 सितंबर, 2024 को जिला अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण के बाद पुलिस उपमहानिरीक्षक (कारागार) एसके मैत्रेय ने जेल में गांजा रखने और मोबाइल फोन मिलने के सबूत मिलने के बाद निलंबन का आदेश जारी किया। बयान के मुताबिक, निरीक्षण के दौरान एक कैदी ने जिलाधिकारी को जेल के अंदर प्रतिबंधित पदार्थ (गांजा) बेचे जाने के बारे में बताया और सबूत के तौर पर माचिस की डिब्बी में छिपाकर रखा 20 ग्राम गांजा दिखाया। बयान में बताया गया कि इसके बाद जिलाधिकारी ने मामले की जांच शुरू की। बयान के मुताबिक, जांच के दौरान कैदी ने उपजेलर पर प्रतिबंधित सामान बेचने और खरीदने से मना करने वाले कैदियों को धमकाने का आरोप लगाया। कैदी ने इस गतिविधि में तीन अन्य जेलकर्मियों के भी शामिल होने की शिकायत की। नवनियुक्त जेल अधीक्षक सचिन वर्मा ने बृहस्पतिवार को मैत्रेय द्वारा आरोपों की जांच और मामले में उपजेलर की संलिप्तता के सबूत पाए जाने की पुष्टि की।

### ट्रांजिट बीमा में फंसा गाय खरीद अनुदान, बाध्यता खत्म

**लखनऊ, अमृत विचार :** पशुपालन के साथ दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए 2023 में मंडलीय जिलों में शुरू हुई नंद बाबा मिशन के तहत मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्धन योजना साकार नहीं हो पाई है। बाहरी राज्य से गाय खरीदने पर वहीं से ट्रांजिट बीमा कराने की बाध्यता और अन्य कागजी प्रक्रिया के कारण योजना में चयनित कुल 1250 लाभार्थियों में 1013 को अनुदान नहीं मिला है और आवेदन लंबित हैं। जबकि योजना के ज्यादातर लाभार्थी हरियाणा, राजस्थान समेत अन्य राज्यों से साहीवाल, गिर, थारपाकर व गंगातीरी दुधारू गाय खरीदकर इकाई संचालित कर रहे हैं।

## वर्ग पहेली-218

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी का विनाश करने वाली, विनाशिनी 2. मार डालने वाली, नष्ट करने वाली।

5. अंगारों पर दग्ध किया हुआ, भूना हुआ, जलाया हुआ।

7. हठधर्मी, दुराग्रही, अड़ियल।

8. 1. धांधली करने वाला, घोटालेबाज़ 2. भ्रष्टाचारी, बेईमान 3. धूर्त।


**ऊपर से नीचे**

2. तीन रंगों वाला।

3. 1. (संगीत) एक रागिनी जिसे प्रात :काल गाते हैं 2. (संगीत) चार मात्राओं का एक ताल।

4. भौतिकवादी, पदार्थवादी।

6. 1. धोखा देने वाला, जालसाज़ी या कपटपूर्ण व्यवहार करने वाला, ठग, विश्वासघाती 2. छली, कपटी, बेईमान, दगाबाज़, धूर्त, कुटिल।




### वर्ग पहेली -217 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज | | 2 के | | 3 सिं | |
| तु | | जु | | गा | |
| क | | अ | | रि | |
| | 4 ढो | ल | 5 कि | या | |
| 6 पू | | | लो | | 7 झाँ |
| ज | | 8 पी | ल | पाँ | व |
| न | | | | | ली |

# रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर से पेपर सॉल्व कराने वाला गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- एसटीएफ की मेरठ टीम ने बागपत के बड़ौत से दबोचा

**अमृत विचारः** एसटीएफ की मेरठ टीम ने ऑन लाइन भर्ती परीक्षाओं में रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के माध्यम से पेपर सॉल्व कराने वाले गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी को बागपत के बड़ौत से दबोचा है। इस गिरोह के सरगना रचित चौधरी समेत 12 सदस्य पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार सिंह के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी राम चौहान उर्फ राम अवतार अवतार भिडूकी, हसनपुर, पलवल हरियाणा का रहने वाला है। इसने यूपी पुलिस में कंप्यूटर ऑपरेटर की ऑनलाइन भर्ती परीक्षा में रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिये पेपर सॉल्व कराने वाले गिरोह में शामिल था। 2015-16 में उसने पलवल से हैकिंग का छह महीने का कोर्स किया था। कोर्स करने के बाद वर्ष 2021 में राम चौहान ने सीटीईटी परीक्षा में हैंकिग की थी। इस मामले में वह नोएडा थाना सैक्टर-58 गौतमबुद्धनगर में पकड़ा गया था और जेल गया था। वर्ष 2024 में इसकी मुलाकात नितिन निवासी गढी रामकोर शामली से हुई थी। नितिन ने उसकी मुलाकात दुहाई गाजियाबाद में कम्प्यूटर लैब चलाने वाले रचित चौधरी से कराई। मास्टर माइंड रचित चौधरी ने बिजेंद्र फौजी निवासी शामली की विधान पब्लिक स्कूल दुहाई गाजियाबाद में स्थित लैब को फर्जी तरीके से अपने नाम से अप्लाई कर 29 जनवरी 2024 से 08 फरवरी 2024 तक सम्पन्न यूपी पुलिस में कम्प्यूटर ऑपरेटर की ऑनलाइन भर्ती हेतु केन्द्र आवंटित की ऑनलाइन भर्ती हेतु केन्द्र आवंटित कराया था।

### चार से पांच लाख में तय किया था सौदा

परीक्षा प्रारम्भ होने से पहले ही लैब में मौजूद अपने सहयोगियों के माध्यम से गैंग का सदस्य रवि लैब में मौजूद मास्टर सिस्टम का रिमोट एक्सेस एनीडेस्क साफ्टवेयर के माध्यम से अपने सिस्टम पर ले लेता था। वहीं से अभ्यर्थियों के पेपर हल कराता था। अभ्यर्थी केवल बैठकर माउस हिलाते रहते थे। गैंग का सरगना प्रत्येक अभ्यर्थी से 4 से 5 लाख रुपये लेता था। राम चौहान को एक अभ्यर्थी की स्क्रीन शेयर करने की एवज में 50 हजार रुपए दिए जाते थे।

### लैब में सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर बनाया मास्टर सिस्टम

एएसपी बृजेश कुमार सिंह के मुताबिक ऑनलाइन भर्ती परीक्षा में रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिए प्रश्न-पत्र हल कराने के लिए एक कंप्यूटर लैब करीब 250 कंप्यूटर सिस्टम के साथ स्थापित कराई गई। गिरफ्तार राम चौहान कंप्यूटर हैकिंग एक्सपर्ट है। इसने विधान पब्लिक स्कूल में एक कम्प्यूटर लैब में आकर 28 जनवरी 2024 को एक सिस्टम पर कुछ साफ्टवेयर इंस्टॉल कर इस सिस्टम को मास्टर सिस्टम बनाया।

## सुडोकू -131

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | 9 | | | | 4 | |
| | 7 | | | 1 | 6 | | | |
| | | | | | | 5 | 3 | |
| 6 | | 4 | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 8 | | 7 | | | 9 |
| | | | | 5 | | 2 | | |
| | | 5 | | | | | | 8 |
| | | | 3 | 2 | | | | |
| | 9 | | | | 1 | 7 | | |

### सुडोकू - 130 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 7 | 2 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 1 | 6 | 2 | 4 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 अक्टूबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 12.06 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 12 अक्टूबर 05.25 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** – आज परिजनों की इच्छाओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। व्यापार में आय बढ़ने से आप विस्तार का विचार कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन बेहद खुशहाल रहेगा। अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें।

**वृष** – आज परोपकार के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी को आभूषण उपहार में दे सकते हैं। अधीनस्थ सहकर्मियों से तालमेल में कमी देखने को मिलेगी। मित्रों से मिलने के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन** – आज विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकालेंगे। अतः सोच-समझकर ही आप अपनी प्रतिक्रिया दें। युवा प्रेम विवाह के लिए परिजनों से चर्चा कर सकते हैं। धर्म-ग्रंथों के अध्ययन के प्रति आकर्षित होंगे।

**कर्क** – आज मन में निराशाजनक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। गले में दर्द और बुखार की समस्या हो सकती है। आप कुछ चिंतित रहेंगे। व्यापार में नया प्रयोग न करें। विरोधियों के सामने आप कमजोर दिखाई देंगे।

**सिंह** – आज व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। चारों ओर का वातावरण बहुत शुभ रहेगा। घर में अतिथियों का आगमन होने की संभावना बन रही है। आपकी रचनात्मक क्षमताओं का विकास होगा।

**कन्या** – आज दोपहर के बाद धन को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। परिवार के साथ धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है।

**तुला** – आज पुराना कर्जा उतार सकते हैं। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकता है। मित्र आपको उत्तम सलाह देंगे,जिसका आपको भी लाभ मिलेगा। करियर में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। सुबह-सुबह आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज अपने लक्ष्य को लेकर लापरवाह न रहें। संतान को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। आपके स्वभाव की लोग आलोचना कर सकते हैं। इसीलिए व्यवहार में संतुलन बनाए रखें। महिलाओं को कुछ स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

**धनु** – आज उधार दिया हुआ धन आपको वापस प्राप्त होगा। घर में अतिथियों का आगमन होगा। नए संपर्क से आपको धन लाभ हो सकता है। आपके व्यवहार में ताजगी बनी रहेगी। युवाओं को अच्छी नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**मकर** – आज मेडिकल छात्रों को कुछ नया सीखने को मिलेगा। काम की अधिकता की वजह से ओवरटाइम करना पड़ सकता है। विदेश में नौकरी ढूंढ रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। प्रशासन से जुड़े लोगों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

**कुंभ** – आज उच्च अधिकारी आपके काम में बाधा डाल सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। कार्य की अधिकता के कारण परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। अपने साथियों से प्रतिस्पर्धात्मक व्यवहार न करें।

**मीन** – आज लोग आपके विचारों का विरोध कर सकते हैं। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। परिजनों के व्यवहार से थोड़े क्षुब्ध होंगे। अपने आसपास के लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। अपने काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
सत्ते पे सत्ता – सुबह : 11.04
फूल और कांटे – शाम : 04.05


&pictures
होगी प्यार की जीत – सुबह : 11.02
दबंग – रात : 07.30

SONY PIX
होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 – सुबह : 11.27
जॉन विक – रात : 09.00

ZEE CINEMA
शूरवीर – सुबह : 11.22
भीमा – रात : 08.00

ZEE ACTION
जिगर – सुबह : 10.46
सूर्या 3 – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मुन्ना- मम्मी मैं कल से स्कूल नहीं जाऊंगा।
मम्मी- क्यों बेटा, क्या बात हो गई?
मुन्ना- मम्मी आज स्कूल में हम सभी बच्चों का वजन किया गया था।
मम्मी- तो क्या हुआ?
मुन्ना- मुझे डर है कि अगर रेट अच्छा मिल गया तो ये स्कूल वाले हमें बेच ही न दें।

पति (किताब पढ़ते हुए) - एक लेखक ने लिखा है कि पतियों को भी बोलने की आजादी होनी चाहिए।
पत्नी (हंसते हुए)-देखो वो भी बेचारा लिख ही पाया, बोल नहीं पाया।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2490, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2200, रविन्द्रा 2390, फॉर्चुन ली. 2015, जय जवान 1975, सचिन 2060, सूरज 2000, अवसर 2080, राग गोल्ड 2160, गृहणी ली 2035, क्लासिक (किलो) 2160, मोर 2170, चक्र टिन 2260, ब्लू 2205, आशीर्वाद मस्टर्ड 2335, स्वास्तिक 2460 ।किराना–(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 ।चावल–(प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7050, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 ।दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700–13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8850, दाल चना 9200, लाल हिंदुस्तान 9300, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12700, मोटा हीरा 14700, अरहर गोला मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 ।चीनी डालमियां 4180, पीलीभीत 4160, नवाबगंज 4150, बहेड़ी 4160 ।

# 2047 तक सर्वाधिक विकसित देशों में एक होगा भारत : शाह

## पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सत्र को गृहमंत्री ने किया संबोधित

- **बोले- मोदी सरकार पर 10 साल में भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 119वें वार्षिक सत्र में पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि 2047 तक मोदी सरकार की विभिन्न नीतियों के कारण भारत दुनिया के सर्वाधिक विकसित देशों में से एक के रूप में उभरेगा। नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ 10 साल में भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है। नीतिगत निर्णय लेने में जो शिथिलता थी, उसे भी समाप्त किया और भारत को पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से बाहर निकालते हुए एक आकर्षक स्थान में बदला गया। शाह ने उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सालाना सत्र को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री ने 2014 से कार्यभार संभाला है, सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में सुधार किए हैं। परिणामस्वरूप अन्य बातों के अलावा बुनियादी ढांचा बेहतर हुआ, संपर्क सुविधा अच्छी हुई, डिजिटल अर्थव्यवस्था और रेलवे नेटवर्क का विस्तार हुआ तथा सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिक वाहन के लिए विनिर्माण इकाइयों की स्थापना हुई है। शाह ने विकसित भारत एट 2047ः प्रगति के शिखर की ओर विषय पर आयोजित सत्र में कहा कि हम देश में सुधार और आर्थिक विकास लाए हैं।

# कैंडल : तकनीकी विश्लेषण का महत्वपूर्ण उपकरण

कैंडल पैटर्न तकनीकी विश्लेषण का महत्वपूर्ण उपकरण है, जो वित्तीय बाजारों में कीमतों की चाल को समझने में मदद करता है। कैंडलस्टिक चार्ट में हर कैंडल एक निश्चित समय अवधि के दौरान उच्चतम, न्यूनतम, प्रारंभिक और समापन कीमत को दर्शाता है। ये पैटर्न निवेशकों को बाजार की प्रवृत्तियों और भावनाओं का आकलन करने में सहायता करते हैं। सही कैंडल पैटर्न को पहचानकर, निवेशक एंट्री और एक्जिट प्वाइंट तय कर सकते हैं, जिससे उनके ट्रेडिंग निर्णय अधिक प्रभावशाली बनते हैं। आइये इस पर जरा गौर करें ...

### कैंडलस्टिक का निर्माण

**हर कैंडल चार महत्वपूर्ण डेटा को दर्शाती है**

- **ओपन (प्रारंभिक कीमत)** : उस समय अवधि की शुरुआत में कीमत।
- **हाई (उच्चतम कीमत)** : उस अवधि के दौरान सबसे ऊँची कीमत।
- **लो (न्यूनतम कीमत)** : उस अवधि के दौरान सबसे नीची कीमत।
- **क्लोज (समापन कीमत)** : उस अवधि के अंत में कीमत।

### कैंडल की संरचना

- **कोर (बॉडी)** : ओपन और क्लोज के बीच का क्षेत्र। यदि क्लोज ओपन से ऊपर है, तो बॉडी हरे रंग की होती है (बुलिश) और यदि क्लोज ओपन से नीचे है, तो बॉडी लाल रंग की होती है (बेयरिश)।
- **विक (विक्स)** : कैंडल के शीर्ष और नीचे की लकीरें। ये हाई और लो को दर्शाती हैं।

### देखने का तरीका

- **चार्ट का चयन** : कैंडलस्टिक चार्ट का चयन करें और उपयुक्त समय अवधि निर्धारित करें।
- **पैटर्न पहचानना** : विभिन्न कैंडल पैटर्न्स की पहचान करें। विशेष रूप से, एक पैटर्न की पुष्टि के लिए उसे अन्य तकनीकी संकेतकों के साथ मिलाएं।



### कैंडल पैटर्न के जोखिम

- **गलत संकेत** : कैंडल पैटर्न कभी-कभी गलत संकेत दे सकते हैं। एक पैटर्न जो रिवर्सल या ट्रेंड की निरंतरता का संकेत देता है, वास्तव में विपरीत दिशा में भी जा सकता है।
- **अनिश्चितता** : बाजार की अस्थिरता कैंडल की प्रभावशीलता को प्रभावित करती है। समाचार या घटनाएं कीमतों में बदलाव ला सकती हैं, जिससे पैटर्न अप्रभावी हो जाते हैं।
- **तकनीकी दोष** : कैंडल पैटर्न पर निर्भर रहने से निवेशक अन्य कारकों को नजरअंदाज कर सकते हैं, जैसे राजनीतिक घटनाएं, आर्थिक या अन्य संकेतक। इससे जोखिम बढ़ता है।

### उपयोग कैसे करें

- **ट्रेंड पहचानना** : कैंडल पैटर्न से आप यह जान सकते हैं कि बाजार में बुलिश (उच्च) या बेयरिश (निम्न) ट्रेंड है। उदाहरण के लिए, लगातार बुलिश पैटर्न दिखने पर आप खरीदारी पर विचार कर सकते हैं।
- **एंट्री और एक्जिट प्वाइंट** : कैंडल पैटर्न देखकर आप तय कर सकते हैं कि कब खरीदना या बेचना है। जैसे, यदि एक बुलिश पैटर्न दिखाई दे, तो आप एंट्री कर सकते हैं। वहीं, बेयरिश पैटर्न देखकर आप अपने पदों को समेट सकते हैं।
- **स्टॉप लॉस सेट करना** : कैंडल पैटर्न के आधार पर आप अपनी जोखिम प्रबंधन रणनीति को बेहतर बना सकते हैं। यदि कैंडल पैटर्न आपके अनुमान के विपरीत जाती है, तो आप एक स्टॉप लॉस सेट कर सकते हैं।

## टाटा समूह के शेयर में करीब 10% की तेजी

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनियों के शेयर में गुरुवार को 10 प्रतिशत तक की तेजी आई। टाटा केमिकल्स और टाटा टेलीसर्विसेज के शेयरों ने सबसे अधिक बढ़त दर्ज की। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि निवेशक टीसीएस, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाटा कंज्यूमर और इंडियन होटल्स जैसे शेयरों को खरीदकर रतन टाटा और उनके द्वारा निर्मित महान कॉर्पोरेट साम्राज्य को श्रद्धांजलि दे सकते हैं। लाखों साधारण निवेशकों को रतन टा00टा के दृष्टिकोण से लाभ मिला।

## विश्व बैंक ने बढ़ाया भारत का विकास अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **चालू वित्त वर्ष में 7% और अगले वित्त वर्ष में 6.7% रहने की जताई उम्मीद**

विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर 7% और अगले वित्त वर्ष में इसके 6.7% रहने का अनुमान जताते हुये गुरुवार को कहा कि श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर और वैश्विक व्यापार एवं निवेश के लिए आगे बढ़कर अप्रयुक्त क्षमता का दोहन करने से विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।

विश्व बैंक ने जारी अपने नवीनतम दक्षिण एशिया विकास अपडेट में यह अनुमान जताया है। इससे पहले की रिपोर्ट की तुलना में चालू वित्त वर्ष में भारत के विकास अनुमान में 0.7% की और अगले वित्त वर्ष के अनुमान में 0.4% की वृद्धि की गयी है। उसने कहा है कि अपेक्षा से अधिक कृषि उत्पादन और रोजगार वृद्धि को बढ़ावा देने वाली नीतियों से निजी खपत में मजबूत वृद्धि में योगदान मिलेगा। इसमें कहा गया है कि दक्षिण एशिया में वृद्धि इस वर्ष 6.4% तक बढ़ने की उम्मीद है, जो पहले के अनुमानों से अधिक है और इस क्षेत्र को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्र के रूप में बनाए रखेगा। विश्व बैंक ने कहा है कि श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर, वैश्विक व्यापार और निवेश के लिए आगे बढ़कर अप्रयुक्त क्षमता को अनलॉक करने से और भी तेजी से बढ़ने और विकास करने में मदद मिल सकती है।

## प्रदेश को मिलेगी 4.80 लाख एमटी डीएपी

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- **सरकार ने मांग के हिसाब से आवंटित किया अक्टूबर का लक्ष्य, प्लान तैयार**
- **यूरिया 5,03,500, एनपीके 2,84,900 व एमओपी 72,050 एमटी मिलेगी**

**अमृत विचार :** प्रदेश में रबी की फसलों के लिए उर्वरकों की कमी नहीं होगी। कृषि विभाग के आपूर्ति वितरण योजना के अनुसार सरकार ने अक्टूबर माह का लक्ष्य आवंटन कर दिया है। इसमें 4,80 लाख एमटी डीएपी और 5,03,500 एमटी यूरिया मिलेगी। एक-दो दिन में रैक आते स्टॉक जिलों को पहुंचेगा व जांच कराई जाएगी।

कृषि विभाग के उर्वरक वितरण योजना के अनुसार सरकार ने अक्टूबर का लक्ष्य आवंटित किया है। इसमें कुल डीएपी 4,80,000 एमटी, यूरिया 5,03,500 एमटी, एनपीके 2,84,900 एमटी व एमओपी 72,050 एमटी उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि निदेशक जितेंद्र तोमर ने सभी जिलों को लक्ष्य सौंपा है। एक-दो दिन में कंपनियों द्वारा रैक के माध्यम से उर्वरक भेजी जाएगी। रबी फसलों में ज्यादा डीएपी की खपत होती है। जो पिछले वर्ष की अपेक्षा अतिरिक्त स्टॉक उपलब्ध कराया जाएगा। विभाग का दावा है कि कहीं पर किल्लत नहीं होगी। उपलब्धता होते ब्लॉकवार नोडल व सह नोडल अधिकारी नामित करके स्टॉक और वितरण की जांच कराई जाएगी। वहीं डीएपी के स्थान पर एनपीके और एसएसपी उर्वरक बेहतर विकल्प हैं। जो अधिक मात्रा में उपलब्ध है। यह दोनों उर्वरक खासकर दलहनी, तिहलनी व आलू के लिए अधिक उपयुक्त हैं। सभी में पोषकतत्व एक होते हैं। इनके दाम भी कम हैं।

## यूपीआई लेनदेन की संख्या 52% बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में त्वरित भुगतान प्रणाली यूपीआई के जरिये होने वाले लेनदेन की संख्या वर्ष 2024 के पहले छह महीनों में सालाना आधार पर 52% बढ़कर 78.97 अरब हो गई। भुगतान प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता वर्ल्डलाइन ने गुरुवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। वर्ल्डलाइन ने जनवरी-जून, 2024 के लिए तैयार अपनी रिपोर्ट में कहा कि यूपीआई भुगतान का बाजार पर दबदबा कायम है और इसकी पहुंच तेजी बढ़ रही है। रिपोर्ट कहती है कि जनवरी, 2023 में यूपीआई लेनदेन की संख्या 8.03 अरब थी जो जून, 2024 तक बढ़कर 13.9 अरब हो गई।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### बच्चे की मौत पर राज्य और पुलिस प्रमुख को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने गुरुवार को कहा कि उसने अलीपुर इलाके में एक खुले नाले में कथित तौर पर गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत के मामले में दिल्ली सरकार, शहर के पुलिस प्रमुख, डीडीए और एमसीडी को नोटिस जारी किए हैं। आयोग ने कहा कि हाल के दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में यह पांचवीं ऐसी घटना है। उसने मीडिया की खबर पर स्वत: संज्ञान लिया है कि सात अक्टूबर को अलीपुर इलाके में खुले नाले में गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई।

### रिश्वतखोरी के आरोप में जीएसटी अधिकारी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने अहमदाबाद शहर में रिश्वतखोरी के मामले में दो केंद्रीय जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) अधिकारियों और एक बिचौलिए को गिरफ्तार किया है। एसीबी ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों की पहचान सीजीएसटी लेखा अधीक्षक मोहम्मद रिजवान शेख, सीजीएसटी निरीक्षक कुलदीप कुशवाह और बिचौलिए भौमिक सोनी के रूप में हुई है। द्वितीय श्रेणी के अधिकारी शेख ने हाल ही में सर्राफा व्यापार फर्म के मालिक को जुलाई 2017 से मार्च 2023 तक के उनके खातों का लेखा परीक्षण करने के लिए नोटिस जारी किया था। व्यापारी के खातों में त्रुटियों पर 35 लाख का जुर्माना देने को कहकर अरोपियों ने 1.25 लाख की रिश्वत मांगी थी।

### जबरन वसूली गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

**जालंधर।** जालंधर ग्रामीण पुलिस ने अंतर-जिला वसूली गिरोह का भंडाफोड़ करके ब्लैकमेलिंग और पैसे ऐंठने में शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में चन्ननविंडी के जोबनप्रीत सिंह, ढंडोवाल के राजेश उर्फ सनी, सैदपुर झरी के जसकरण गिल उर्फ जस्सा, संधवाल के बरजेश उर्फ मेशी, बाल्मीक मोहल्ला तलवान के बूटा सिंह उर्फ बूटा और मेहराजवाला की बरखा है। आरोपी कई जिलों में सक्रिय थे। जालंधर ग्रामीण के एसएसपी हरकमल प्रीत सिंह खख ने गुरुवार को कहा कि डीएसपी ओंकार सिंह बराड़ और एसपी जगरूप कौर बाठ की देखरेख में यह गिरफ्तारियां हुई।

### आग लगने से पटाखों में हुए विस्फोट से छह घायल

**होशियारपुर।** धार्मिक जुलूस के दौरान गुरुवार को बैग में रखे पटाखों में दुर्घटनावश आग लगने पर उसमें हुए विस्फोट से छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना प्रह्लाद नगर इलाके की है। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आसपास की दुकानों, मकानों की खिड़कियां और कारें क्षतिग्रस्त हो गईं।

# हार पर दिग्गजों ने किया मंथन

## हरियाणा विस चुनाव : खरगे और राहुल ने समीक्षा के लिए की बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी**





- **पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा व महासचिव सैलजा बैठक में नहीं हुए शामिल**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के कारणों पर गुरुवार को वरिष्ठ पर्यवेक्षकों तथा प्रभारी के साथ समीक्षा की। खरगे के आवास 10 राजाजी मार्ग पर हुई इस समीक्षा बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, इस चुनाव में वरिष्ठ पर्यवेक्षक की भूमिका निभाने वाले राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दो अन्य पदाधिकारी थे। प्रभारी दीपक बाबरिया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े क्योंकि वह पिछले कुछ सप्ताह से अस्वस्थ हैं।

बैठक के बाद माकन ने कहा कि इस बैठक में हरियाणा के चुनाव नतीजों की समीक्षा की गई। आप लोग व मीडिया भी इस बात को मानते होंगे कि नतीजे अप्रत्याशित थे। एग्जिट पोल और असल नतीजों में जमीन और आसमान का फर्क था। अलग अलग कारण क्या हो सकते हैं, इस पर चर्चा की गई। उनका कहना था कि आगे के कदमों की जानकारी बाद में दी जाएगी। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा के नहीं शामिल होने पर माकन ने कहा कि जिनको बुलाया गया था, वो सभी आए थे।

### कांग्रेस बनाएगी तथ्यान्वेषी समिति

कांग्रेस हरियाणा चुनाव में अप्रत्याशित हार के कारणों का पता करने के लिए जल्द ही तथ्यान्वेषी समिति का गठन करेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक में यह निर्णय किया गया। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी इस चुनाव परिणाम के कारणों के तह तक जाने और जवाबदेही तय करने को लेकर गंभीर हैं।

## जम्मू-कश्मीर के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को गुरुवार को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया, ऐसे में वे जम्मू-कश्मीर के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। नेकां के नव-निर्वाचित विधायकों की श्रीनगर में हुई बैठक में अब्दुल्ला के विधायक दल के नेता के रूप में मंजूरी दी गई।



नेकां उपाध्यक्ष ने बैठक के बाद कहा कि मुझे अपना नेता चुनने के लिए मैं पार्टी विधायकों का आभारी हूं। हमें चार निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन मिला है और हम सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए अपने गठबंधन सहयोगी कांग्रेस से पत्र का इंतजार कर रहे हैं। अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस से पत्र मिलने के बाद वह सरकार गठन की तारीख तय करने के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात करेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक अली मोहम्मद सागर ने घोषणा की कि अब्दुल्ला को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुन लिया गया है।

## बंगला विवाद : आतिशी की कार्टन के बीच काम करते तस्वीरें वायरल, भाजपा पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को कुछ तस्वीरें साझा कर दावा किया कि मुख्यमंत्री आतिशी अपने आवास पर सामान के कार्टन के बीच फाइलों पर दस्तखत कर रही हैं। इससे पार्टी ने दावा किया था कि मुख्यमंत्री से राष्ट्रीय राजधानी के 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले को जबरन खाली कराया गया है।

एक्स पर तस्वीरें पोस्ट करते हुए आप नेता संजय सिंह ने भाजपा पर नवरात्रि में महिला मुख्यमंत्री का सामान उनके घर से फिंकवाने का भी आरोप लगाया। सिंह ने भाजपा पर मुख्यमंत्री आवास पर कब्जे का आरोप लगाया। उपराज्यपाल वीके सक्सेना के कहने पर आतिशी का सामान बंगले से हटाया गया। कालकाजी में रहने वाली आतिशी को तत्कालीन केजरीवाल सरकार में मंत्री बनने पर ये बंगला आवंटित हुआ था।


अपने नए निवास पर काम करतीं मुख्यमंत्री आतिशी।

### चुनाव से पहले आप ने की विधायक निधि में पांच करोड़ रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** आप सरकार ने विधानसभा चुनावों से पहले गुरुवार को वार्षिक विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 15 करोड़ कर दिया। मुख्यमंत्री आतिशी ने दावा किया कि दिल्ली में विधायक निधि देश में सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि दिन में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में प्रति विधायक प्रति वर्ष पांच करोड़ रुपये की राशि बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

## दोहरे हत्याकांड के दोषी की मौत की सजा आजीवन कारावास में तबदील

**मुंबई, एजेंसी**



- **दोषसिद्धि को रखा बरकरार, बम्बई हाईकोर्ट ने कहा- मामला दुर्लभतम नहीं, इसलिए किया बदलाव**

बंबई हाईकोर्ट ने गुरुवार को दोहरे हत्याकांड के मामले में एक व्यक्ति की दोषसिद्धि को बरकरार रखा, लेकिन उसे सुनायी गयी मौत की सजा को यह कह कर आजीवन कारावास में बदल दिया कि यह मामला दुर्लभतम नहीं है। मुंबई में 2017 में एक किशोरी और दो साल की बच्ची को जलाकर मार डालने के मामले में सुनवाई करने वाली न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे एवं न्यायमूर्ति श्याम चांडक की पीठ ने कहा कि यह मामला दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है।

पीठ ने कहा कि वह आरोपी दीपक जाट की दोषसिद्धि को बरकरार रखती है, लेकिन उसे सुनाई गई मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल रही है। अदालत ने कहा कि हमने माना है कि यह मामला दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है। इस मामले में मौत की सजा ही एकमात्र सजा नहीं है। मामले की सुनवाई कर रही सत्र अदालत ने 2023 में दोषी को यह कहते हुये मौत की सजा सुनायी थी कि दीपक जाट ने जो अपराध किया है वह दुर्लभतम श्रेणी में आता है।

## डॉक्टरों का दुर्गा पूजा उत्सव के बीच अनशन जारी

### आरजी कर मामला

**कोलकाता, एजेंसी**

आरजी कर अस्पताल में सहकर्मी से दुष्कर्म- हत्या के विरोध में आंदोलन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने दुर्गा पूजा उत्सव के बीच पांचवें दिन भी आमरण अनशन जारी रखा। कई मेडिकल कॉलेजों के नौ जूनियर डॉक्टर 108 घंटे से अनशन पर हैं। उन्होंने काम रोको हड़ताल खत्म करने के बाद शनिवार शाम को धर्मतल्ला के डोरीना चौराहे पर आमरण अनशन शुरू किया। राज्य सरकार ने बुधवार को प्रदर्शनकारियों के साथ बैठक की, लेकिन गतिरोध दूर करने में असफल रही। मुख्य सचिव मनोज पंत की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि उन्हें राज्य सरकार की ओर से मौखिक आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

### सीलबंद डिब्बे में खून से सने मिले सर्जिकल दस्ताने

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के कनिष्ठ चिकित्सक ने आरोप लगाया कि एक मरीज का इलाज करते समय उन्हें सीलबंद डिब्बे में खून से सने सर्जिकल दस्ताने मिले। ऐसे दस्ताने के उपयोग से संक्रमण हो सकता है। उन्हें ये दस्ताने उस समय मिले जब वह अस्पताल के ट्रॉमा केयर सेंटर में एक संक्रामक रोग से पीड़ित मरीज का इलाज कर रहे थे। राज्य स्वास्थ्य विभाग के केंद्रीय चिकित्सा आपूर्ति विभाग ने कहा कि वह जांच करेगा।

### बंगाल में हो रहे अन्याय से लड़ने को भाजपा प्रतिबद्ध : नड्डा

**कोलकाता।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी बंगाल में हो रहे अन्याय से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचने के बाद यह बात कही। कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म-हत्या को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। नड्डा एक दिवसीय यात्रा के लिए पूर्वाह्न करीब 11 बजे कोलकाता पहुंचे। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी भी उनके साथ थे।

## चुनाव जीतने के बाद माकपा और नेकां कर रहे गुंडागर्दी : इल्तिजा

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने आरोप लगाया कि नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत के बाद गुंडागर्दी कर रही हैं। पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने नेकां को जीत और उमर अब्दुल्ला को पार्टी का विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई दी, लेकिन साथ ही सवाल किया कि भारी बहुमत क्या गुंदागर्दी करने और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के लिए मिला है। उन्होंने कहा कि श्रीगुफवाड़ा-बिजबेहरा से नेकां के निर्वाचित विधायक (बशीर वीरी) गुंडागर्दी में शामिल हैं। उनके नेता पीडीपी कार्यकर्ताओं के घरों की बाहरी दीवारों को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। पीडीपी कार्यकर्ता की एक जगह को भी आग लगा दी गई।



## अरुणाचल : चिकित्सकों ने की एक महीने की बच्ची की दुर्लभ सर्जरी

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के नाहरलागून में टोमो रिबा स्वास्थ्य एवं मेडिकल विज्ञान संस्थान (टीआरआईएचएमएस) के चिकित्सकों ने आंख से जुड़ी दुर्लभ बीमारी रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमेच्योरिटी (आरओपी) प्लस से पीड़ित एक महीने की बच्ची का इलाज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लड़की को एनेस्थीसिया देकर इंट्राविटरियल एंटी-वीईजीएफ (वैस्क्युलर एंडोथेलियल ग्रोथ फैक्टर) का इलाज किया गया। टीआरआईएचएमएस के नेत्र रोग विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. तॉ एनी दीपू के नेतृत्व में एक टीम ने सर्जरी की।

- **आंख से जुड़ी दुर्लभ बीमारी रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमेच्योरिटी का किया इलाज**

## राज्यों को विकास संबंधी व्यय के लिए केंद्र ने दिए 1.78 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **केंद्रीय करों और शुल्कों की शुद्ध आय में से राज्यों की जारी की गई धनराशि**

केंद्र सरकार ने 10 अक्टूबर को राज्य सरकारों को 1,78,173 करोड़ रुपये का कर हस्तांतरण जारी किया है जबकि सामान्य मासिक हस्तांतरण 89,086.50 करोड़ है। इसमें अक्टूबर 2024 में देय नियमित किस्त के अलावा एक अग्रिम किस्त भी शामिल है।

वित्त मंत्रालय ने बताया कि राज्यों को विकास/कल्याण संबंधी व्यय को वित्तपोषित करने में सक्षम बनाने के लिए है। केंद्रीय करों और शुल्कों की शुद्ध आय में से राज्यों की राशि जारी हई है। आंध्र प्रदेश को 7,211 करोड़, अरुणाचल को 3,131, असम को 5,573, बिहार को 17,921, छत्तीसगढ़ को 6,070, गोवा को 688, गुजरात को 6,197, हरियाणा को 1,947, हिमाचल को 1,479, झारखंड को 5,892, कर्नाटक को 6,498, केरल को 3,430, मप्र को 13,987, महाराष्ट्र को 11,255, पंजाब को 3,220, राजस्थान को 10,737, तेलंगाना को 3,745, उत्तर प्रदेश को 31,962 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं।

## शिल्पा-राज की अर्जी पर फैसले तक कार्रवाई नहीं

**मुंबई।** ईडी ने गुरुवार को बंबई हाईकोर्ट से कहा कि वह अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा को जारी बेदखली नोटिस पर तब तक कार्रवाई नहीं करेगा, जब तक अपीलीय न्यायाधिकरण संपत्ति की कुर्की से जुड़े आदेश को चुनौती देने वाली दंपती की अर्जी पर फैसला नहीं सुना देता। ईडी ने 27 सितंबर को शिल्पा एवं राज कुंद्रा को धन शोधन से जुड़े एक मामले में नोटिस जारी कर मुंबई के जूहू इलाके में स्थित उनका घर और पुणे का एक फार्महाउस खाली करने का निर्देश दिया था।

## हरियाणा के 96% विधायक करोड़पति 13% के खिलाफ आपराधिक मामले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **90 विधायकों में से 44% के पास 10 करोड़ से अधिक, सिर्फ 2.2% की संपत्ति 20 लाख से कम**

नवनिर्वाचित 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में 86 विधायक (96%) करोड़पति हैं जबकि 12 (13%) अपने खिलाफ आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। चुनाव संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के विश्लेषण से यह जानकारी सामने आई है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) एंड हरियाणा इलेक्शन वॉच ने सभी 90 उम्मीदवारों के हलफनामे का विश्लेषण करने के बाद बताते हैं कि करोड़पति विधायकों का आंकड़ा 2019 के 93% से बढ़कर इस बार 96% है। 90 विधायकों में से 44% के पास 10 करोड़ से अधिक की संपत्ति है जबकि सिर्फ 2.2% के पास 20 लाख रुपये से कम की संपत्ति है।



# स्टाफ को संयुक्त सचिव के निर्देश लेने से रोका

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने गुरुवार को आईओए स्टाफ को संयुक्त सचिव कल्याण चौबे और कार्यकारी परिषद के बाकी सदस्यों से कोई भी निर्देश लेने से रोक दिया। उन्होंने इसके साथ ही 25 अक्टूबर को होने वाली विशेष आमसभा (एसजीएम) के लिए चौबे द्वारा घोषित किए गए एजेंडा को अवैध और अनधिकृत करार दिया।

चौबे ने बुधवार को आईओए के आधिकारिक लेटरहेड पर एक सर्कुलर जारी किया जिसमें 25 अक्टूबर को होने वाली आमसभा की बैठक के लिए 26 एजेंडा शामिल किए गए थे। इनमें कथित संवैधानिक उल्लंघनों से जुड़े मामलों के लिए उषा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का विषय भी शामिल है। चौबे ने आईओए के संयुक्त सचिव और कार्यवाहक सीईओ के रूप में इस पर हस्ताक्षर किए थे। उषा ने घोषणा की कि चौबे कार्यवाहक सीईओ के पद पर नहीं हैं। जनवरी में रघुराम अय्यर के पद संभालने से पहले चौबे ने आईओए के कार्यवाहक सीईओ के रूप में कार्य किया था। उषा ने चौबे की कार्रवाई को अवैध और आईओए संविधान का उल्लंघन बताया। मैंने आईओए के संयुक्त सचिव को बैठक बुलाने या 25 को होने वाली एसजीएम का एजेंडा घोषित करने के लिए अधिकृत नहीं किया है। आईओए के एकमात्र सीईओ रघुराम अय्यर हैं।



- उषा ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को अवैध घोषित किया चौबे को लगाई लताड़ा

### बैठक को लेकर जारी नोटिस अवैध और अनाधिकृत

उषा ने कहा उस बैठक को लेकर जारी किया गया कोई भी अन्य एजेंडा या नोटिस अवैध और अनाधिकृत है। इसमें कल्याण चौबे द्वारा जारी किया गया नोटिस भी शामिल है। इसे दुर्भावनापूर्ण इरादे से जारी किया गया माना जाना चाहिए और इसकी उपेक्षा की जानी चाहिए। उषा ने कहा था कि अय्यर की नियुक्ति को कार्यकारी परिषद ने पांच जनवरी को एक बैठक में मंजूरी दे दी थी। केवल उनका वेतन ही एकमात्र ऐसा मुद्दा था जिस पर चर्चा होनी बाकी थी। चौबे सहित आईओए कार्यकारी परिषद के 12 सदस्यों (15 में से) ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति की पुष्टि करने से इनकार कर दिया था। उषा ने कहा मेरे संज्ञान में लाया गया है कि कल्याण चौबे ने आईओए के कार्यवाहक सीईओ के रूप में एसजीएम के लिए आधिकारिक आईओए स्टेशनरी का उपयोग करते हुए एजेंडा जारी किया है।

# नीतिश ने हरफनमौला प्रदर्शन का श्रेय गौतम गंभीर को दिया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी20 में भारत की 86 रन से जीत में बल्ले और गेंद से योगदान देने वाले हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी ने इसका श्रेय मुख्य कोच गौतम गंभीर को देते हुए कहा कि उनका लक्ष्य बांग्लादेशी स्पिनरों को निशाना बनाना था।

पिछली बार जब दोनों टीमों का मुकाबला यहां हुआ था तब भारत को बांग्लादेश ने हराया था। दूसरे टी-20 में भी पावरप्ले में भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज आउट हो गए थे लेकिन रेड्डी और रिंकू सिंह ने टीम को जीत तक पहुंचाया। दोनों ने चौथे विकेट के लिये 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी की । रेड्डी ने 74 रन बनाए। रेड्डी ने वीडियो में कहा हम आपस में यही बात कर रहे थे कि कोई दबाव नहीं लेना है । हमने स्पिनरों को निशाना बनाने का लक्ष्य रखा था। ईमानदार से कहूं तो इसका श्रेय गौतम सर को जाता है। उन्होंने काफी आत्मविश्वास दिया। उन्होंने मुझे कहा कि अपनी गेंदबाजी पर भरोसा रखो। गेंदबाजी करते समय गेंदबाज की तरह सोचो, ऐसे बल्लेबाज की तरह नहीं जो गेंदबाजी कर सकता है।

# भारत दौरे पर अपने तरीके से टीम को तैयार करेंगे लाथम

वेलिंगटन, एजेंसी

- 16 से भारत में शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की शृंखला में कप्तान होंगे टॉम

न्यूजीलैंड के नए टेस्ट कप्तान टॉम लाथम ने कहा कि वह कार्यवाहक से पूर्णकालिक कप्तान बनने को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि इससे भारत दौरे के लिये अपने तरीके से टीम तैयार कर सकेंगे। पिछले नौ मैचों में न्यूजीलैंड के कप्तान रहे लाथम को पिछले सप्ताह टिम साउदी के कप्तानी छोड़ने के बाद पूर्णकालिक कप्तान बनाया गया है।

वह 16 अक्टूबर से भारत में शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की शृंखला में टीम के कप्तान होंगे। 32 वर्ष के लाथम ने कहा पूर्ण कालिक कप्तान बनना खास अहसास है। वह बहुत सम्मान की बात है। मैं पहले कार्यवाहक कप्तान रह चुका हूं लेकिन अब हालात अलग है। अब मैं अपने तरीके से कुछ चीजें कर सकता हूं। एक टेस्ट टीम के तौर पर हमने अतीत में अच्छा प्रदर्शन किया है। हम कीवी मार्का क्रिकेट खेलने में कामयाब रहे हैं। यह शानदार टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी दोनों हैं। आने वाला समय रोमांचक और चुनौतीपूर्ण होगा।

भारत के खिलाफ शृंखला के मैच बेंगलुरू, पुणे और मुंबई में खेले जाएंगे। गैरी स्टीड न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच होंगे जबकि ल्यूक रोंची बल्लेबाजी और जैकब ओरम गेंदबाजी कोच होंगे। श्रीलंका के रंगाना हेराथ स्पिन कोच होंगे।

## खेल डायरी

### पीकेएल : जयपुर पिंक पैंथर के कप्तान नियुक्त देशवाल

**जयपुर।** जयपुर पिंक पैंथर ने स्टार रैडर अर्जुन देशवाल को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें सीजन के लिए कप्तान बनाने की घोषणा की है। देशवाल ने आठवें सीजन में पिंक पैंथर में शामिल हुए थे। अर्जुन जल्द ही प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय हो गए। उन्होंने अपने प्रदर्शन ने टीम को सीजन नौ में ट्रॉफी जीतने और सीजन दस में सेमीफाइनलिस्ट बनने में मदद की। अर्जुन ने कप्तान ने टीम का कप्तान बनाये जाने पर कहा मैं पीकेएल में एक और सीजन का इंतजार कर रहा हूं, टीम कड़ी मेहनत कर रही है और मैं इस टीम को आगे ले जाने के लिए उत्सुक हूं और उम्मीद है कि इस बार मैं जयपुर पिंक पैंथर्स को उनके तीसरे सिल्वरवेयर तक ले जाने में मदद कर सकूंगा। पिंक पैंथर का इस सीजन में पहला मुकाबला 20 को होगा।

### ग्रीस फुटबॉलर बाल्डॉक स्विमिंग पूल में मृत मिले

**ग्लाइफाडा (ग्रीस)।** इंग्लैंड में जन्मे ग्रीस के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी जॉर्ज बाल्डॉक दक्षिणी एथेंस के ग्लिफाडा में अपने घर के स्विमिंग पूल में मृत पाए गए है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पुलिस ने बुधवार को घटनास्थल पर 31 वर्षीय बाल्डॉक को होश में लाने का प्रयास किया लेकिन उसे होश में नहीं लाया जा सका और चिकित्सा आपातकालीन इकाइयों ने खिलाड़ी की मौत की पुष्टि की। पुलिस ने कहा कि मौत का कारण अज्ञात है। बाल्डॉक सात साल तक ब्लेड्स में रहने के बाद गर्मियों में ग्रीस के पैनाथिनाइकोस क्लब में शामिल हुए थे।

### विस्ट्रॉन लेडीज ओपन में दीक्षा की निराशाजनक शुरुआत

**ताओयुआन (चीनी ताइपे)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने ताइवान एलपीजीए टूर पर विस्ट्रॉन लेडीज ओपन टूर्नामेंट के पहले दौर में छह ओवर 78 का कार्ड खेलकर निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे वह संयुक्त 97वें स्थान पर बनी हुई हैं। वहीं स्विट्जरलैंड की खिलाड़ी चियारा टम्बुरलिनी और चोनलाडा चायनुन ने छह अंडर पार से संयुक्त पहले स्थान पर बनी हुई हैं। दीक्षा ने दसवें होल पर शुरुआत बोगी से की और फिर 18वें होल पर डबल बोगी कर गई। उन्होंने तीसरे होल पर दिन की एकमात्र बर्डी लगाने के बाद चौथे होल पर ट्रिपल बोगी और आठवें होल पर बोगी कर दी। इस तरह उनका कुल स्कोर छह ओवर रहा। दीक्षा अब कट में जगह बनाने से चूक सकती हैं।

### हीरो महिला इंडिया ओपन में दीक्षा करेंगी अगुवाई

**नई दिल्ली।** अनुभवी दीक्षा डागर इस महीने होने वाले हीरो महिला इंडिया ओपन 2024 में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी जबकि लेडीज यूरोपीय टूर आर्डर आफ मेरिट में शीर्ष पर काबिज स्विटरजलैंड की चियारा ताम्बुरलिनी खिताब के प्रबल दावेदारों में होंगी। यह टूर्नामेंट 24 से 27 अक्टूबर तक गुरूग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब पर खेला जाएगा। इसमें कुल ईनामी राशि चार लाख डॉलर होगी। पिछले साल तीसरे स्थान पर रही दीक्षा के अलावा आठवें स्थान पर रही गौरिका बिश्नोई प्रमुख भारतीय खिलाड़ियों में हैं। आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार तीन पूर्व चैंपियन क्रिस्टीन वोल्फ (2019), कामिले चेवालियर (2017) और कैरोलिन हेडवाल भी इसमें भाग लेंगी।

### भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई टेबल टेनिस में कांस्य जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में चल रही एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चीनी ताइपे से 0-3 से हार गई जिससे उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला टीम ने बुधवार को इसी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था जो 1972 से शुरू हुई इस चैम्पियनशिप के इस वर्ग में देश का पहला पदक है। विश्व रैंकिंग में 42वें नंबर पर काबिज दिग्गज अचंता शरत कमल को दुनिया के सातवें नंबर के प्रतिद्वंद्वी लिन युन जू से कड़ी चुनौती मिली और वह 11-7, 12-10, 11-9 से पराजित हो गए। इसके बाद मानव ठक्कर को दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी काओ चेंग-जुई से शिकस्त झेलनी पड़ी। चीनी ताइपे के इस खिलाड़ी ने ठक्कर को 11-9, 8-11, 11-3, 13-11 से हरा दिया। भारतीय टीम 0-2 से पिछड़ रही थी। तीसरे मैच में हरमीत देसाई को भी निराशा का सामना करना पड़ा जो हुआंग यान-चेंग से 6-11, 9-11, 7-11 से हार गए। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने कहा हार के बावजूद भारतीय पुरुष टीम गर्व महसूस कर सकती है क्योंकि इस प्रतिष्ठित एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है।

# नडाल के साथ विदा होगा एक युग

## अगले महीने डेविस कप फाइनल्स के बाद टेनिस से संन्यास लेंगे राफेल नडाल

मैड्रिड, एजेंसी

22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने गुरुवार को घोषणा की कि वह अगले महीने होने वाले डेविस कप फाइनल्स के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे। 38 वर्ष के नडाल से अधिक ग्रैंडस्लैम पुरूष वर्ग में नोवाक जोकोविच (24) ने जीते हैं जबकि रोजर फेडरर 20 बार विजेता रहे हैं। तीनों टेनिस के बिग थ्री कहे जाते रहे हैं।

स्पेन के नडाल ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। उन्होंने संकेत दिया कि उन्होंने यह फैसला लगातार चोटों के कारण लिया है। नडाल ने कहा मैने जो कुछ भी अनुभव किया है, वह सपना सच होने जैसा है। मैं इस इत्मीनान के साथ जाऊंगा कि मैने अपनी ओर से पूरा प्रयास किया और सर्वश्रेष्ठ दिया। हकीकत यह है कि पिछले कुछ साल काफी कठिन रहे, खासकर पिछले दो साल। यह कठिन फैसला था जिसे लेने में मुझे कुछ समय लगा, लेकिन जीवन में हर चीज की एक शुरूआत और एक अंत होता है। लाल बजरी के बादशाह कहे जाने वाले नडाल ने लाल कोर्ट पर रिकॉर्ड 14 फ्रेंच ओपन खिताब जीते। रोलां गैरो कोर्ट के प्रवेश द्वार पर नडाल की प्रतिमा इसकी गवाह है कि उन्होंने इस पर अपने प्रदर्शन की छाप किस कदर छोड़ी है।

नडाल ने चार बार अमेरिकी ओपन और दो-दो बार विंबलडन और ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता है। उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2022 ऑस्ट्रेलियाई ओपन जनवरी में और जून में फ्रेंच ओपन जीता था। फेडरर ने 2022 सत्र के आखिर में 41 वर्ष की उम्र में संन्यास का ऐलान किया था। नडाल ने फेडरर और जोकोविच के खिलाफ खेलते हुए तस्वीरों के बीच कहा मैं समूचे टेनिस जगत और खेल से जुड़े हर व्यक्ति खासकर अपने पुराने प्रतिद्वंद्वियों को धन्यवाद देना चाहता हूं। डेविस कप के जरिये विदा लेने को लेकर वह काफी रोमांचित है। डेविस कप फाइनल्स स्पेन के मालागा में 19 नवंबर से खेला जाएगा। नडाल ने पेरिस ओलंपिक के बाद से नहीं खेला है जिसमें वह एकल वर्ग में जोकोविच से हार गए थे। मुझे लगता है कि यह उस कैरियर पर विराम लगाने का सही समय है जो इतना लंबा रहा और मैने जितना सोचा था, उससे ज्यादा सफल भी।



### फ्रेंच ओपन के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे रिचर्ड गास्केट

**पेरिस।** फ्रांस के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रिचर्ड गास्केट ने गुरुवार को कहा कि वह अगले साल होने वाले फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास ले लेंगे। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी को अपने एक हाथ से लगाए गए बैकहैंड के लिए जाना जाता है लेकिन वह अभी तक अपने करियर में कोई ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीत पाए हैं। गास्केट ने कहा मैं अगले साल फ्रेंच ओपन के बाद खेलना बंद कर दूंगा। मेरा मानना है कि यह मेरे लिए टेनिस से संन्यास लेने का सबसे उपयुक्त समय होगा। संन्यास लेने के लिए यह सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंट है। फ्रांस का खिलाड़ी होने के कारण हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें इस अविश्वसनीय टूर्नामेंट में संन्यास लेने का मौका मिलता है। खेल को अलविदा कहना आसान नहीं होता है जैसा कि सभी पूर्व खिलाड़ी कहा करते थे। आप नहीं जानते कि आपके करियर का कब और कहां अंत होगा।

# सिनर शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में, गॉफ वुहान ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**शंघाई।** इटली के शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर ने गुरुवार को यहां शंघाई मास्टर्स में पांचवीं रैंकिंग के दानिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



सिनर का यह सत्र का पांचवां एटीपी मास्टर्स सेमीफाइनल है। सिनर ने सिर्फ एक ब्रेक प्वाइंट का सामना किया और रूसी खिलाड़ी को 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। अब उनका सामना दूसरे रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और टॉमस मचाक के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। वहीं वुहान ओपन में कोको गॉफ ने एक घंटे से ज्यादा चले मुकाबले में 17वीं रैंकिंग की मार्टा कास्तयुक को 6-4, 6-1 से शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। गॉफ का सामना 45वीं रैंकिंग की माग्डा लिनेटे से होगा जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त दारिया कसातकिना को 6-2, 6-3 से हराया। तीसरी रैंकिंग जेसिका पेगुला को 51वीं रैंकिंग की वांग जिन्यु से 3-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। हेली बापटिस्टे को इकेटरीना एलेक्सांद्रोवा ने 6-1, 6-1 से पराजित किया। पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने लेला फर्नांडिज को 5-7, 6-3, 6-0 से और छठी रैंकिंग की जैस्मिन पाओलिनी ने एरिका आंद्रीवा को 6-3, 6-2 से शिकस्त दी।

# स्मृति और मैं पूर्व निर्धारित योजना के साथ नहीं उतरते : शेफाली वर्मा

**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि वह और उनकी सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना किसी विशेष प्रकार की गेंदबाजी के लिए मैदान पर पूर्व निर्धारित योजना के साथ मैच में नहीं उतरतीं जिससे उन्हें सफलता हासिल करने में मदद मिली है।

इन दोनों ने बुधवार को श्रीलंका पर भारत की 82 रन की शानदार जीत के दौरान 98 रन की साझेदारी की। मंधाना ने 50 रन की अपनी पारी के दौरान स्पिनरों को निशाना बनाया क्योंकि पहले वह आमतौर पर स्पिनरों को खेलने के लिए शेफाली पर निर्भर रहती थी। शेफाली ने मैच के बाद कहा जैसा कि आपने कहा कि हमारा संयोजन बहुत अच्छा है। अब हम पहले से तय नहीं रहते। जो भी उस दिन गेंद से बल्ला अच्छी तरह कनेक्ट कर रहा होता है तो हम उसे ज्यादा गेंद खेलने देते हैं। अभी वह स्पिनरों को बहुत अच्छी तरह से हिट कर रही है।

### पिता के निधन के कारण पाकिस्तान लौटेगी की फातिमा

**दुबई।** पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मैच में नहीं खेल पाएगी क्योंकि वह अपने पिता के निधन के कारण स्वदेश लौट रही हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि वह फातिमा की जल्द से जल्द स्वदेश लौटने की व्यवस्था कर रहा है। उनके पिता का गुरुवार की सुबह निधन हो गया था। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले मैच में नहीं खेल पाएगी। उनकी अनुपस्थिति में उप कप्तान मुनीबा अली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम की अगुवाई करेगी। 22 वर्षीय फातिमा ने टूर्नामेंट में अभी तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

# इंग्लैंड के 823 रन, बुक का तिहरा शतक

मुल्तान, एजेंसी

- टेस्ट क्रिकेट का 2553वां मैच रिकॉर्ड बुक में हुआ दर्ज
- 1997 में भारत के खिलाफ श्रीलंका ने बनाए थे 952 रन

टेस्ट क्रिकेट का 2553वां मैच रिकॉर्ड बुक में हमेशा अपना विशेष स्थान बनाए रखेगा क्योंकि इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ यहां खेले जा रहे मैच में अपनी पहली पारी सात विकेट पर 823 रन बनाकर समाप्त घोषित करके कुछ नए रिकॉर्ड बनाए।

यह टेस्ट क्रिकेट में केवल चौथा अवसर है जबकि किसी टीम में 800 से अधिक रन बनाए। यह टेस्ट क्रिकेट में चौथा बड़ा स्कोर भी है। रिकार्ड श्रीलंका के नाम पर है जिसने 1997 में भारत के खिलाफ छह विकेट पर 952 रन बना कर अपनी पारी समाप्त घोषित की थी। श्रीलंका ने तब टेस्ट क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर के इंग्लैंड के रिकॉर्ड को तोड़ा था जिसने 1938 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पारी सात विकेट पर 903 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। इंग्लैंड ने इससे पहले 1930 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 849 रन बनाए थे। जो रूट ने 262 रन बनाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। इस दौरान वह इंग्लैंड की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने एलिस्टेयर कुक को पीछे छोड़ा। वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, जाक कैलिस और राहुल द्रविड़ के बाद पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। हैरी ब्रूक ने 317 रन की बड़ी पारी खेली जो टेस्ट क्रिकेट में किसी एक पारी में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर की सूची में संयुक्त रूप से 20वें नंबर पर है। वह टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले इंग्लैंड के छठे बल्लेबाज बन हैं। यह 1990 में ग्राहम गूच के भारत के खिलाफ लगाए गए तिहरे शतक के बाद पहला अवसर है जबकि इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज ने यह उपलब्धि हासिल की।




‹‹ पाकिस्तान के खिलाफ विकेट लेने क बाद जश्न मनातीं इंग्लैंड की टीम। ● एजेंसी

## बॉलीवुड हलचल

### भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने बनाया रिकॉर्ड, 24 घंटे में 155 मिलियन व्यूज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फ़िल्म भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने रिकॉर्ड बना दिया है और 24 घंटे में 155 मिलियन से ज्यादा व्यूज हासिल कर लिए हैं। भूल भुलैया 3 का ट्रेलर अब रिलीज हो गया है और यह हर जगह पसंद किया जा रहा है। फिल्म की टीम ने राज मंदिर सिनेमा जयपुर में ट्रेलर के साथ प्रमोशनल कैंपेन की शुरुआत की, जिसके चलते फिल्म को लेकर चर्चा जोरों पर है। ट्रेलर ने सिर्फ 24 घंटे में 155 मिलियन व्यूज हासिल कर लिए हैं, जो इसे सबसे ज्यादा देखा जाने वाला ट्रेलर बनाता है। इसे हर तरफ से काफी तारीफ मिल रही है और यह अब तक का सबसे ज्यादा देखा गया ट्रेलर बन गया है, जिसने सिर्फ 24 घंटे में 155 मिलियन से ज्यादा व्यूज हासिल किए है। कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी नज़र आएंगी। इसे अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है और भूषण कुमार ने इसे प्रोड्यूस किया है। 1 नवंबर को ग्रैंड रिलीज में लिए तैयार है।





### 70 बरस की हुई अभिनेत्री रेखा, 1966 में आई थी पहली फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रेखा आज 70 वर्ष की हो गई। 10 अक्टूबर 1954 को मद्रास में जन्मीं रेखा (मूल नाम भानुरेखा गणेशन) को अभिनय की कला विरासत में मिली।रेखा के पिता जैमिनी गणेशन अभिनेता और मां पुष्पावली जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री थीं। घर में फिल्मी माहौल से रेखा का रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगीं। रेखा ने अपने करियर की शुरूआत बाल कलाकार के रुप में वर्ष 1966 में प्रदर्शित तेलुगु फिल्म रंगुला रतनम से की। रेखा ने अभिनेत्री के रूप में अपने करियर की शुरूआत कन्नड़ फिल्म गोदाली सी .आई .डी 999 से की। फिल्म में उनके नायक की भूमिका सुपरस्टार डा .राजकुमार ने निभाई थी। हिंदी फिल्मों में रेखा ने अनजाना फिल्म से अपने अभिनय की शुरूआत की। अरसे बाद यह फिल्म दो शिकारी के नाम से प्रदर्शित हुई। फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई। बतौर अभिनेत्री के रुप में उनके सिने करियर की शुरूआत 1970 में प्रदर्शित फिल्म सावन भादो से हुई। फिल्म में उनके नायक की भूमिका नवीन निश्चल ने निभाई। वर्ष 1976 में प्रदर्शित फिल्म दो अनजाने उनके करियर की महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुयी। सही मायनों में अभिनेत्री के रूप में उनकी यह पहली फिल्म थी। इस फिल्म में पहली बार उन्हें अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का मौका मिला। वर्ष 1978 में प्रदर्शित फिल्म घर रेखा के सिने करियर के लिये अहम फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिये वह पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित की गईं।

### रतन टाटा ने अमिताभ को लेकर बनाई थी ऐतबार

मुंबई। प्रसिद्ध उद्योगपति एवं टाटा संस के मानद अध्यक्ष पद्म विभूषण रतन एन टाटा ने महानायक अमिताभ बच्चन को लेकर फिल्म ऐतबार बनाई थी। भारत मे दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का बुधवार की रात निधन हो गया। वैसे तो उन्हें उद्योगपति के तौर पर जाना जाता है लेकिन रतन टाटा ने एक बॉलीवुड फिल्म को भी प्रोड्यूस किया था। रतन टाटा ने वर्ष 2004 में फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखा। उन्होंने टाटा इन्फोमीडिया के बैनर तले साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म ऐतबार बनाई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, जॉन अब्राहम, बिपाशा बासु और सुप्रिया पिलगांवकर की अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म का निर्देशन विक्रम भट्ट ने किया था। फिल्म ऐतबार वर्ष 1996 में प्रदर्शित अमेरिकन फिल्म फियर से प्रेरित थी। फिल्म ऐतबार में अमिताभ ने एक ऐसे प्रोटेक्टिव पिता का किरदार निभाया था, जो बेटी को उसके सनकी और खतरनाक बॉयफ्रेंड से बचाने के लिए किसी भी हद तक चला जाता है। यह फिल्म अपनी लागत भी वसूल नहीं कर पाई। रतन टाटा को काफी कसान हुआ था। इस फिल्म के बाद रतन टाटा ने अपनी जिंदगी में कभी कोई फिल्म नहीं बनाई। इस तरह ऐतबार रतन टाटा की बनाई गई पहली और आखिरी फिल्म साबित हुई।



# रणजी में यूपी आज बंगाल के खिलाफ शुरू करेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राजधानी में 18 साल के बाद दोनों टीमें होगी आमने-सामने

**अमृत विचार :** रणजी के रण में यूपी टीम शुक्रवार से अभियान की शुरुआत इकाना स्टेडियम में करेगी। इस बार पहले मुकाबले में उसके सामने पश्चिम बंगाल की टीम होगी। लखनऊ में 18 साल बाद यह दोनों टीमें एक-दूसरे के आमने-सामने होगी।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 18 वर्ष पूर्व इस टीम को फाइनल में हरा कर यूपी टीम चैंपियन बनी थी। इस मुकाबले के लिए यूपी टीम ने पिछले दस दिनों से इकाना स्टेडियम में अभ्यास कर रही थी। उधर, पश्चिम बंगाल टीम भी इस सत्र में जीत से आगाज करना चाहेगा। पिछले सत्र में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। मुकाबले से एक दिन पूर्व भी दोनों टीमों ने आज इकाना स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने इस बार यूपी टीम की कमान विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन जुयाल को सौंपी हैं। आर्यन ने पिछले रणजी सत्र में सबसे अधिक रन बनाये थे।

### टीमें इस प्रकार हैं


**उत्तर प्रदेश :** आर्यन जुयाल (कप्तान), आदित्य शर्मा, आकिब खान, स्वास्तिक चिकारा, प्रियम गर्ग, माधव कौशिक, कृतज्ञ सिंह, अक्षदीप नाथ, विप्रज निगम, अंकित राजपूत, नीतिश राना, सौरभ कुमार, शिवम शर्मा, सिद्धार्थ यादव, विजय कुमार, यश दयाल।

**पश्चिम बंगाल :** ए. मजूमदार (कप्तान), अभिषेक पोरेल, आकाश दीप, सुदीप चटर्जी, डब्ल्यू. चटर्जी, अभिमन्यु ईश्वरन, आमिर गनी, सुदीप कुमार घरामी, एवलिन घोष, सूरज सिंधु जायसवाल, मोहम्मद कैफ, मुकेश कुमार, प्रदीपता प्रमनिक, रिषव विवेक, रोहित कुमार, रिद्धिमान साहा, शाहबाज अहमद, शुवम डे, युद्धजीत।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# मोदी ने रामायण का लाओ संस्करण देखा, बौद्ध भिक्षुओं से लिया आशीर्वाद

## आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लाओस पहुंचे प्रधानमंत्री, आध्यात्मिक गुरुओं से मिले


लाओस में बौद्ध भिक्षुओं को नमन करते प्रधानमंत्री मोदी।

**विएंतियान, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को रामायण के लाओ संस्करण की प्रस्तुति देखी, जो भारत और लाओस के बीच साझा विरासत एवं सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लाओस की राजधानी में हैं।

विएंतियान पहुंचने के बाद उन्होंने लाओ रामायण फलक फालम या फ्रलक फ्रराम की एक कड़ी का मंचन देखा, जिसे प्रतिष्ठित रॉयल थिएटर ऑफ लुआंग प्रबांग के कलाकारों ने प्रस्तुत किया। फ्रलकफ्रराम डॉट कॉम के मुताबिक, लाओ रामायण मूल भारतीय संस्करण से अलग है। बौद्ध समूहों के माध्यम से यह 16वीं शताब्दी के आसपास लाओस पहुंचा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि साझा विरासत और परंपरा दोनों देशों को करीब ला रही है... यह प्रस्तुति भारत-लाओस के समृद्ध और साझा जुड़ाव का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन थी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि लाओस में आज भी रामायण का मंचन किया जाता है और यह महाकाव्य दोनों देशों के बीच साझा विरासत और सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों को दर्शाता है। लाओस में सदियों से भारतीय संस्कृति और परंपरा के विभिन्न पहलुओं का पालन एवं संरक्षण किया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि दोनों देश अपनी साझा विरासत को रोशन करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। इससे पहले, मोदी ने लाओ पीडीआर के केंद्रीय बौद्ध फेलोशिप संगठन के वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं के आशीर्वाद समारोह में हिस्सा लिया।


रामायण फलक फालम की एक कड़ी का मंचन देखते प्रधानमंत्री।

### क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने पर चर्चा की

**वियतनाम।** आसियान और एआईपीए के सदस्य देशों के नेताओं ने आसियान समुदाय के भीतर जुड़ाव और लचीलेपन को मजबूत करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बैठक की। लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्से शिफानडोन ने आसियान के भीतर वर्तमान विकास की रूपरेखा तैयार की, जिसमें आसियान समुदाय विजन 2025 को लागू करने में प्रगति और अध्यक्षता के तहत वर्ष 2024 के लिए आसियान प्राथमिकताओं की पूर्ति पर प्रकाश डाला गया।

## एक नजर

### पूर्व सांसद मोहिबुर रहमान न्यायिक हिरासत में

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व सांसद मोहिबुर रहमान माणिक को अगले सोमवार को उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई होने तक गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, माणिक को सुनामगंज के न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मद आलमगीर की अदालत में पेश किया गया जहां उन्हें सुनामगंज जिला जेल में स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया। पूर्व सांसद को मंगलवार रात ढाका के बशुंधरा आवासीय क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। ।

### ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज के प्रस्ताव को किया खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अक्टूबर के अंत में राष्ट्रपति पद के लिए बहस की मेजबानी करने के फॉक्स न्यूज के प्रस्ताव को खारिज किया और दावा किया कि तत्कालीन डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडन और वर्तमान डेमोक्रेटिक उम्मीदवार उम्मीदवार कमला हैरिस के खिलाफ पिछली दो जीत के बाद बहस करने के लिए कुछ भी नहीं बचा है। ट्रम्प ने बुधवार को ट्रुथ सोशल के माध्यम से कहा, मैंने पिछली दो बहसें जीतीं... प्रक्रिया में बहुत देर हो चुकी है, मतदान पहले ही शुरू हो चुका है और यह दोबारा नहीं होगा।

### सीमा अवरुद्ध करने पर द. कोरिया ने की निंदा की

**सोल।** दक्षिण कोरियाई एकीकरण मंत्रालय ने उत्तर कोरिया की ओर से सीमावर्ती राज्य के साथ सभी सड़क और रेल संपर्क काटने के निर्णय की गुरुवार को कड़ी निंदा की। दक्षिण कोरिया ने इसे एकीकरण विरोधी कृत्य बताया है। योनहाप समाचार एजेंसी ने मंत्रालय के हवाले से कहा हम उत्तर कोरिया के इस कदम की कड़ी निंदा करते हैं, क्योंकि यह एकीकरण विरोधी और राष्ट्र विरोधी कृत्य है, जो उत्तर कोरिया में हमारे लोगों और निवासियों की एकीकरण की आकांक्षा को नकारता है। उत्तर कोरियाई जनरल स्टाफ ने बुधवार को कहा है कि उनका इरादा दक्षिण कोरिया के साथ अपने क्षेत्र को जोड़ने वाले सभी राजमार्गों और रेलमार्गों को अवरुद्ध और बंद करने का है और क्षेत्र में अपने रक्षात्मक ढांचे को मजबूत करना है।

### पाकिस्तान में विस्फोट तीन पुलिसकर्मी घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को एक बम विस्फोट में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बाजौर पुलिस के सूत्रों के हवाले से बताया कि यह घटना प्रांत के बाजौर जिले में हुई जब नियमित गश्त के दौरान पुलिस के वाहन के पास सड़क किनारे एक बम विस्फोट हुआ। बम हमले के निशाने पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच चल रही है। घटना के बाद, सुरक्षा बल और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को जिले के नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और आतंकवादी हमले के अपराधियों को पकड़ने के लिए आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

# स्कूल पर हवाई हमला, 28 की मौत

## मध्य गाजा पट्टी में गई महिलाओं और बच्चों की जान, इजराइल ने कहा- आतंकवाद का केंद्र था स्कूल

**काहिरा, एजेंसी**

मध्य गाजा पट्टी में विस्थापित व्यक्तियों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर गुरुवार अपराह्न इजराइली हवाई हमले में कम से कम 28 फिलिस्तीनी मारे गये और 54 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उसकी टीमों ने दीर अल-बलाह शहर में पीआरसीएस मुख्यालय के पास स्थित राफिदा स्कूल को इजराइली सेना द्वारा निशाना बनाये जाने के बाद हताहतों की मदद की।

चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि एम्बुलेंस कर्मियों और नागरिक सुरक्षा तंत्र ने बच्चों और महिलाओं सहित कई लोगों के शव बरामद किये, जिनमें से कुछ के शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गये थे। इस बीच, इजराइली सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उसने दीर अल-बलाह में राफिदा स्कूल के परिसर में एक कमांड और नियंत्रण केंद्र के अंदर आतंकवादियों को निशाना बनाकर सटीक हमला किया। सेना ने बताया कि इस केंद्र का इस्तेमाल इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के सैनिकों और इजरायल के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए किया गया था। उसने हमास पर नागरिक आबादी के भीतर से काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के जोखिम को कम करने के लिए कई कदम उठाये गये, जिसमें गोला-बारूद का सटीक उपयोग, हवाई निगरानी और अतिरिक्त खुफिया जानकारी (हमले से पहले) शामिल हैं। गाजा में संघर्ष सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायल पर हमास के हमले के कारण शुरू हुआ, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गये और लगभग 250 बंधक बनाये गये थे। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, हमास के हमले के जवाब में गाजा में चल रहे इजराइली सैन्य अभियानों में 42,065 लोगों की मौत हुई है और 97,886 अन्य घायल हुए हैं।


स्कूल की ध्वस्त हुई बिल्डिंग से बाहर भागते बच्चे व अन्य लोग।

### इजराइल पर 360 गोले दागे

**यरूशलम।** इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने इजराइल की ओर 360 गोले दागे, जिनमें से लगभग 220 इजराइली क्षेत्र में पहुंचे। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, 9 अक्टूबर 23 :00 बजे तक, हिजबुल्ला आतंकवादी संगठन ने लेबनान से इजराइली क्षेत्र की ओर 360 गोले दागे, जिनमें से लगभग 220 गोले इजराइल में प्रवेश कर गए। इसने कहा कि वह इजरायल और उसके लोगों की रक्षा करता रहेगा।

### तुर्किये की नौसेना ने बेरूत से अपने नागरिकों को निकालना शुरू किया

**बेरूत।** इजराइल और हिजबुल्ला के बीच जारी संघर्ष के कारण तुर्किये ने अपने नागरिक को वहां से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए नौसेना का जहाज भेजा और बुधवार देर रात तुर्की के 2,000 से अधिक नागरिक और कुछ विदेशी लोग इस पर सवार हुए। तुर्की के दक्षिण-पूर्वी शहर मार्डिन की निवासी जेहरा सिब्बिन अन्य शरणार्थियों के साथ बस से उतरीं। उनके साथ उनके दो बच्चे थे और उनके हाथ में सामान था। वह अपने लेबनानी पति के साथ बेरूत में रहती हैं। सिब्बिन (46) ने कहा, इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने हमारे घर के नीचे वाली गली में बमबारी की। उस पल तो मुझे लगा कि सब कुछ खत्म हो गया।मैंने कहा कि मैं अब बेरूत में नहीं रहना चाहती।

### दक्षिणी लेबनान के असैन्य सुरक्षा केंद्र पर पांच स्वास्थ्यकर्मियों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के दरदघया शहर में बुधवार को एक लेबनानी असैन्य सुरक्षा केंद्र पर इजराइली हवाई हमले में वहां कार्यरत पांच स्वास्थ्यकर्मी मारे गए। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता एली खैरल्ला ने यह जानकारी दी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी एक बयान में इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि इजराइल ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों, मानदंडों और मानवीय समझौतों की अवहेलना करते हुए बुधवार की रात फिर से बचाव दल और एम्बुलेंस कर्मचारियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। खैरल्ला ने बताया कि पीड़ितों में लेबनानी असैन्य सुरक्षा केंद्र में 'टायर रिजनल सेंटर' के प्रमुख अब्दुल्ला अल-मौसावी भी शामिल हैं।

# अमेरिका से लेकर ब्रिटेन तक टाटा को श्रद्धांजलि


- लंदन में इंडिया आल पार्टी पार्लियामेंटरी ग्रुप ने किया याद

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने जानेमाने उद्योगपति रतन टाटा के 86 वर्ष की आयु में निधन की मुंबई से सूचना आने पर उनकी स्मृति में कुछ पल का मौन रखा। बुधवार को लंदन में संसद भवन के पास भारतीय उच्चायोग और इंडिया आल पार्टी पार्लियामेंटरी ग्रुप (एपीपीजी) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित पूर्व-निर्धारित दिवाली कार्यक्रम के दौरान, दोरईस्वामी ने टाटा समूह के अध्यक्ष को भारत-ब्रिटेन साझेदारी का महान समर्थक बताते हुए श्रद्धांजलि दी।

सांसदों, उद्यमियों और समुदाय के नेताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए दोराईस्वामी ने कहा मैं बहुत दुख के साथ भारत के जानेमाने उद्योगपतियों में से एक रतन टाटा के निधन की खबर साझा कर रहा हूं। उनके लिए मुंबई/भारत और लंदन/ब्रिटेन दोनों ही घर थे।

उन्होंने भारत-ब्रिटेन साझेदारी की भावना को हर चीज में समाहित किया - एयर इंडिया से लेकर, जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) से ताज होटल से लेकर टाटा स्टील तक वास्तव में हर चीज में, जिसमें ब्रिटेन में एक बैटरी कारखाने में निवेश का उनका निर्णय भी शामिल है।



### गूगल के सीईओ सुंदर पिचई बोले- प्रेरणादायक था दृष्टिकोण

**वाशिगटन।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, रतन टाटा के साथ गूगल में मेरी आखिरी मुलाकात में हमने वेमो की प्रगति के बारे में बात की और उनका दृष्टिकोण प्रेरणादायक था। वह एक असाधारण व्यवसाय और परोपकारी विरासत छोड़ गए हैं। उन्होंने भारत में आधुनिक व्यावसायिक नेतृत्व को मार्गदर्शन प्रदान करने और विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा भारत के अद्वितीय और महान पुत्र, कुलीनता और उदारता के प्रतीक थे।

## ताइवान ने चीन की धमकियों के बीच मनाया अपना राष्ट्रीय दिवस

**ताइपे।** ताइवान ने चीन से मिलने वाली धमकियों के बीच गुरुवार को अपना राष्ट्रीय दिवस मनाया। चीन स्वशासित द्वीपीय गणराज्य को अपना क्षेत्र बताकर उस पर दावा करता रहा है। यह उत्सव चीन गणराज्य की स्थापना का प्रतीक है, जिसने 1911 में छिंग राजवंश को उखाड़ फेंका था। 1949 में गृह युद्ध के बाद माओत्से तुंग के कम्युनिस्टों ने मुख्य भूमि पर कब्जा जमा लिया था। 1980 और 1990 के दशक में पूर्ण लोकतंत्र को अपनाने तक ताइवान में मार्शल लॉ लागू था, लेकिन वहां चीन से लाया गया मूल संविधान और चीनी गणराज्य का ध्वज भी कायम था। राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के आठ साल के शासन को जारी रखते हुए मई में पदभार संभाला। यह पार्टी ताइवान को चीन का हिस्सा मानने से इनकार करती है।

# समर्थन जुटाने ब्रिटेन और नाटो नेताओं से मिल रहे जेलेंस्की

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और नाटो महासचिव से करेंगे मुलाकात

**लंदन, एजेंसी**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के खिलाफ युद्ध के लिए अपनी शांति योजना पर ब्रिटेन और नाटो के नेताओं के साथ बातचीत के लिए गुरुवार को लंदन पहुंचे। जेलेंस्की ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीअर स्टॉर्मर और नाटो महासचिव मार्क रूते से मुलाकात करेंगे। उसके बाद वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलने के लिए पेरिस की यात्रा करेंगे।

जेलेंस्की ने कहा कि वह योजना पर चर्चा के लिए इस सप्ताह जर्मनी और इटली के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। जेलेंस्की को जर्मनी में पश्चिमी देशों के नेताओं और रक्षा मंत्रियों के साथ सप्ताहांत बैठक में अपनी योजना का खाका प्रस्तुत करना था लेकिन इस बैठक को स्थगित कर दिया गया क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फ्लोरिडा में तूफान 'मिल्टन' के दस्तक देने के बाद देश में ही रहने का हवाला दिया था। जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बैठक की तारीख जल्द ही फिर तय कर ली जाएगी।



## चीन में 30 करोड़ बुजुर्ग राष्ट्रपति बोले- देखभाल को प्राथमिकता दें

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुरुवार को अपनी पार्टी को देश में बुजुर्गों की तेजी से बढ़ती आबादी पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। चीन में बुजुर्गों की संख्या 30 करोड़ हो गई है, जिससे विवाह और जन्मदर में गिरावट के कारण जनसांख्यिकीय संकट बढ़ गया है। चीन की 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र की आबादी 2023 के अंत तक 30 करोड़ हो गई। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, अनुमान है कि यह 2035 तक 40 करोड़ से अधिक हो जाएगी और 2050 तक इसके 50 करोड़ पर पहुंच जाने की संभावना है। चीन में शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जाता है। शी ने बुजुर्ग लोगों को शुभकामनाएं देते हुए सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की समितियों और सभी स्तरों की सरकारों से बुजुर्गों से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

# मानवाधिकार परिषद के लिए 18 नए सदस्य देश चयनित

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 47 सदस्यीय मानवाधिकार परिषद के लिए 2025-2027 के कार्यकाल के लिए 18 नए सदस्य देशों का चुनाव किया है। संयुक्त राष्ट्र ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 18 देशों में बेनिन, बोलीविया, कोलंबिया, साइप्रस, चेकिया, कांगो, इथियोपिया, गाम्बिया, आइसलैंड, केन्या, मार्शल द्वीप, मैक्सिको, उत्तरी मैसेडोनिया, कतर, कोरिया गणराज्य, स्पेन, स्विट्जरलैंड और थाईलैंड शामिल हैं, जिन्हें मतदान द्वारा चुना गया है। इन सभी देशों को एक जनवरी, 2025 से तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए चयनित किया गया है और उन सदस्य देशों का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त होने वाला है। सभी निवर्तमान सदस्य देश अर्जेंटीना, बेनिन, कैमरून, इरीट्रिया, फिनलैंड, गाम्बिया, होंडुरास, भारत, कजाकिस्तान, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, मलेशिया, मोंटेनेग्रो, पैराग्वे, कतर, सोमालिया, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका तत्काल पुनः निर्वाचन के लिए पात्र हैं, उन देशों को छोड़कर जिन्होंने लगातार दो कार्यकाल पूरे किए है।

### संरा ने टॉम फ्लेचर को नया मानवीय प्रमुख नियुक्त किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने पूर्व ब्रिटिश राजनयिक टॉम फ्लेचर को विश्व निकाय का नया मानवीय प्रमुख नियुक्त किया। वर्तमान में ऑक्सफोर्ड के हर्टफोर्ड कॉलेज के प्रिंसिपल और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के कॉन्फ्रेंस ऑफ कॉलेजेज के उपाध्यक्ष फ्लेचर अपने ब्रिटिश साथी मार्टिन ग्रिफिथ्स का स्थान लेंगे।

## संरा के कई अधिकारी बांग्लादेश का करेंगे दौरा

**ढाका।** बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र के उच्च अधिकारियों की यात्रा जल्द होने वाली है, जिसमें मानवाधिकार उच्चायुक्त वॉल्कर टर्क भी शामिल हैं। यह यात्रा बांग्लादेश में मानवाधिकार की स्थिति पर चर्चा करने और सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। 'ढाका ट्रिब्यून' ने बांग्लादेश और अमेरिका के अधिकारियों के हवाले से बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा के दो मुख्य कारण बताए।पहला, नए अंतरिम प्रशासन की स्थापना और दूसरा बांग्लादेश की संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता का 50 वर्ष पूरा होना।श्री टर्क ने अगस्त में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस से मुलाकात की थी। न्यूयॉर्क की अपनी हालिया यात्रा के दौरान, प्रोफेसर यूनुस ने बांग्लादेश के खुशहाल और सफल भविष्य के लिए विदेशी सहयोगियों से सहायता मांगी थी।

# मरियम ने भारत से जलवायु कूटनीति का किया आह्वान

- दोनों देशों में प्रदूषण के कारण होने वाले स्मॉग के प्रभाव से निपटने की बात कही

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने दोनों देशों में प्रदूषण के कारण होने वाले स्मॉग के प्रभाव को कम करने के लिए भारत के साथ जलवायु कूटनीति का आह्वान किया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत और भारत के पंजाब राज्य के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम भारत के कई अन्य इलाकों में लोगों को हर साल अक्टूबर से फरवरी के महीनों के दौरान भारी वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ता है।

लाहौर और नयी दिल्ली नियमित रूप से इस मौसम में दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल होते हैं, जब किसान सर्दियों की फसल की तैयारी से पहले पराली जलाते हैं। मरियम ने बुधवार को जलवायु परिवर्तन 'लीडरशिप इंटर्नशिप' कार्यक्रम में कहा, भारत और पाकिस्तान दोनों को पंजाब को स्मॉग से निपटने के लिए संयुक्त प्रयास करने चाहिए।

### धुएं और कोहरे के संयोजन को कहते हैं स्मॉग

धुएं और कोहरे के संयोजन को स्मॉग उपनाम से जाना जाता है। यह एक विशिष्ट घटना है जो तब होती है जब कुछ प्रदूषणकारी सूक्ष्म कण ठंडी, नम हवा के साथ मिल जाते हैं और जमीन के करीब रह जाते हैं, जिससे दृश्यता कम हो जाती है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं।

## मुइज्जू ने आर्थिक सहायता के लिए भारत का जताया आभार

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत की आर्थिक सहायता एवं लगातार समर्थन के लिए गुरुवार को आभार जताया। पत्नी साजिदा मोहम्मद के साथ भारत की पांच दिन की राजकीय यात्रा समाप्त कर वापस लौटे राष्ट्रपति ने मालदीव को, विशेष तौर पर मुश्किल समय में, आर्थिक सहायता देने और लगातार समर्थन करने के लिए भारत के प्रति आभार जताया। पदभार ग्रहण करने के बाद मुइज्जू की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर यह पहली भारत यात्रा थी। यात्रा के दौरान, मुइज्जू ने राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं।


**खगोल विज्ञान** चट्टानी एक्सोप्लैनेट वातावरण का पता लगाने की विधि खोजी

# पृथ्वी जैसे जीवनयोग्य ग्रहों का पता लगाना होगा आसान

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने चट्टानी एक्सोप्लैनेट वातावरण का पता लगाने का एक नया तरीका खोज निकाला है। नई तकनीक से पृथ्वी जैसे जीवनयोग्य ग्रहों का पता लगाना आसान हो जाएगा। शिकागो विश्वविद्यालय के पीएचडी छात्र किआओ जू के नेतृत्व में नई विधि खोजी गई है। ज्ञात हो अब तक खोजे गए एक्सोप्लैनेट की कुल संख्या 5288 है।

उनमें से कई चट्टानी, पृथ्वी जैसे एक्सोप्लैनेट हैं लेकिन उनमें से किसी में भी वायुमंडल नहीं है। साथ ही अनेक गैसीय हैं। चट्टानी ग्रहों के वातावरण का पता लगाना बड़ा चुनौतीपूर्ण कार्य है । मगर शोधकर्ताओं की टीम का मानना है कि अब उन्हें नई सरल तकनीक मिल गई हैं। इसमें ग्रह के पीछे से गुजरने से ठीक पहले किसी तारे और एक्सोप्लैनेट के संयुक्त तापमान को मापा जा सकता श है। इस विधि से ग्रह के तापमान व वातावरण का आसानी से पता लगाया जा सकता है। नई तकनीक से सुदूर तारों के आसपास अन्य ग्रहों को खोजने से ब्रह्मांड में जीवन की संभावना के बारे में और अधिक समझने में मदद मिल सकती है। जिससे जीवनयोग्य ग्रह की जानकारी संभव हो सकेगी। आधुनिक खगोल विज्ञान में किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश सर्वाधिक रोमांचक चुनौती है। नई तकनीक की पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने 41 प्रकाश वर्ष दूर जी जे 1132 बी नामक ग्रह का अध्ययन किया। अध्ययन के बाद निष्कर्ष निकाला कि इस ग्रह ओर वायुमंडल नहीं है। ग्रह के तापमान की गणना के बाद नई तकनीक की पुष्टि हो सकी।


इस तरह से पता लगेगा किसी भी ग्रह के वातावरण के बारे में।

### अधूरी है जीवन की तलाश

किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश का सपना अभी तक साकार नही हो सका है। कई दशकों से खगोल वैज्ञानिक जीवन योग्य ग्रह की तलाश में जुटे हैं। कई ग्रहों पर सूक्ष्म जीवन की पुष्टि हुई है, लेकिन मानव जैसे बुद्धिमान जीवन की तलाश नही हो सकी है। वैज्ञानिकों को पूर्ण विश्वास है कि इतने विशाल में हम अकेले नही हो सकते।